रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 27 सितंबर 2023



# भरोसे की सरकार

## सेवा-जतन-सरोकार



छत्तीसगढ़ महतारी

### कदम-दर-कदम

- बिहान, बीसी सखी, गौठान, रीपा आदि से 34 लाख से अधिक महिलाओं को रोजगार
- दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव की गारमेंट फैक्टरी में रोजगार
- पंचायत राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण
- डीएमएफ नीति निर्माण में महिलाओं को ग्राम सभाओं में 50 फीसदी आरक्षण
- 9 हजार से अधिक आंगनवाड़ी में बालवाड़ी
- महिला समूहों का 13 करोड़ रुपए कर्ज माफ
- मितानिनों को पहली बार राज्य मद से 2200 रुपए प्रति माह
- सक्षम योजना में ऋण सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए
- राज्य महिला उद्यमिता नीति 2023-28 लागू
- छत्तीसगढ़ महिला कोष में 5 गुना वृद्धि
- बालिकाओं, महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के आरोपी शासकीय नौकरियों से प्रतिबंधित
- अभिव्यक्ति एप, हमर बेटी-हमर मान, महिला हेल्पलाइन 1091, महिला सेल
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की प्रोत्साहन राशि 15 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए
- शहरी स्वच्छता दीदियों / सामुदायिक संगठकों का मानदेय 20 प्रतिशत बढ़ा




# जीत रहे कुपोषण के खिलाफ जंग

**2.65** लाख से अधिक बच्चे कुपोषण मुक्त | **1.65** लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया मुक्त

**जनमन रिपोर्ट । रायपुर.** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कुपोषण को छत्तीसगढ़ की बुनियाद के लिए सबसे ज्यादा घातक मानते हुए कुपोषण के खिलाफ निर्णायक जंग की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सर्वे में पता चला कि प्रदेश के 4.33 लाख बच्चे कुपोषित हैं। युद्धस्तर पर उपाय किए गए जिससे 2.65 लाख से अधिक बच्चे कुपोषण मुक्त हो चुके हैं वहीं 1.65 लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया से मुक्त हुई हैं।

अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाया गया। पूरक पोषण आहार की व्यवस्था की गई। डीएमएफ, सीएसआर आदि मदों से अंडा, दूध, चिकी आदि अतिरिक्त पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराया गया। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाली सब्जियों, फलों व अन्य सामग्रियों को मैन्यू में शामिल किया गया। पोषण बाड़ियों का विकास किया गया। स्वाद और रुचि के अनुसार आहार की व्यवस्था की गई। गर्म भोजन के अलावा रेडी टू ईट टेक होम मील की व्यवस्था की गई। गंभीर कुपोषित बच्चों व महिलाओं के लिए चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई। इन सब प्रयासों के कारण कुपोषण के प्रकरणों में तेजी से गिरावट आई और यह उम्मीद जागी है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त किया जा सकता है।

### एनीमिया मुक्त अभियान में छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत ने बताया कि छत्तीसगढ़ एनीमिया दूर करने आईएफए सप्लीमेंटेशन में उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक जैसे कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए लगातार तीसरे स्थान पर काबिज़ है। प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में इस अभियान में खासी तेजी आई है।

*आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों जैसे सभी जुझारू साथियों की मेहनत से छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर राष्ट्रीय औसत से भी कम हो गई है, जो इस बात का सूचक है कि हमने न केवल आज की चुनौतियों से जंग जीती है, बल्कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ की मजबूत बुनियाद खड़ी कर दी है।*

**-भूपेश बघेल,** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

*मेरा बेटा जन्म से ही काफी कमजोर था। गंभीर रूप से कुपोषित था। कुछ भी खाने में उसे कोई रुचि नहीं थी। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बहुत फर्क आया। उसे आंगनवाड़ी में इतने अच्छे ढंग से पोषण आहार दिया गया कि भोजन के प्रति उसकी अरुचि समाप्त हो गई। वह स्वाद लेकर खाने लगा, जिससे उसकी सेहत में तेजी से सुधार आया। इस दौरान मुझे कई आंगनवाड़ी केंद्रों के बारे में पता चला कि वहां भी बच्चों को गरमा-गरम पौष्टिक भोजन खिलाया जा रहा है। छह माह से तीन साल तक के बच्चों का खास-ख्याल रखा जा रहा है। मेरे बेटे को पौष्टिक सब्जियां और खिचड़ी खाने को मिल रही है। अब उसका वजन भी बढ़ रहा है और उसके चेहरे पर रौनक भी आ रही है। बेटे को खुश देखकर हमारे पूरे परिवार में खुशियां लौट आई हैं।*

**रीता रजवाड़े,** ग्राम-लब्जी, जिला-सरगुजा




*मेरी 22 माह की बेटी गंभीर कुपोषित थी। लब्जी आंगनवाड़ी केन्द्र में उसे दाखिल कराया। अगर बेटी केन्द्र में नहीं पहुंच पाती है तो केन्द्र की सहायिका घर में गरमा-गरम टिफिन पहुंचाकर देती हैं। पौष्टिक आहार मिलने से बेटी स्वस्थ हो गई है और गंभीर कुपोषित से बाहर निकल गई है।*

**लक्ष्मी पैकरा,** ग्राम-लब्जी, जिला-सरगुजा




## मिलेट बना सुपोषण का हथियार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ देश का ऐसा पहला राज्य बना है जहां कोदो, कुटकी के लिए समर्थन मूल्य घोषित करते हुए राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर इनकी खरीदी का भी इंतजाम भी किया गया है।

मिलेट में सुपोषण के गुणों को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मान्यता दी। उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण तथा विक्रय तक रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए मिलेट कैफे संचालित किए जा रहे हैं जो अब 14 जिलों में शुरू हो चुके हैं।

**14 जिले में मिलेट कैफे से रोजगार**

# अबूझमाड़ में पहली बार पहुंचा पोषण आहार

**जनमन रिपोर्ट । नारायणपुर.** अबूझमाड़ में जहां पहुंचना आसान नहीं था, वहां अब बच्चों के लिए चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के कारण उन्हें बेहतर पोषण उपलब्ध होने लगा है। अंदरूनी गांवों से उन्हें ब्लॉक मुख्यालय तक आकर भटकना न पड़े, इसलिए ओरछा में सुपोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना की गई है। वैसे तो सुपोषण अभियान के तहत दूरस्थ अंचलों के आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों को पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर गांव पहुंचविहीन होने की वजह से ओरछा में सरकार ने सुपोषण पुनर्वास केंद्र खोला है। इसके जरिए आसपास के गांवों के बच्चों की जांच कर उन्हें यहां रखकर सही पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की माताओं को भी यहां रखने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें भी सही पोषण दिया जा सके। इस केंद्र में एनीमिया और पोषण नहीं मिलने से संबंधित बीमारियों से ग्रसित महिलाओं को भी रखा जा रहा है। उन्हें हर रोज सही भोजन और दवाइयां दी जा रही हैं, ताकि वे स्वस्थ हो सकें।

ओरछा के करीब 40 किमी के दायरे में आने वाले गांवों के बच्चों को सही पोषण नहीं मिल पाता है। इसके लिए अब तक स्वास्थ्य सेवकों का दल जांच और इलाज के लिए इन गांवों में पहुंचता है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक के जरिए भी ऐसे कई कुपोषित बच्चों के मामले सामने आ रहे थे, जिनकी संख्या बढ़ने लगी तो सरकार ने कुपोषण पुनर्वास केंद्र शुरू करने पर जोर दिया। दुर्गम इलाके होने की वजह से सभी जगहों पर समय पर पहुंचकर उन्हें पोषण या इलाज की सुविधा देने में कठिनाइयां आती थीं। इसलिए ऐसे केंद्र इन बच्चों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। केंद्र की विशेषता यह है कि डॉक्टरी जांच के बाद भर्ती होने वाले बच्चों का आहार मैन्यू तय किया जाता है। डॉक्टर इनकी नियमित निगरानी करते हैं।



### पोषण के साथ बच्चों की मां को सहायता राशि भी

बच्चों की देखभाल और उन्हें पोषण देने के दौरान मां को सहायता राशि भी दी जा रही है। 2250 रुपए की सहायता राशि देने के पीछे कारण यह है कि केंद्र में रहने के दौरान रोजी-मजदूरी जैसे कार्यों से वंचित रहती हैं। 15 दिन के हिसाब से उन्हें 2250 रुपए दिए जाते हैं ताकि वे आर्थिक रूप से भी सशक्त रह सकें।

### 9 माह की सुमित्रा अब है स्वस्थ

इत्तावाड़ा गांव में रहने वाली सुमित्रा वड्डे 9 माह की है। वह हमेशा सुस्त रहती थी। अब वह कुपोषण के दायरे से अब धीरे-धीरे बाहर आने लगी है। बच्ची को पौष्टिक भोजन निरंतर मिलने से स्वस्थ होने लगी है और उछलकूद भी करने लगी है। इससे मां की चिंता भी दूर हो गई है और परिवार भी खुश है।

# सुपोषण योद्धाओं का मानदेय दोगुना, कार्यकर्ता बोले- सीएम का ऐतिहासिक फैसला

■ कार्यकर्ता 5000 से 10000 ■ मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 3500-7500 ■ सहायिका 2500-5000



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कुपोषण के खिलाफ जंग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं तथा मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समर्पित भूमिका का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इनका मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया। दो बार हुई वृद्धियों के कारण अब इन्हें मिलने वाला मानदेय दोगुना से अधिक हो गया है। इस तरह प्रदेश में जनकल्याण के लिए सीधे काम करने वाले मैदानी कर्मचारियों का उत्साह और सम्मान बढ़ा है।

इससे उन्हें आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ परिवार को मजबूत करने में मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण के लिए प्रदेशभर में संचालित 46 हजार 660 आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपए तक कर दिया है। पिछले पांच सालों में इसमें दो बार बढ़ोत्तरी की गई। आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रुपए से 5 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने का ऐलान किया। मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रुपए प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की।

### मितानिनों को 2200 रुपए अतिरिक्त मानदेय

गर्भवती महिलाओं की सेवा करने वाली मितानिनों को प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त अब उन्हें अलग से प्रतिमाह मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्हें प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 2200 रुपए प्रतिमाह की दर से मानदेय देने से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिली है।

### उत्साह और संबल बढ़ा



*मानदेय बढ़ने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पहली बार सबसे अधिक राशि की बढ़ोतरी हुई है। इससे हमारे परिवारों को भी संबल मिलेगा। मानदेय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ऐतिहासिक फैसला लिया है। इस फैसले से हमें काफी संतुष्टि मिली है। परिवार में भी खुशी है।*

**श्रीमती शारदा श्रीवास्तव,**
कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी केंद्र, रायपुर

### जीवन और जिम्मेदारी में आसानी



*राज्य सरकार से इस साल हमें काफी उम्मीद थी जो बजट के दौरान पूरी हो गई है। इस बढ़े हुए मानदेय से अब परिवार चलाना और आसान हो जाएगा। कम राशि मिलने से दिक्कतें होती थीं। राज्य सरकार ने हमारी मांग पर गौर किया और मानदेय में वृद्धि का ऐलान किया।*

**श्रीमती मीना यादव,**
सहायिका, आंगनवाड़ी केंद्र, गोकना

संवाद-38713/1

IF

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'इंटर कॉलेज टेबल टेनिस स्पर्धा' का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com







श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय ''इंटर कॉलेज टेबल टेनिस स्पर्धा'' का शुभारंभ महाविद्यालय के इनडोर हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश हिशीकर थे। कार्यक्रम की अध्यता डीन डॉ. देवश्री सरकार ने की। सर्वप्रथम एस.बी.आई.एम.एस. के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. अनिल दुबे ने डीन डॉ. देवश्री सरकार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश हिशीकर ने कहा कि इस वर्ष अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम भेजी जायेगी। विश्वविद्यालय ने हर अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में चयन समिति के सदस्यों को और परीविक्षकों की नियुक्ति भी की है। जो विश्वविद्यालय टीम का चयन करेगी। आज सर्वप्रथम पुरूष एवं महिला वर्ग में लीग का श्रेष्ठ दो टीमों का चयन किया गया। बालकों के वर्ग में एस.बी.आई.एम. मोवा रायपुर एवं रिम्स रायपुर और अन्य वर्ग में जे.एन.एम. रायपुर एवं जी.एम.सी. राजनांदगाँव सेमीफाइनल में पहुंची। महिला वर्ग में एस.बी.आई.एम.एस. रायपुर, जी.एम.सी. राजनांदगाँव के अलावा जे.एन.एम.रायपुर और रिम्स, रायपुर ने अपनी लीग प्रतियोगिता जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार शाम खेले गये सेमीफाइनल में पुरूष वर्ग में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज रायपुर ने रिम्स को 3-1 से एवं जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज ने जी.एम.सी. राजनांदगांव को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जे.एन.एम. रायपुर ने रिम्स, रायपुर को 3-2 से हराया एवं दूसरे सेमीफाइनल में जी.एम.सी. राजनांदगाँव ने श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज को 3-2 से हराया।

बुधवार 10 बजे से विश्वविद्यालय की चयन स्पर्धा आयोजित होगी। स्पर्धा के फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण आज दोपहर 3 बजे सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीता नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर एस.बी.आई.एम.एस. होंगी। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ऋषभ आचार्य एवं सह निर्णायक कु. आयुषी भाटी थीं। विश्वविद्यालय की चयन समिति में डॉ. मानिक चटर्जी, अरविंद शर्मा एवं गोयल थी।

# भाजपा की चुनौती: बैज प्रदेश को बताएँ कि केंद्र सरकार ने कब आवास योजना के लिए मना किया?

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस के 'शो-पीस अध्यक्ष' दीपक बैज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आवास योजना रोकने के लगाए गए आरोप को सफेद झूठ का पुलिंदा करार दिया है। शर्मा ने चुनौती दी कि बैज प्रदेश को बताएँ कि केंद्र सरकार ने कब इस योजना के लिए मना किया? सच तो यह है कि आज के उपमुख्यमंत्री और तत्कालीन पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बघेल को प्रधानमंत्री आवास योजना रोकने का दोषी ठहराया था जिसके चलते 8 लाख गरीबों को पक्के आवास की योजना से वंचित होना पड़ा था। भाजपा प्रदेश महामंत्री शर्मा ने कहा कि दरअसल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज की संगठन में कोई पकड़ है नहीं, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रहमोकरम पर इस पद तक पहुँच गए हैं तो अपनी 'हाजिरी लगाने' के लिए इस तरह के बेसिर-पैर के बयान देते रहते हैं। ऐसा लग रहा है कि आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठने के बाद से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अब ऊँचे ख्वाब देखने लगे है और इसीलिए इस तरह के निरर्थक बयान देकर खुद को अव्वल साबित करने की मशक्कत कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस जिस तरह बयानबाजी के लिए बैज का इस्तेमाल कर रही है, उससे बैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कम, और कांग्रेस के संचार प्रमुख के सहयोगी के तौर पर काम करते ज्यादा नजर आ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि झूठ पर झूठ बोलकर केंद्र की सरकार पर ऊलजलूल आरोप लगाने की जिस गंदी लत से प्रदेश कांग्रेस और भूपेश सरकार के लोग ग्रस्त नजर आ रहे हैं, उस कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को एक बार उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का रायगढ़ में कहा गया सच सुन लेना था। उनको मुख्यमंत्री बघेल के उस बयान को भी याद करना था, जिसमें मुख्यमंत्री ने 8 लाख गरीबों के आवास के लिए राज्यांश देने से मना किया था कि इस योजना में 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़ा है।

# सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता 3 किलोग्राम आईडी बम बरामद

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

नक्सल इलाके गुमड़ीडीही और बड़गांव में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाया था, जिसे ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को बताया। कांकेर में एक बार फिर जवानों को नक्सल मोर्च पर बड़ी सफलता मिली है. इस बार जवानों की मदद ग्रामीणों ने भी की. गुमड़ीडीही और बड़गांव रोड से गुजर रहे लोगों ने एक टिफिन देखा. ग्रामीणों को इसमें नक्सली साजिश नजर आई. तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी दलबल के साथ दुर्गूकोंदल पुलिस और बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची। कांकेर में स्थापना सप्ताह के दौरान नक्सलियों की साजिशः नक्सली हर साल 21 सितंबर से 28 सितंबर के बीच स्थापना सप्ताह मनाते हैं. अभी स्थापना सप्ताह जारी है. इस बीच नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में रहते हैं. इसी को देखते हुए पुलिस और सुरक्षाबल के जवान हाई अलर्ट पर है और लगातार सर्चिंग अभियान चला रहे हैं. दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडे गांव के स्टेट हाइवे 25 में एक डिब्बा दिखने की सूचना मिली. मौके पर दुर्गुकोंदल पुलिस पहुंची और डिब्बे की जांच की तो पता चला कि उसमें नक्सलियों ने आईईडी रखा हुआ है. 3 किलो का आईईडी टिफिन में रखा हुआ था. पखांजूर की बीडीएस टीम को बुलाया गया और आईईडी को वहीं डिफ्यूज किया गया है। ग्रामीणों की सूचना पर दुर्गुकोंदल पुलिस पहुंची, सर्चिंग के दौरान 3 किलो का आईईडी मिला. बीडीएस की टीम ने आईईडी को डीफ्यूज कर दिया है। आसपास के इलाकों में सघन सर्चिंग की जा रही है। एडिशनल एसपी प्रशांत शुक्ला

**कांकेर में 3 साल में आईईडी मिलने की घटनाएंः-** उत्तर बस्तर कांकेर जिले की बात करे तो पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 3 साल में सुरक्षा बलों ने 146 आईईडी बरामद किया है. साल 2020 में सबसे ज्या 88 आईईडी बरामद किया गया था। साल 2021 में यह संख्या घटकर 30 पहुंच गई,साल 2022 में सिर्फ9 आईईडी बरामद कर जवानों ने नष्ट किया. 3 साल में आईईडी की चपेट में आने से 12 से ज्यादा जवान जख्मी हुए। एक ग्रामीण की जान गई,सबसे ज्यादा आईईडी कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ ब्लॉक के जंगल और सड़क किनारे से बरामद किया गया है।

# मौसम खुला, सड़कों के रेस्टोरेशन के काम में तेजी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



गणेश विसर्जन हेतु निकलने वाली झांकियों के दौरान आम लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम व स्मार्ट सिटी की टीम बारिश थमने के बाद तीसरे दिन भी आखरी पहर में विसर्जन पथ मार्ग के रेस्टोरेशन के लिए उतरी। तकनीकी अधिकारियों के सुपरविजन में इसके लिए बने संयुक्त दस्ते ने ज्यादातर मार्गों के पूरे पेच का रेस्टोरेशन पूरा कर लिया है। आज रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक बी.आर. अग्रवाल ने भी इस हेतु जुटी टीम के कार्य का निरीक्षण किया।

अग्रवाल ने बताया कि झांकी परिक्रमा पथ के ज्यादातर मार्ग को दुरूस्त कर लिया गया है और शेष मार्ग का रेस्टोरेशन भी तीन दिवस के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे स्थल जहां पर गणेश प्रतिमा स्थापित है, उनके समीप के स्थल को छोड़कर पूरे मार्ग का रेस्टोरेशन यह टीम कर रही है। ऐसे मार्ग जहां टीम द्वारा सुधार किया गया है, उन स्थलों की बेरिकेटिंग के निर्देश भी संबंधित इंजीनियर को दिए गए है। उन्होंने बताया कि अब मुख्य मार्ग के साथ ही आंतरिक मार्ग में बारिश के होने वाले गढ्ढों व सड़कों के सुधार के लिए भी टीम जुट गई है।

# 'आला रे आला गणपति आला' से गूंजा महाराष्ट्र मंडल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



'आला रे आला गणपति आला', 'पार्वतिच्या बाडा पायात वाडा', 'विसरू नको रे आई- बापा ला' 'झिजवली त्यांनी काया' जैसे मराठी भजनों की प्रस्तुति से महाराष्ट्र मंडल का संत ज्ञानेश्वर सभागृह भक्तिमय हो गया। मौका था महाराष्ट्र मंडल में शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव में आयोजित भजन संध्या का। मंडल के केंद्रों की महिला मंडलियों ने यहां एक से बढ़कर एक सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। मंडल के गणेशोत्सव में 10 दिनी कार्यक्रमों के कड़ी में सातवें दिन सभी 15 महिला केंद्रों की टीमों ने गणपति बाप्पा के भजनों के साथ आयोजन को सार्थक बनाया। दोपहर तीन बजे शुरू हुआ भजनों का सिलसिला शाम को सात बजे की आरती तक चलता रहा। महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के अनुसार भजन संध्या का शुभारंभ आजीवन सभासद अपर्णा कालेले, हेमा बर्वे और जयश्री केलकर ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। भजन संध्या में पहली प्रस्तुति बूढ़ापारा महिला केंद्र की महिलाओं ने दी। महिलाओं देवों में प्रथम पूज्य श्रीगणेश के साथ भोलेनाथ शिवशंकर, देवी और भगवान विठ्ठल के भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या में प्रत्येक महिला केंद्र से 20-22 महिलाओं ने एक समान वेशभूषा में पहुंचकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

**मंडल के कलाकारों की बहुआयामी प्रस्तुति आज**

महाराष्ट्र मंडल में बुधवार, शाम सात बजे से आजीवन सभासदों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कला एवं सांस्कृतिक समिति की प्रभारी भारती पलसोदकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में क्लासिकल, सुगम संगीत के अंतर्गत अनेक भावपूर्ण, भक्ति पूर्ण गीत सुनने को मिलेंगे।

# पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिए हेल्प डेस्क का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्यालय डंगनिया में हेल्प डेस्क (सहायता कक्ष) प्रारंभ कर दिया गया है। इसका शुभारंभ प्रबंध निदेशकगण उज्जवला बघेल एवं एसके कटियार ने फीता काटकर किया। प्रबंध निदेशक बघेल ने इस मौके पर कहा कि यह योजना नियमित और पेंशनर कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रारंभ की गई है, निश्चित तौर पर इस प्रयास से हमारे कर्मियों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सेवा मिल सकेगी। यह योजना 1 अक्टूबर से तीनों पॉवर कंपनी- जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए प्रभावी हो जाएगी। इस मौके पर स्वास्थ्य योजना के लिए तय की गई क्रियान्वयन सहायता एजेंसी विडाल हेल्थ केयर लिमिटेड बैंगलोर के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर शंकर बाली ने प्रबंध निदेशकों को कैशलेस हेल्थ कार्ड सौंपा। उन्होंने कहा कि हमारे 25 वर्षों के अनुभवों का लाभ पॉवर कंपनी को देंगे। यह हमारे लिए कार्य करने का बेहतर अवसर है। हम पॉवर कंपनी के सभी अधिकारी-कर्मचारी और पेंशनर्स को अच्छी सुविधा देंगे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री एमएस चौहान, आरके शुक्ला, एके वर्मा, मुख्य अभियंता आनंद राव, डीके तुली, अविनाश सोनेकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल, सीएमओ डॉ. एचएल पंचारी एवं डॉ विवेक गोले विशेष रूप से उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में नई अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिये त्वरित गति से कार्य करते हुए विडॉल हेल्थ केयर प्रा.लि. को काम सौंपा है। कंपनी का हेल्प डेस्क खुलने के बाद अब कर्मियों को हेल्थ कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इसके लिए मोबाइल एप भी डेवलप कर लिया गया है, जिसमें कर्मियों को ई-हेल्थ कार्ड, नेटवर्क अस्पताल, भर्ती की सूचना तथा इलेक्ट्रानिक माध्यम से क्लेम जमा करने तथा क्लेम की अद्यतन स्थिति जानने की सुविधा है।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के द्वारा आयोजित कैंपस इंटरव्यू में 14 छात्रों का चयन




**रायपुर।** एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में 24 और 25 सितम्बर को कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड, गुजरात के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस मे कम्पनी की ओर से सोनू कुमार गुप्ता, एग्जीक्यूटिव (एच आर) शामिल हुए द्य जिन्होंने कंपनी के बारे में तथा वहां पर मारुति कार के लिए बनने वाले विभिन्न उपकरणों और मशीनो के बारे में उम्मीदवारों को अवगत कराया द्य संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू ने बताया की आईटीआई भांसी द्वारा इस सत्र में यह तीसरा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया है ताकि पास आउट छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा सके द्य प्राचार्य द्वारा संस्था के सभी स्टाफएवं छात्रों को कैंपस इंटरव्यू के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी द्य कैंपस इंटरव्यू में चयनित छात्रों को धर्मेंद्र आचार्य (महाप्रबंधक कार्मिक) एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स ने अपनी शुभकामनायें दी। इस कैंपस ड्राइव में इंटरव्यू के परफॉरमेंस के आधार पर कुल 14 छात्रों का चयन कंपनी के द्वारा किया गया है।

इन छात्रों को कंपनी शुरुआत में एक वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान 20000 रूपए मासिक प्रदान करेगी, साथ ही पीएफ, मेडिकल आदि सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। एक वर्ष की सफल प्रशिक्षण के उपरान्त चयनित छात्रों को कंपनी पे रोल पर नियमित कर्मचारी के रूप में रखा जायेगा एवं अन्य भत्ते भी प्रदान किये जायेंगे।

एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक बी वेंकटेश्वरलु के द्वारा सभी चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही इस सत्र के भीतर 03 सफल कैंपस प्लेसमेंट के आयोजन लिए संस्था के प्राचार्य ,शिक्षकों, स्टाफएवं मैनेजमेंट को बधाई दी।

# पत्रकारों को अब आवास ऋण पर मिल सकेगा अनुदान, 30 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत तक मिलेगा ब्याज अनुदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अब प्रदेश में पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे। संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी।

**शपथ पत्र भी देना होगा-** योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा। शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

# जैनाचार्य परम पूज्य गुरुदेव जयमल महाराज की जन्म जयंती 27 सितंबर को गुरु रतन धाम मंगलम चरौदा में विभिन्न आराधना

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



उरला बीएमवाय स्थित मंगलम में प्रतिवर्ष अनुसार वर्षावास काल में भीष्म प्रतिज्ञाधारी चरित्र चूड़ामणि चर्चा चक्रवर्ती श्रीमद् जैनाचार्य परम पूज्य जयमल म.सा. का 316 वा जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ सेवाभावी ऊप प्रवर्तक तपस्वी सतीश मुनि जी म. सा आदि ठाणा 4 के नेश्राय मे गुरु रतन पावन धाम , श्री मंगल साधना केंद्र मंगलम'' में सामायिक स्वाध्याय एकासना एवं गुणानुवाद सभा आदि विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दिनांक 27 सितंबर बुधवार को मनाया जा रहा है इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालुओं के आने की सूचनाऐं प्राप्त हो रही है ! कार्यक्रम के लाभार्थी- अशोक कुमार झाम्बड परिवार (पीपल गांव राजा) रायपुर निवासी है

श्री मंगल स्मृति ट्रस्ट ने अधिक से अधिक गुरु भक्तों को पधारने का निवेदन किया है।उक्ताश्य की जानकारी सतीश पारख ने दी।

## कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में सकारात्मक परिवर्तन आ गया है

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया: मरकाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया। परिवर्तन यात्रा में भीड़ नहीं एकत्रित हो रही। परिवर्तन यात्रा में लोग नहीं आ रहे है। इसलिये अमित शाह भी दंतेवाड़ा में नहीं आये। बाद में भी उसके कार्यक्रम बना रद्द कर दिया। भाजपा की तथाकथित परिवर्तन यात्रा में जो प्रदेश के बाहर के नेता आ रहे है उसके नुक्कड़ सभाओं के बराबर भी भीड़ नहीं इकट्ठा हो रही। तमाम कोशिशों लाखों रू. खर्च करने के बाद भाजपा की परिवर्तन यात्रा फ्लाप हो गयी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा को असफल होना इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ की जनता प्रदेश में परिवर्तन नहीं चाहती है। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में 15 दिन में प्रधानमंत्री से लेकर दर्जनों केंद्रीय मंत्री आए और चले गये इनके आने से छत्तीसगढ़ की जनता को क्या मिला? भाजपा के राजनैतिक यात्रा में सरकारी खर्चे और सुख सुविधा विलासिता उपभोग कर आये केंद्रीय मंत्रियों ने सिर्फ भाजपा का प्रचार-प्रसार किया। जब कोई मंत्री का दौरा होता है तब जनता उस मंत्री से कोई नई सौगात की उम्मीद करती है। उनके विभाग से संबंधित समस्याओं का हल चाहती है जो इन केंद्रीय मंत्रियों के दौरा में कहीं नहीं दिखा। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में प्रधानमंत्री, केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री, सहकारिता राज्य मंत्री, बिजली एवं उद्योग राज्य मंत्री, जल शक्ति एवं जनजाति राज्य मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, आयुष राज्य मंत्री, सहकारिता मंत्री, आये थे। इनके आने से छत्तीसगढ़ को क्या मिला? कोई नई घोषणा छत्तीसगढ़ की जनता के हित में इन्होंने नहीं किया?

**दिसंबर 2018 में रमन सरकार की विदाई के साथ छत्तीसगढ़ में आमूलचूल परिवर्तन आया है**

परिवर्तन आ गया है तभी तो 15 सालों तक छत्तीसगढ़ की अस्मिता को भूलने वाली भाजपा अपने तथाकथित परिर्वतन रथ में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो लगाने को मजबूर हुई है। रमन राज में किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत नहीं मिलती थी परिवर्तन हो गया अब कांग्रेस सरकार के राज में किसान 2640 रू. प्रति क्विंटल प्राप्त कर रहा है। रमन राज में कुल 50 लाख टन धान की खरीदी होती थी परिवर्तन हो गया कांग्रेस राज में 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो रही है। इस वर्ष 125 लाख मीट्रिक टन की खरीदी होगी। रमन राज में सिर्फ10 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का नियम बना फिर 15 क्विंटल किया विरोध के बाद परिवर्तन हो गया भूपेश सरकार प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करेगी। भाजपा के राज में किसान कर्ज के कारण आत्महत्या करते थे परिवर्तन हो गया भूपेश राज में 20 लाख किसानों का 10 हजार करोड़ का कर्जामाफहो गया है किसान खुशहाल हो गये है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सुकमा जिले में एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम छिंदगढ़ के स्टेडियम में आयोजित आमसभा के दौरान गौठान एवं ग्रामों मे टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके त्वरित पशु चिकित्सा सेवा की सुविधा उपलब्ध कराते हुए, तीनों विकासखंड हेतु तीन मोबाइल चिकित्सा इकाई वाहन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग जिला सुकमा द्वारा विगत चार वर्षों में जिले मे किये गये विभागीय उपलब्धियों का एवं अन्य विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। स्टाल के माध्यम से विभागों द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनकी प्रगति दर्शायी गई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को सामग्री प्रदान कर शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीएम बघेल ने अवलोकन एवं लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर अतिरिक्त आय की प्राप्ति पर कल्याणी महिला समूह द्वारा संचालित शबरी लेयर मुर्गीपालन से अतिरिक्त आय की प्राप्ति पर बधाई दिया। इसके साथ ही राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनांतर्गत 05 हितग्राहियों को अनुदान राशि प्रति हितग्राही 93 हजार 240 रुपए, नर बकरा वितरण योजना के तहत 18 हितग्राहियों को प्रति हितग्राही 4 हजार रुपए का डेमो चेक प्रदाय किया गया। मुर्गीपालन हेतु शासकीय कुक्कूट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर से परिवहन कर 40 हितग्राहियों को आर.आई.आर.के चूजों का वितरण किया गया।

डॉ.एस.जहीरउद्दीन उपसंचालक,पशुधन विकास विभाग जिला सुकमा ने बताया कि जिले में व्यक्तिमूलक योजनाओं का सफ्ल रुप से संचालन कर स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बी.वी.300 नस्ल की लेयर मुर्गीयों से शबरी लेयर फार्मिंग यूनिट में प्रति मुर्गी से प्रतिदिन 01 अण्डा प्राप्त होता है। डॉ.एस.जहीरूद्दीन के द्वारा मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा चार वर्षो मे किए गए पशुओं के सरंक्षण, सवर्धन एवं विभागीय योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन के उपलब्धियों का किताब भेंट किया गया, इसके लिए भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रशंसा जाहिर की।

4 बस्तर संभाग
बिजली का बिल जब आता हैं तो उसे देखकर झटका लगता है...

6 अभिमत
एकसाथ चुनावः प्रगति का रास्ता

10 संस्कारधानी
ताड़कासुर वध, महाभारत सहित रुद्रावतार होगा विशेष आकर्षण...

11 छत्तीसगढ़
प्रदेश की पहली विधानसभा में विकास का दौर जारी...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ


# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 27 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-36 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कल अमित शाह, 30 सितम्बर को आएंगे पीएम मोदी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार दोनों ही पार्टियों कांग्रेस और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की कमान अघोषित रूप से अमित शाह ने खुद संभाल रखी है। इसी कडी में शाह 28 सितम्बर को फिर छत्तीसगढ़ आ रहे है। मिली जानकारी अनुसार अमित शाह राजस्थान से सीधा रायपुर पहुंचेगे। भाजपा कार्यालय में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अमित शाह फिर मंथन करेंगे। माना जा रहा है कि शाह के दौर के बाद भाजपा की 'सी' कैटेगरी की तकरीबन 20 से 25 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया जा सकता है। वहीं 30 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### दलित महिला से मारपीट मामले में बिहार सरकार को नोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कर्ज का ब्याज नहीं चुकाने पर एक दलित महिला के साथ कथित मारपीट और उसके कपड़े उतरवाने के मामले में मंगलवार को बिहार के मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया। आयोग ने इस मामले में चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि रिपोर्ट में एफआईआर की स्थिति, पीड़ित महिला की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थिति और उसे दिया गया मुआवजा, यदि कोई हो, भी शामिल होना चाहिए। एनएचआरसी ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 23 सितंबर को पटना जिले के मोसिमपुर गांव में अनुसूचित जाति की एक 30 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

## नवा रायपुर में व्यापारियों को 540 रूपए प्रति वर्गफीट की दर से मिलेगा भूखण्ड

### एनआरडीए को होने वाली क्षति की राशि 117.86 करोड़ रूपए राज्य सरकार देगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

बुधवार को कैबिनेट की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का निर्धारण किया गया। जिसके तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार धान एवं मक्का का उपार्जन किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की नगद व लिकिंग में खरीदी एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक की जाएगी। इसी प्रकार खरीफ मक्का की खरीदी एक नवबंर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की जाएगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड 20 क्विंटल एवं मक्का प्रति एकड़ 10 क्विंटल लिकिंग सहित् अधिकतम की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित को धान उपार्जन के लिये शासकीय प्रत्याभूति (राशि 14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग से प्राप्त परिणामी चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्या. (नेफेड) के माध्यम से फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफआर.के.) की आपूर्ति किये जाने की सहमति प्रदान की गई। पत्रकारों को नगर विकास योजना क्रमांक-4 कौशल्या माता विहार में मकान खरीदनें पर राज्य शासन की तरफ से 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय का अनुमोदन करते हुए इसके प्रथम स्टेज प्राक्कलन के अनुसार 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रूपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत किया गया। ग्राम डूण्डा, सेजबहार एवं बोरियाकला, तहसील व जिला रायपुर में रियल स्टेट प्रोजेक्ट न्यू स्वागत विहार के स्वीकृत अभिन्यास एवं प्रभावितों को प्लाट उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया कि पूर्व में स्वीकृत 8 ले-आउट को निरस्त किया जाए। न्यू स्वागत विहार कॉलोनी को अनधिकृत कालोनी मानते हुए नियमितीकरण की कार्यवाही की जाए। कौशल्या माता विहार नगर विकास योजना में बिल्डर की कुछ भूमियों का योजना से पृथक करने हेतु डिनोटिफिकेशन करने का निर्णय लिया गया ताकि प्रभावितों को भूखण्ड प्रदान किया जा सके। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित थोक व्यवसायिक बाजार या कमर्शियल हब परियोजना के आबंटन दर एवं भू-खण्ड आबंटन की प्रक्रिया निर्धारण के संबंध में निर्णय लिया गया कि व्यापरियों को 945 रूपए के स्थान पर 540 रूपए प्रति वर्गफीट की दर से भूखण्ड दिया जाएगा। इससे नवा रायपुर प्राधिकरण को होने वाली क्षति की कुल राशि 117.86 करोड़ रूपए की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित, द्वितीय श्रेणी) से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित प्रथम श्रेणी) के पद पर पदोन्नति हेतु न्यूनतम अर्हकारी सेवा 5 वर्ष में 4 माह का शिथिलीकरण करने का अनुमोदन किया गया। जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक के 03 पद वेतन मैट्रिक्स लेवल-15 (वेतनमान 118500-214100) सृजित करने का निर्णय लिया गया। राजगामी संपदा की भूमि वाईडनर मेमोरियल स्कूल हेतु भूमि का आबंटन करने का निर्णय लिया गया। रत्नेश्वर कुर्मि क्षत्रिय सेवा संस्थान रतनपुर को शासकीय भूमि आबंटन और व्यवस्थापन में रियायत का निर्णय लिया गया। आवेदक संस्था अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग को आबंटित भूमि में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। गोंड समाज जिला-सरगुजा को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। रजवार समाज सूरजपुर को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज राजनांदगांव द्वारा सामाजिक भवन के निर्माण हेतु भूमि आबंटन प्रदान करने का निर्णय लिया गया। तहसील साहू संघ छुरिया, जिला राजनांदगांव को सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आर्बंटित करने का निर्णय लिया गया। हरदिया साहू समाज रायपुर और साहू समाज दुर्ग को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मनेन्द्रगढ़ नगरीय क्षेत्र में वर्ष 1959 के पूर्व के कब्जाधारियों को भूमि स्वामी हक प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।

## छत्तीसगढ़ ने देशभर में फिर से लहराया परचम



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ राज्य लगातार सरकारी योजनाओं के क्रियांवन में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत होते रहा है। इसी कडी में छत्तीसगढ़ ने देशभर में फिर से परचम लहराया है। आयुष्मान भारत योजना में प्रदेश को तीन पुरस्कार मिले। छत्तीसगढ़ को योजना के तहत सेवाएं प्रदान करने में लैंगिक समानता, राज्य को आबंटित राशि के शत-प्रतिशत उपयोग और राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों में एक आयुष्मान कार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ से सीईओ जयप्रकाश मौर्य ने आरोग्य मंथन कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण किया। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार दिया। अयोजन में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट राज्यों को सम्मानित किया गया।

## लखीमपुर खीरी हिंसा मामला, केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी। शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता को अनुमति देने के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेंगे।

## राज्य की 90 विधानसभा क्षेत्रों में होगी कांग्रेस की भरोसा यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनाव अभियान समिति की बैठक छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में चुनाव अभियान समिति के कामों की व्यापक चर्चा कर रणनीति बनाई गई। 2 अक्टूबर को कांग्रेस भरोसा यात्रा 90 विधानसभा में होगी। बता दें कि, जिला स्तर पर वक्ताओं को चिन्हांकित करके अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा जाएगा। सरकार की योजनाओं को प्रचारित किया जाएगा। विभिन्न समाजों के लिए योजना बनाई जाएगी। जिला स्तर चुनाव अभियान समिति विस्तारित किया जाएगा।

## भारत-अमेरिका संबंधों की ओर अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण रखा जाए : गारसेटी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने भारत-अमेरिका चैंबर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के आपसी संबंधों के प्रति अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। गारसेटी ने कहा कि दोनों दोनों को ऐसे सहज संबंध की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए जिसमें कोई खींचातानी की गुंजाइश न हो। इस सम्मेलन का विषय 'अगले 25 वर्षों के लिए भारत और अमेरिका के बीच टिकाऊ साझेदारी के लिए विचारों और संभावनाओं को साझा करना' है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम आपसी संबंधों को लेकर और अधिक महत्वाकांक्षी कैसे हो सकते हैं। सिर्फ एक और सौदे के लिए समझौते से संतोष न करें। हमने पिछले कुछ महीनों में कुछ ऐसा किया है, जिससे दोनों देशों के बीच जवाबी शुल्क लगाने की घटनाओं और व्यापारिक विवाद में कमी आई है लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। मुझे लगता है कि हमें अपनी आंखें बंद करके सपने देखने की जरूरत है कि यह रिश्ता कैसा हो सकता है , हमें उससे भी अधिक की कल्पना करनी चाहिए जिसकी कल्पना हम आज करते हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे संबंध बाधाओं से रहित कैसे हो सकते हैं?

## अपनी नाकामी छुपाने को मोदी जप रहे हैं कांग्रेस का नाम : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनावी दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धि गिनाने के लिए नहीं है, इसलिए वह



भारतीय जनता पार्टी सरकार की नाकामी पर पर्दा डालने के लिए चुनावी सभाओं में बार- बार कांग्रेस का नाम ले रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी ने मध्य प्रदेश में अपने 51 मिनट के चुनावी भाषण में आज 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। उनके पास अपनी सरकार की कोई उपलब्धि जनता को बताने के लिए नहीं है। इसलिए बार-बार कांग्रेस का नाम लेकर अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा 1966 में बनी फिल्म 'नींद हमारी ख्वाब तुम्हारे' थे। जिस राज्य में 18 साल से भाजपा की सरकार है, वहां 51 मिनट की चुनावी सभा में आप 44 बार कांग्रेस का नाम ले रहे हैं। यह बताता है कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार की उपलब्धियां 'शून्य' हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक से नये संसद भवन में नये भविष्य की शुरुआत : मोदी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक को संसद की स्वीकृति को एक 'बड़ी उपलब्धि' तथा 'नये संसद में देश के नये भविष्य की शुरुआत बताया है।' उन्होंने कहा कि विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा तीन दशक से लंबित था जिसे अब रिकार्ड समर्थन से पारित किया गया। मोदी सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित करीब 51,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि सरकारी कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा से देश को अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण विधेयक के बारे में उन्होंने कहा, आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्षों से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वह अब रिकॉर्ड वोटों के साथ दोनों सदनों से पास हुआ है। संसद के इसी माह सम्पन्न विशेष अधिवेशन में महिला आरक्षण के लिए संविधान में 128वें संशोधन के लिए रखा गया यह विधेयक नए संसद भवन का पहला विधायी कार्य रहा। दोनों सदनों में इसे करीब करीब आम सहमति से स्वीकृत किया गया।



# बिजली का बिल जब आता हैं तो उसे देखकर झटका लगता है : अरुण साव

## भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से परेशान जनता अब परिवर्तन चाहती है:अरुण साव

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




परिवर्तन यात्रा के तहत बालोदाबाजर में आयोजित आमसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पहुंचते ही अब नहीं साहिबों बदल के रहीबों का नारा आमसभा में गूंजने लगा उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुल पुलिया, स्कूल, हॉस्पिटल नहीं बनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तो भौरा चला रहे, गेड़ी चढ़ रहे और चम्मच से बासी खाने का काम करते हैं सड़कों पर गड्ढे है। 16 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा है। बिजली बिल हाफकरूंगा बोला था क्या हुआ? अपने हाथों में गंगाजल लेकर कसम खाई थी क्या ये झूठी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि बिजली का बिल जब आता हैं तो उसे देखकर झटका लगता है। नवंबर में जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होगा और जब आप वोट डालने मतदान केंद्र जाए तो कमल फूल पर बटन दबाकर ऐसा झटका देना की भूपेश बघेल अपनी कुर्सी से धड़ाम से गिर जाए। आपका बदला भी पूरा हो जाएगा और किसी को पता भी नहीं चलेगा। राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आए है 2018 मे जब यहां आए थे तो बोले थे 200 प्रॉसेसिंग यूनिट लगाएंगे एक भी लग पाई क्या? छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था उन वादों का क्या हुआ उसका जवाब देना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि आज खुलेआम अवैध शराब, सट्टा, का कारोबार चल रहा हैं इन्ही सभी की हटाने भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। छत्तीसगढ़ को इन सबसे बचाना है और छत्तीसगढ़ में खुश हाली हो, विकास हो, प्रगति हो माताएं बहनें बेटियां सुरक्षित रहें, युवाओं के सपने पूरे हो, हर गरीब को पक्का मकान मिले, हर घर नल हो इसके लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आप सबको बनानी हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्री पाद नाईक ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को मंच के माध्यम से यह संदेश दिया की जिस तरह से मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं को रोकने का काम यह कांग्रेस की सरकार कर रही है आने वाले नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में इस प्रदेश की जनता जनार्दन कांग्रेस को हटाकर भाजपा की सरकार बनाकर इसका बदला लेने वाली हैं। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी ने कहा की भाजपा की परिवर्तन यात्रा बलौदाबाजार पहुंची हैं और आप सभी ने जो इसका जोरदार स्वागत किया है इसका मैं आभारी हूं। ये परिवर्तन यात्रा कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ये अत्याचारी सरकार, भ्रष्ट सरकार, को छत्तीसगढ़ से उखाड़ फेंकने निकाली गई है। छत्तीसगढ़ में अपराधियों को लगता हैं ये तो हमारी सरकार है। छत्तीसगढ़ में आए दिन हत्याएं हो रही है अनाचार हो रहा है। आप उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार को देखिए वहां की कानून व्यवस्था की देखिए। एक महिला कांस्टेबल को छेड़ने वाले का एनकाउंटर कर दिया गया। 16 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा गया। जिस दिन छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास की फाइल पर जो मुख्यमंत्री बनेगा वो सबसे पहले साइन करके ही मुख्यमंत्री आवास में जाएगा। 2024 तक हर घर में नल होगा , इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा है। मेरी आप सभी से विनती हैं बलौदाबाजार में एवम छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाए।

# सीजीपीएससी देश का सबसे खराब और सबसे भ्रष्ट आयोग

## छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली युवाओं के भविष्य के साथ किया गया खिलवाड़ : सरला

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और सरायपाली विधान सभा भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया ने पीएससी घोटाले पर हमला करते हुए कहा कि साढ़े चार सालों में पीएससी को कमीशन राज बना दिया गया है । कोसारिया ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में कथित घोटाले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ,राज्यपाल के सचिव सहित कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदारी में सीजीपीएससी में चयनित अठारह अभ्यर्थियों के विरुद्ध भाजपा पूर्व विधायक ननकी राम कंवर के याचिका पर न्यायालय द्वारा चयन को रोकते हुए इसकी जांच किए जाने का आदेश प्रमाणित करता है कि बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है,, कोसारिया ने कहा कि इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से कराए जाने की मांग उनके द्वारा प्रधानमंत्री से की जा रही है । कोसारिया ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने परीक्षा लेने वाली संस्था को पैसा संग्रह करने वाली कंपनी में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यों में पीएससी अपनी पारदर्शी चयन प्रक्रिया के लिए जाना जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पिछले तीन-चार वर्षों में उम्मीदवारों के चयन को देखकर मैं कह सकता हूं कि सीजीपीएससी देश का सबसे खराब और सबसे भ्रष्ट आयोग बन गया है। सरायपाली भाजपा प्रत्याशी ने बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि सीजीपीएससी में अनियमितता और भ्रष्टाचार 'कमीशन राज' को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीजीपीएससी 2021 की प्रक्रिया तीन साल में पूरी की गई। इसकी प्रारंभिक परीक्षा 2021 और मुख्य परीक्षा 2022 में हुई थी, जबकि साक्षात्कार का परिणाम इस साल यानी 2023 में जारी किया गया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि घोटाला कैसे हुआ है।

### अध्यक्ष पर साधा निशाना

कोसारिया ने सरकारी अधिकारियों और सत्ताधारी दल के नेताओं के परिवारों से कुछ उम्मीदवारों के चयन पर सवाल उठाया और कहा कि सीजीपीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के दत्तक पुत्र को सीजीपीएससी-2021 की परीक्षा में सातवां स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि सोनवानी के बेटे का नाम प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पूरी तरह से सरनेम के साथ उल्लेख किया गया था, लेकिन परिणाम में उसका नाम बिना सरनेम के लिखा गया। उन्होंने उन उम्मीदवारों के नामों का भी हवाला दिया, जिन्होंने परीक्षा पास की है और वह कांग्रेस नेताओं के परिवारों से हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि बघेल सरकार में राजनेताओं और नौकरशाहों का बेटा ना होना अपराध है। उन्होंने कहा कि बघेल के नेतृत्व में लोक सेवा आयोग पैसे वसूल करने वाली कंपनी की तरह काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। कोसारिया ने वादा किया कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आती है तो पिछले तीन वर्षों के दौरान सीजीपीएससी में हुए कथित घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश उनके द्वारा की जाएगी।

# विश्वकर्मा समाज के सामाजिक बैठक में विधायक हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विश्वकर्मा समाज सम्मेलन समारोह ग्राम बिजराभाठा सागरपाली में विधायक किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, विधायक ने अपने उद्बोधन में विश्वकर्मा भगवान की जयकारे के साथ समाज के लोगो को एकता रहने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को सम्नछिस में बताते हुए शिक्षा के के महत्व को बारीकी से बताते हुए समाज का हर संभव मदद करने व साथ देने की बात कही इस कार्यक्रम में नकुल विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज, हरिसचंद विश्वकर्मा समाज सरपंच, लुपराम विश्वकर्मा सचिव, मंगतूराम विश्वकर्मा पंच, कलिंद्री मुन्ना अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि सागरपाली, रामनाराय आदित्य अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी सरायपाली, पुष्पेंद्र पटेल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण, जितेन्द्र सिदार अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी भंवरपुर, विवेक अग्रवाल कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष पुरषोत्तम साहू सोसायटी अध्यक्ष बड़े साजापाली, बजरंग अग्रवाल, चिंतामणि विशाल, शिशुपाल प्रधान ग्रामवासी क्षेत्रवासी कार्यकर्ता एवं सामाजिक गण उपस्थित हुए।

# गौठानों की दुर्दशा और गोवंशों की मौत पर चुप्पी तोड़े भूपेश सरकार : भाजपा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत गोवंश की रक्षा का ढिढ़ोरा पिटने वाली प्रदेश की भूपेश सरकार गौठान की व्यवस्था और गोवंश की रक्षा के मामले में कसडोल के मल्दा गौठान में दर्जनभर गोवंश की मौत और उसे नदी में बहा देने की घटना के बाद एक बार फिर बेनकाब हो गई है। यह आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा है की राजधानी के नया रायपुर में बीते 4 सितंबर को एक सरकारी आयोजन के बचे सड़े हुए खाना खाने से सौ से अधिक मवेशियों की मौत हो गई थी और सैकड़ों मवेशी बीमार पड़ गए थे। इस मामले को अभी महीना बीता नहीं कि कसडोल ब्लाक के मल्दा गौठान में भूख-प्यास से दस मवेशियों की मौत हो गई और कई बीमार हो गए। इतना ही नहीं मामला दबाने के उद्देश्य से मृत और गंभीर रूप से घायल करीब दर्जनभर मवेशियों को ट्रैक्टर में भरकर महानदी में बहा दिया गया। जिस गोवंश की हम पूजा करते हैं, उसके साथ ऐसा बर्ताव आस्था को ठेस पहुंचाने वाला तो है ही, इंसानियत को झकझोरने वाला भी है। भाजपा नेता धनंजय साहू ने कहा कि भाजपा ने प्रदेशभर में गौठानों की स्थिति को उजागर कर भूपेश सरकार के झूठ को पहले ही उजागर कर दिया है। ज्यादातर गौठानों में मवेशी ही नहीं मिले।

# राष्ट्रीय सेवा योजना 54 वीं स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस हर्ष पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप पांडे रा. से. यो. जिला सलाहकार, कवि और समाजसेवक, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स, डॉ.ए.के. उपाध्याय, डॉ.राजेश मिश्रा, तारा पटेल, डॉ.आर.आर.दास, डॉ.सी.के चंद्रवंशी, रूपेश देवांगन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा थे। डॉ.ए.के.उपाध्याय, डॉ.राजेश मिश्रा, तारा पटेल, डॉ.आर.आर.दास, डॉ.सी.के चंद्रवंशी, रूपेश देवांगन एवं नरेंद्र देव मिर्झा कार्यक्रम अधिकारी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रवज्जल कर किया गया। संदीप पांडे के द्वारा महाविद्यालय में अपने समय के कार्यक्रमों का अनुभव साझा किये, स्वयं सेवकों के द्वारा समाज में विभिन्न प्रकार के कार्य किये जाते है। यह व्यक्तित्व विकास का बहुत अच्छा माध्यम है। डॉ. ए.के. उपाध्याय ने बताया महाविद्यालय में सन 1969 से पहली बार भारत में रा.से.यो. का स्थापना हुआ तब से इस महाविद्यालय में संचालित है। प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी. जेम्स ने बच्चो को महाविद्यालय में संचालित रासेयो का सभी हिस्सा बने, अपने लक्ष्यों को तय कर प्रयास के द्वारा उसे हासिल करें। सत्र 2022-23 का बी प्रमाण पत्र स्वयंसेवकों को प्रदान किया गया एवं युवा महोत्सव का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ स्वयं सेवक करन सेन, सूर्यकांत वर्मा ,जैनेंद्र नायक के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्रमणि साहू, पायल वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, मनीषा ध्रुव, विरेंद्र कुमार कनौजे सोनिका कुर्रे, सोहन साहू, धनेश्वरी ध्रुव, थानेश्वरी यदु, धनेश्वरी साहू, कीर्ति यादव, खुशबू अग्रवाल, प्रियंका साहू, त्रिवेणी वर्मा एवं अन्य स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया।

# राजीव युवा मितान क्लब द्वारा हितग्राही कार्ड अभियान




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक किस्मत लाल नंद के द्वारा ग्राम सिरपुर में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा हितग्राही कार्ड अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के हर महत्वकांक्षी योजना को घर घर तक पहुंचने के उद्देश्य व सरकार से सीधे जुड़ने के लिए हितग्राही कार्ड के माध्यम से घर घर गांव गली में जाकर पंजीयन एवं पद यात्रा का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रदेश में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनेद्य इस अवसर पर दीपक समन्वयक राजीव युवा मितान क्लब, राजा अग्रवाल, डोलामणि पटेल सरपंच प्रतिनिधि सिरपुर, धरणीधर पटेल, हेमंत पटेल, दुर्गा चरण नायक, राजीव युवा मितान सिरपुर भूतिया सेमलिया के अध्यक्ष व सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक महिला वर्ग फुगड़ी में तुलसी को दूसरा स्थान प्राप्त करने पर हर्ष




पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन रायपुर मे 25 सिंतम्बर को आयोजित हुआ । जिसमें महासमुंद जिले के बागबाहरा विं खण्ड के ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार निवासी कुं तुलसी पिता राकेश राजपूत कक्षा चौथी की छात्र ने फुगड़ी 18 वर्ष से कम महिला वर्ग मे द्वितीय स्थान प्राप्त की। वे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलो पर पंचायत जोंन ब्लाक जिला एवं संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस मौके पर सरपंच पुनऊराम ध्रुव, पंचायत सचिव कृष्णचंद पटेल राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष पोखन महानंद गोपी निहाल सहित क्षेत्रवासीयों ने हर्ष जताया है ।

# गौरी पूजन उत्सव में एकता और आध्यात्मिकता की भावना को बढ़ावा देने की परंपरा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सराफा लाइन स्थित शिवाजी ज्वेलर्स के घर में रीति रिवाज से गौरी पूजन किया गया हमारे रीति रिवाज और परंपरा के अनुसार रंगोली में घर के प्रवेश द्वार से लेकर गौरी की स्थापना वाले स्थान तक लक्ष्मी के पैरों के निशान से गोरी लेकर आने वाली महिला के पैर दूध और पानी से धोने के बाद उन पर कुकवा स्वास्तिक बनाया जाता है अब आते समय भी गौरी के मुकुट मुखोटे लक्ष्मी के पैर के निशान बनते हुए लेकर आए गोरी के आने पर थाली या घंटी बजाकर गौरी का स्वागत किया गौरी की स्थापना करने के पहले उन्हें घर की समृद्धि दूध देने वाले स्थान का दर्शन किया जाता है महाराष्ट्र की यहां संस्कृति है और इनमें से अधिकांश संस्कृतियों 500 साल वर्ष पुरानी है महापूजन में पत्तों और फूलों की व्यवस्था की जाती है सेवंती की चोटी बनाई जाती है माला फूल केवड़े के पत्ते लहराहे जाते हैं गौरी की स्थापना के दूसरे दिन नक्षत्र पर दूसरों का पूजन कर महनावेद चढ़ाते हैं घर आई गोरी को कुछ खास तरह का खाना खिलाने का एक तरीका है महेर वॉशिंन बड़ी गोरी को पौराणिक भेंट दी जाती है प्रसाद के रूप में परोसे जाने वाले भोजन में आम तौर पर पूरन पोली विभिन्न मिठाइयां शामिल रहती है। गौरी विसर्जन गौरी देवी की विदाई का प्रतीक है इन दिनों हर सुबह महिलाएं सूती व रेशम से बने धागों में गांठे बनती हैं इन धागों को हल्दी सूखे मेवे सुपारी फुल गंदे के पत्ते और रेशम के धागे से सजाया जाता है इनमें हल्दी रेशम का धागा गेंदे के पत्ते और सुपारी का विशेष महत्व होता है बाद में गौरी महालक्ष्मी पूजा और आरती की जाती है प्रसाद के रूप में सेवई की खीर भुने हुए उड़द दाल के पापड़ चढ़ाए जाते हैं। लगभग 20 सालों से यह परंपरा तानाजी का परिवार निभाते आ रहे हैं।

# मेरी माटी मेरी देश पर विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



ररूहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 में प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदानी एवं ब्याख्याता जितेन्द्र जेहोआश सर के मार्गदर्शन में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया गया जिसमें महान व्यक्तित्व एवं स्वतंत्रता आंदोलन के वीर सपूतों स्थानीय वीरों, आदिवासीयों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति लोगो के मन में त्याग, समर्पण, नैतिकता, राष्ट्रीयता, देश प्रेम की भावना जागृत करने हेतु इस प्रकार का कार्यक्रम किया गया जिसमें सर्वप्रथम शिक्षक, छात्र व जन समुदाय द्वारा पौधा रोपण किया गया उसके बाद छात्रों द्वारा मिट्टी से दीया, पोला, महापुरुषो की मूर्ति व विभिन्न वस्तुओं का निर्माण किया गया।तत् पश्चात शिक्षक, छात्र, एसएमसी सदस्य व गण मान्य नागरिकों को प्रधान पाठक विनोद वर्मा द्वारा मेरी माटी मेरा देश का शपथ दिलाया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी एन बी स्कूल के व्याख्याता जेहोआश, प्राथमिक शाला बांसटाल तिल्दा के हेड मास्टर पान्से सर, एसएमसी अध्यक्ष तीजन बाई नवरंगे सदस्य रानी गोस्वामी कुसुम निषाद पुष्पा मानिकपुरी कलेश्लवरी ध्रुव ,प्रभा यादव, माधुरी ध्रुव एवं गण मान्य नागरिक के रूप में ममता सेन कुमारी साहू अलीना देवार आदि उपस्थित रही कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता रानी जेहोआश सविता वर्मा एवं संध्या वर्मा मैडम का विशेष योगदान रहा।

# त्याग हमारी आत्मा को स्वस्थ और सुंदरतम बनाता है : दिनेश जैन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यूषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग का दिन कहलाता है। त्याग में आत्महित का भाव है त्याग कर मनुष्य सारभूत आत्म स्वभाव को प्राप्त कर लेता है। वास्तविक त्याग÷ पर÷ में नहीं स्वयं में है। आज के दिन शांति धारा करने का सौभाग्य समाज के उपाध्यक्ष संजय पाटनी (मटरू काका)श्रेयांश जैन को प्राप्त हुआ। पूर्व की तरह मंत्र उच्चारण का कार्य सांगानेर से आए हुए भैया जी और पंडित धन प्रसाद जी जैन द्वारा पूर्ण हुआ। शांति धारा करने के पश्चात संजय पाटनी, दिलीप जैन, प्रवीण जैन, संदीप जैन, अखिलेश जैन, और अन्य समाज जन ने बताया कि, त्याग के बिना कुछ भी पाना संभव नहीं है, क्योंकि सांस लेने के लिए भी पहले सांस छोड़नी पड़ती है । और त्याग को आत्महित का भाव बताया है।,, समाज में पर्यूषण पर्व पर अति उत्साह का वातावरण है । जैन मंदिर में समाज जन में, समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी, महावीर, पदमचंद, महेंद्र जैन, प्रमोद जैन, मिश्रीलाल जैन, लेखचंद जैन, समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन, नितिन जैन, सुभाष जैन, सुमित जैन, विपिन जैन, सुरेश जैन, नरेंद्र जैन, अजेशजैन, लकी जैन, अजीत जैन, निक्की, और महिला मंडल में, सुमन जैन, अंजू जैन, संगीता जैन, मीना जैन, एकता जैन, डिंपल जैन ,ज्योति जैन, रीतजैन, मनाली जैन, अनिका जैन, उपस्थित थे।

# दशरमा का सार्वजनिक शौचालय चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

### सरपंच सचिव की मिलीभगत से सरपंच पति अंगद यदु ने लाखों रुपए आहरण किए

सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में सरपंच पति अंगद यदु द्वारा लाखों रुपए की राशि का आहरण पंचायत से किया गया है जो कि पंचायती राज अधिनियम के विरुध्द है उसके बावजूद उच्च अधिकारी मौन होकर लिखित शिकायत की प्रतीक्षा का बहाना बनाकर मामले को दबाने के प्रयास में दिखाई पड़ते प्रतीत होते है चूंकि पूर्व में भी लगातार पंचायत भवन में ताला लगना और भ्रष्टाचार का प्रकाशन मीडिया सहित सोशल मीडिया आदि में प्रकाशन हो चुका है उसके बावजूद आला अधिकारी मौन बैठकर लिखित शिकायत का इंतजार कर रहे है।

जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम पंचायत दशरमा में जनता के उपयोग के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय में जमकर किया गया है भ्रष्टाचार, शासन द्वारा आए 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि को सरपंच एवं सचिव ने मिलकर खानापूर्ति कर निर्माण कराया गया है। शौचालय में ना पानी की व्यवस्था है ना विद्युत की व्यवस्था है ना ही बोर हुआ है फिर भी सार्वजनिक शौचालय के छत के ऊपर पाईप लगे हुए हैं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो वर्ष 2021 में सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए शासन से 3 लाख 50 हजार राशि आया गया था जिसका सार्वजनिक शौचालय निर्माण होना था किंतु सरपंच/सचिव की मिली भगत से यह सार्वजनिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया निम्न स्तर के मटेरियलों का उपयोग कर निर्माण किया गया है जिस कारण से टाइल्स उखड़ने लग गये है। शौचालय के छत से पानी टपक रहा है। वहीं कहीं ना कहीं शौचालय निर्माण में मूल्यांकन सत्यापन करने वाले अधिकारी के भी उक्त कार्य में सहभागिता दिखाई दे रही है तभी इतना घटिया और निम्न स्तर के सुविधाविहीन शौचालय का निर्माण हुआ है। वहीं दूसरी खंड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है जिसमें अनावश्यक ताला लगाया दिया गया है जिस कारण से गांव की महिलाएं शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रही हैं उन्हें खुले में ही जाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो दशरमा पंचायत में सरपंच सचिव की भ्रष्टाचार की अनगिनत मामले निकलकर सामने आ रहे हैं किंतु अधिकारियों के संरक्षण के चलते इस पंचायत में कभी भी किसी कार्य की जांच नहीं हुई। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो सरपंच को गांव की बागडोर संभालते हुए लगातार यह दूसरा कार्यकाल है वही सचिव संगीता मिश्रा को लगभग 9 सालों से एक ही पंचायत में डटी हुई है। सरपंच और सचिव की लंबे अंतराल की जोड़ी के कारण से पंचायत के अधिकतर कार्य सरपंच पति अंगद यदु से कराया जाता है, जिस वजह से पंचायत के संचालन में भी अंगद यदु की विशेष भूमिका प्रतीत होती है।

शौचालय निर्माण के संबंध में जानकारी लेने जब पंचायत कार्यालय पहुंचे तो पंचायत भवन में पूर्व की भांति ताला लटका हुआ था वहां से सचिव के मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं कार्य के संबंध में जनपद आई हूं। वही सार्वजनिक शौचालय के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा ढुलमुल जवाब देते हुए कहा गया कि मैं आज नहीं बता पाऊंगी।

**संगीता मिश्रा सचिव ग्राम पंचायत दशरमा,**

सरपंच पति अंगद यदु से मोबाइल में बात करने पर पता चला कि वह अभी बाहर हैं इस कारण से सरपंच से मुलाकात अभी नहीं हो पाएगी।

**अंगद यदु सरपंच पति दशरमा**

### जनपद सीईओ को लिखित शिकायत का इंतजार

पूर्व की भांति पंचायत में ताला लगे रहने के कारण जनपद सीईओ को फोन लगाया गया तो उनके द्वारा भी गोलमोल जवाब देते कहा गया कि लिखित शिकायत पत्र आने पर ही कार्यवाही की जा सकती है ।

**रवि कुमार जनपद सीईओ बलौदाबाजार**

# सुकमा की सड़कें इतनी जर्जर की नहीं पहुंच पाती एम्बुलेंस

## मामला छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मुंडवाल का जर्जर सड़क होने के कारण घण्टों फंसी रही एम्बुलेंस



राहगीरों की मदद से निकाली गई एम्बुलेंस

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीण किस कदर आवश्यक सुविधाओं के लिए मोहताज हैं इसकी एक बानगी ग्राम पंचायत चिंतलनार के ग्राम मुंडवाल में देखने को मिलता हैं जहाँ जर्जर मार्ग होने के कारण एम्बुलेंस नहीं पहुँच पाती है घण्टों एम्बुलेंस का फंसना आम बात हो गई है ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी भी बारिश हुई तो गाड़ियों का फंसना आम बात हो गई है ताजा मामला है। ग्राम मुंडवाल की शिशुवती बुधरी पति कोसा राम की जो कुछ दिनों पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुसपाल में भर्ती हुई थी जिसे डिलवरी के पश्चात उनके गृह ग्राम मुंडवाल में एंबुलेंस छोड़ने जा रही थी और सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण एंबुलेंस रास्ते में ही घण्टों फंसी रही जिसे उस मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की मदद से निकाला गया।ग्रामीणों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह आए दिन की घटना है इस दिशा में तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

### पेशेंट को छोड़ने के पश्चात पुन: फंसी एम्बुलेंस

विदित हो किसी तरह उक्त खराब सड़क से निकल कर एम्बुलेंस ने पेशेंट को उसके घर छोड़ दिया परन्तु वापसी के दौरान पुनः उसी स्थान पर घण्टों एम्बुलेंस फंसी रही फिर किसी तरह मदद मिलने पर एम्बुलेंस को वहाँ से निकाला जा सका।

### विकास का पहिया शहरों में ही थम गया है : दीपिका

इधर भाजपा मीडिया पैनलिस्ट मेम्बर छत्तीसगढ़ अधिवक्ता दीपिका शोरी को इस



बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार के विकास का पहिया शहरों में ही थम गया हैं गाँव के लोगों का इनको कोई ख्याल नहीं है आप कांग्रेस सरकार की किसी भी योजना को ले लें यह सिर्फ शहरों और सड़क के किनारे बसे हुए कस्बों तक ही सीमित हैं इन सभी स्थानों पर किए गए स्तरहीन कार्यों को दिखाकर भोले भाले ग्रामीणों को छलने का कार्य कर रहे हैं जब राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की यह हालत है तो आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि अंदर के हालात क्या होंगे।

# कांग्रेस की सरकार पर लता उसेंडी का आरोप, आवास योजना में धोखा

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



लता उसेंडी ने इस घोषणा को एक ढोंग के रूप में चर्चा किया हैं और कहा हैं कि भूपेश बघेल की सरकार चुनावी तरीके से गरीबों को पक्के मकान से वंचित रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी बताया पहले भी छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए आवास नहीं बनने दिया गया था और भूपेश बघेल की सरकार ने इस पर कोई सुधार नहीं किया।

उन्होंने यह भी उजागर किया कि कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण आवास योजना के तहत केवल 30 हजार हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिया हैं, जबकि 47 हजार पक्के मकान देने के लिए बजट तो दिया हैं, लेकिन उन्होंने यह सवाल उठाया की इतने कम पैसों में पक्के मकान कैसे बन सकते हैं। उन्होंने इसे भी फरेब के रूप में देखा और कहा राज्य सरकार गरीबों को योजना के तहत आवास नहीं दिलाने की कोशिश कर रही है। लता उसेंडी ने भी इस बार की घोषणा को चुनावी तरीके से किए गए झूठे वादों की तरह चर्चा किया और कहा भूपेश बघेल केवल चुनाव के पहले ही गरीबों के लिए यह आवास बनाने की घोषणा कर रहे हैं, जबकि पहले क्यों नहीं।

वह भी यह सवाल पूछती हैं कि, जब केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16 लाख मकान स्वीकृत किए और पैसा दिया, तो छत्तीसगढ़ में यह आवास क्यों नहीं बनाए गए।

वह यह भी जिक्र करती हैं कि, भूपेश बघेल की सरकार ने केवल नाम के लिए इस योजना को घोषित किया हैं और काम करने का इरादा नहीं हैं। उनके अनुसार, गरीब जनता इसे चुनावी तरीके से दिखावा समझ चुकी हैं और उनके लिए यह एक और झूठी घोषणा हैं।

लता उसेंडी ने भूपेश बघेल की सरकार के काम को चुनौती देते हुए कहा कि, भाजपा की सरकार ने केंद्र के नेतृत्व में विकास किया और जनता को केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलाया, जबकि कांग्रेस की सरकार ने इसे वंचित किया। वह यह भी कहती हैं कि, गरीब जनता को केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित करके कांग्रेस सरकार ने उनका हक छीन लिया हैं।

# लर्निंग लाइसेंस हेतु जिले के समस्त विकास खंडों में किया जाएगा शिविर का आयोजन

### विकासखण्डों में लाइसेंस बनाने हेतु शिविरो की तिथियां जारी

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में नागरिकों के सुविधा की दृष्टि से जिला परिवहन विभाग की सहायता से जिले के समस्त विकास खंडों में 6 अक्टूबर 2023 जनपद पंचायत गीदम, 13 अक्टूबर जनपद पंचायत कटेकल्याण, 20 अक्टूबर जनपद पंचायत कुआकोण्डा तथा 27 अक्टूबर जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा में अस्थायी लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से 5:30 बजे तक किया जाएगा। शिविर में अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) परिवहन सुविधा द्वारा बनाया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस, टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, निर्धारित है। इस संबंध में अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड या बिजली बिल, या वोटर आईडी या पैन कार्ड, पासपोर्ट और शासन द्वारा जारी आईडी, आवश्यक किया गया है। साथ ही 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति भी लर्निंग लाइसेंस हेतु अनिवार्य रहेगी।

# बड़ेकनेरा में हुआ ओलंपियाड का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के निर्देशानुसार संकुल केंद्र-बड़ेकनेरा कोंडागांव जिले के उच्च प्राथमिक शाला कदमपारा में ओलंपियाड एवम् सामान्य ज्ञान स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस बारे में जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस आयोजन में संकुल के प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के बच्चों ने प्रतिभाग किया और गणित, विज्ञान, पर्यावरण और सामान्य ज्ञान हेतु सभी के लिए प्रत्येक विद्यालय से दो-दो छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक वर्ग से गणित में प्रथम यशवंत कश्यप प्राथमिक शाला नवागुड़ा, द्वितीय लिखित जनगाम सरस्वती शिशु मंदिर बड़ेकनेरा, पर्यावरण में प्रथम किस्मिता नेताम प्राथमिक शाला कदम पारा, द्वितीय मयंक कोर्राम शिशु मंदिर बड़ेकनेरा, सामान्य ज्ञान में प्रथम लूपेंद्र नायक प्राथमिक शाला खुटगुड़ा, द्वितीय हर्षिता ठाकुर शिशु मंदिर बड़ेकनेरा, माध्यमिक वर्ग में विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम डिम्पी पटेल उच्च प्राथमिक शाला कदम पारा, द्वितीय नंदनी पटेल शिशु मंदिर बड़े कनेरा, गणित में प्रथम केशव पटेल उच्च प्राथमिक शाला कदम पारा, द्वितीय किरण पटेल उच्च प्राथमिक शाला कदम पारा, सामान्य ज्ञान में प्रथम किरण पटेल उच्च प्राथमिक शाला कदम पारा, द्वितीय केशव बघेल उच्च प्राथमिक शाला कदम पारा ने स्थान प्राप्त किया, प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को अतिथि के रूप आमंत्रित बलदेव कोर्राम भूतपूर्व संकुल समन्वयक बकोदागुड़ा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक बड़ेकनेरा आरपी मिश्रा, सतीश जनगाम, प्रेम कुमार नेगी, संजय पटेल, श्रवणदास मानिकपुरी, हेमबती कश्यप, मोहिनी साहू, आशा मंडावी, बलराम देहारी, अनत पोयाम, बलदेव कोर्राम, किस्मत नेताम, तुलसी कुलदीप, जयलाल नेताम उपस्थित रहें।

# डॉ. जयदेव बघेल की कला को याद करते हुए नवल शुक्ल की भूमिका

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव में डॉ. जयदेव बघेल की स्मृति में संवाद का आयोजन किया गया, जिन्होंने धातु शिल्प को देश-विदेश में यश प्राप्त किया। इस संवाद में उनके पुत्र भूपेंद्र बघेल और शिल्पकला के विशेषज्ञों ने उनके योगदान को सराहा। इसके साथ ही कला के विकास और बाजारीकरण के मामले पर भी चर्चा की गई। स्मारक समारोह में आदिवासी लोक कला अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद् और संस्कृति विभाग रायपुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके शिल्पकला के योगदान को प्रमोट करने के लिए यह संवाद आयोजित किया गया। स्मारक समारोह के दौरान अध्यक्ष नवल शुक्ल ने जयदेव बघेल की कला को याद करते हुए उनके महत्व को बताया। बस्तर और आदिवासी कला के प्रतिनिधि के रूप में उन्हें मान्यता थी। उन्होंने बताया कि, उन्होंने ग्रामीण और आधुनिक कलाकारों के बीच एक सेतु बनाई, जिससे संवाद को संभव बनाया। बघेल के सुपुत्र भूपेंद्र ने उनके कला संसार को स्मरण किया और उनके योगदान की महत्वपूर्ण बातें साझा की।

# शामपुर में बनाया गया एनएसएस दिवस



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 24 सितंबर को एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भानु सिंह ठाकुर पंच ग्राम पंचायत शामपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच जगदीश नेताम उपस्थित रहें। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती व युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत की गई।

तत्पश्चात भाषण गीत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भानु सिंह ठाकुर के द्वारा उद्बोधन में कहा कि, एनएसएस में भाग लेना सौभाग्य की बात हैं अपने जीवन में मैंने में भाग लिया था जो बहुत कुछ सीखने का मौका मिला और आज अपने जीवन में मैं उसका उपयोग कर रहा हूं हमें एन एस एस आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना सिखाती हैं। इसे पूरे भारतवर्ष में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकालू राम मरकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि, एनएसएस का इतिहास बहुत पुराना हैं जो हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए सिखाती हैं और चरित्र निर्माण की सीख देती हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार के द्वारा उद्बोधन ने कहा कि, एनएसएस सर्वप्रथम 1969 में प्रारंभ की गई, उसी दिन से आज तक हम मनाते आ रहे हैं। एन एस एस आज समाज एवं देश के विकास एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। एन एस एस के माध्यम से गांव गली मोहल्ला राज्य देश की स्वच्छता कर सकते हैं और हम समय पड़ने पर देश में जब विपत्ति आए तो देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए जैसा की कोरोना कल में महामारी फैल हुआ था उसमें हमारे एन एस एस छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सेवा करने में भाग लिया, इस अवसर पर भाषण गीत कविता निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी एन एस एस छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वल्पाहार वितरण किया गया।

### आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के द्वितीय चरण में विभिन्न पंचायतों में 'अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन



**बीजापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत 'मेरी मारी मेरा देश' कार्यक्रम के द्वितीय चरण के दौरान बीजापुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में 'अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे ग्राम पंचायत स्तर में वीरों का वंदन करते हुए कलश में मिट्टी एवं चावल एकत्र करते हुए रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे ग्रामीण, विद्यार्थी, अध्यापक, शहीदों के परिवार जन एवं केन्द्रीय तथा राज्य के पुलिस बल के जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कुटारा के मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य, जेवी तुसिंग कमांडेन्ट 85 बटालियन सीआरपीएफ, रविकुमार साहू सीईओ जिला पंचायत, गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत एवं नोडल अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि ,गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# किसानों के लिए एक और किसान योजना शुरू मिशन–केसरिया के तहत अनाटो की खेती को बढ़ावा

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




मिशन ब्लैक गोल्ड और मिशन-केसरिया बस्तर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण क्रांति का प्रतीक हैं। ये मिशन सरकारी नहीं हैं, बल्कि ये एक जैविक किसान संघटना, मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, समाजसेवी संस्थान संपदा और स्थानीय मीडिया-संगठनों के साथ मिलकर बस्तर के जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। इन मिशनों के तहत काली-मिर्च और अनाटो की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कि बस्तर के किसानों के लिए मुफ्त है। इस बारे में राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि, मिशन ब्लैक गोल्ड के अंतर्गत, बस्तर में मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म और रिसर्च सेंटर कोंडागांव द्वारा विकसित किया गया हैं और यह काली-मिर्च की नई और उत्पादक वैरायटी मां दंतेश्वरी कालीमिर्च-16 एमडीएबी 16 का उत्पादन कर रहा हैं, जो देशभर में मान्यता प्राप्त कर रहा हैं। इसके तहत खेतों में बड़ी मात्रा में काली-मिर्च की खेती की जा रही हैं, जो किसानों को अतिरिक्त आमदनी प्राप्त करने में मदद कर रही हैं। मिशन-केसरिया के तहत एक और उत्पादक फसल, अनाटो (सिंदूरी) की वैरायटी एमडीएबी 16 का विकास हो रहा है, जो दूसरी वैरायटी की तुलना में दुगुना उत्पादन कर रही है। यह फसल किसानों के लिए निशुल्क मिल रही हैं और उन्हें इसे उपयोग करने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। इन मिशनों के सफल क्रियान्वयन के लिए मां दंतेश्वरी हर्बल समूह ने सर्वांगीण समर्थन और निशुल्क तकनीकी सहायता के साथ क्रियान्वित किए हैं और संपदा समाजसेवी संस्थान भी इसमें सहयोग कर रहा हैं। इस मिशन के तहत लगभग 7 करोड़ रुपए के पौधे निशुल्क बांटे जाएंगे और इसके परिणामस्वरूप बस्तर में काली-मिर्च, मसालों और हर्बल्स का एक बड़ा हब बन सकता हैं, जिससे पर्यावरण की रक्षा भी होगी। इसके अलावा, किसानों को जड़ी बूटियों की खेती की जानकारी, बीज, और विपणन भी प्रदान किया जा रहा है। यह मिशन बस्तर के किसानों को समृद्धि दिलाने का मिशन है, जिससे उनका जीवन सुधरेगा और पर्यावरण का साथ दिया जाएगा। इसका एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ये पौधे मुफ्त मिल रहे हैं और उनके उत्पादन की मार्केटिंग सुविधा भी प्रदान की जा रही है। डॉ. त्रिपाठी के संगठन और किसानों की मेहनत ने बस्तर के किसानों के लिए नये दिन की आसमान में सितारे बिखेरे हैं और आशा हैं कि, इसके साथ ही बस्तर का पर्यावरण भी सुधरेगा। इस मिशन के जरिए, बस्तर के आदिवासी किसानों को नये रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनका जीवन बेहतर होगा

## निविदा गड़बड़ी को लेकर भाजपा ने कलेक्टर से की जांच की मांग

# विधायक के चहेतों को लाभ देने की मंशा से निविदा प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा : भाजपा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत भोपालपट्टनम द्वारा अधोसंरचना मंद अंर्तगत निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित पद्धति में गड़बड़ी को लेकर भाजपा ने जाँच की मांग करते हुए जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कलेक्टर को आवेदन दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया है कि नगर पंचायत भोपालपट्टनम द्वारा अधोसंरचना मंद अंतर्गत कुल बारह निर्माण कार्य हेतु पत्र क्रमांक 641 दिनांक आठ अगस्त को मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित किया गया था और आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त व निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि एक सितंबर एवं निविदा जमा खोलने की अंतिम तिथि आठ सितम्बर रखी गई थी। इस पूरे प्रक्रिया में समय निर्धारित नही किया गया था जो कि पूर्वतया मिथ्या व फर्जी था जबकि निविदा आमंत्रण हेतु बहुप्रसारित प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन किया जाना चाहिए था जो कि ऐसा नही किया गया। मुदलियार ने आगे बताया है कि निविदा प्रपत्र भी नगर पंचायत भोपालपट्टनम द्वारा नही दिया गया और न ही निविदा प्रपत्र प्राप्ति की रसीद काटी गई व रसीद की राशि भी निर्धारित समय मे जमा नही किया गया।उक्त कृत्य से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्थानीय विधायक और नगर पंचायत भोपालपट्टनम के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी द्वारा चहेते ठेकेदार एवं सत्तारुढ़ राजनीतिक दल के सदस्यों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जीवाड़ा किया गया है। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी द्वारा निविदा संबंधित प्रक्रिया का पालन न कर फर्जी एवं गोपनीय तरीके से बेक डेट में कर विधायक के चहेतो को आर्थिक लाभ पहुंचाने की मंशा से किया गया है यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। वहीं श्रीनिवास मुदलियार ने यह भी बताया कि ठीक इसी तरह का फर्जीवाड़ा का खेल नगर पंचायत भैरमगढ़ के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी द्वारा भी लगभग दो करोड़ की निर्माण कार्यों में गोपनीय टेंडर दी है। इसकी भी जाँच की मांग किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने निविदा गड़बड़ी के खेल में विधायक पर आरोप लगाया है कहा कि तमाम उक्त कृत्य निजी कमीशन के लिए स्थानीय विधायक ने दबाव में कार्य करवाया है। वहीं अब दोनो नगर पंचायत से जारी निविदा की निष्पक्ष जाँच कर टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उचित कार्यवाही की मांग भाजपा की ओर से किया गया है।

### सब्जी मंडी की परमिशन पर रितेश ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**कोंडागांव।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष व मरार पटेल समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया



हैं। ज्ञात हो कि, सर्व पिछड़ावर्ग समाज जिला कोंडागांव द्वारा मुख्यमंत्री कार्यक्रम मे माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष कोंडागांव जिला मुख्यालय मे सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ राशि की मांग की थी जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने त्वरित रूप से स्वीकृति प्रदान करते हुए 2 करोड़ रुपए राशि प्रदान करने की घोषणा की हैं। पिछड़ा वर्ग समाज को भवन मिलना समाज की बड़ी उपलब्धि हैं समाजिक संगठन को बनाये रखने मे सामाजिक भवन का होना बहुत जरूरी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी समाज को अपना खुद का एक भवन हो की सोच रखते सभी समाज का सम्मान करते हुए भवन देने का ऐतिहासिक कार्य किया हैं। रितेश पटेल ने आगे बताया कि, कोंडागांव मे सब्जी मंडी खोलने मरार समाज की लम्बे समय से मांग रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मरार समाज की मांग पर मुहर लगाते हुए सब्जी मंडी खोले जाने की घोषणा किया। सब्जी मंडी खुलने से मरार समाज के साथ साथ सभी सब्जी उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।


**कार्यालय सेनानी, पुलिस प्रशिक्षण शाला, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

दूरभाषः- कार्यालय फोन/फैक्स 07782-225258, email :- aptsjdr@gmail.com

क्रमांक-पीटीएस/सा.अ./निविदा/R/421-B/2023 जगदलपुर, दिनांक 22/09/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

सेनानी पुलिस प्रशिक्षण शाला, जगदलपुर में 150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहरे नलकूप का डी.टी.एच. ड्रिलिंग रिंग द्वारा खनन व उससे संबंधित कार्यों हेतु नीचे उल्लेखित स्थानों के लिए ई पंजीकृत ''डी'' श्रेणी एवं उच्च श्रेणी ठेकेदार से प्रभावी अनुसूची दर 01.06.2020 के अनुसार कार्य के लिए पृथक-पृथक मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यालय से कोरे निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि 16.10.2023 समय अपरान्ह 5:30 बजे तक। पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 19.10.2023 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि 19.10.2023 समय अपरान्ह 4:00 बजे। निविदा खोलने का स्थान - कार्यालय सेनानी, पुलिस प्रशिक्षण शाला, लालबाग जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) है।

| क्र. | कार्य का नाम व कार्य स्थल | प्राक्कलन लागत (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01 | पुलिस प्रशिक्षण शाला कैम्प परिसर लालबाग जगदलपुर में पेयजल हेतु 01 नग नलकूप खनन कर पाईप लाईन स्थापना कार्य। | 4,69,000.00 | 3,550.00 |
| 02 | पुलिस प्रशिक्षण शाला आवासीय परिसर कगोली जगदलपुर में पेयजल हेतु 01 नग नलकूप खनन कर पाईप लाईन स्थापना कार्य। | 4,69,000.00 | 3,550.00 |

नोट :-
01. निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन पत्र के साथ पृथक-पृथक चालान (''लेखा शीर्ष 0055-पुलिस मिसलेनियस, 800-अन्य प्राप्तियाँ'' शीर्ष में राशि रू. 750/- जमा किया) की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र प्रदाय की जावेगी।
02. निविदा संबंधित अन्य जानकारी हेतु कार्यालय सेनानी पुलिस प्रशिक्षण शाला लालबाग जगदलपुर के कार्यालयीन दिवस/समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

सेनानी
पुलिस प्रशिक्षण शाला
जगदलपुर

G-05642/3

# निज्जर की हत्या कनाडा के आरोप

**निज्जर की हत्या** पर अमेरिका व कनाडा के राजदूतों द्वारा लगाए आरोपों का भारत को विस्तृत व कठोर जवाब देना चाहिए। भारतीय मूल के खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के कथित आरोप भारतीय एजेंटों पर लगाए गए हैं जिससे भारत-कनाडा संबंध अब तक सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। स्थिति बिगड़ने पर कनाडा ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निकाल दिया और भारत ने इसका वैसा ही जवाब दिया। नई दिल्ली में कनाडा की वीसा सेवा स्थगित कर दी गई है।

हालांकि, निज्जर की हत्या को वर्तमान टकराव का कारण बताया जा रहा है, पर भारत और कनाडा के बीच संबंध पिछले काफी समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं। कनाडा में पंजाब के भारतीय लोगों की संख्या काफी है और उनमें से अनेक 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक हैं। भारत ने बार-बार कनाडा से ऐसे दुष्ट तत्वों पर लगाम लगाने को कहा है, लेकिन इस मांग पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। अब एक और प्रकरण ने स्थिति ज्यादा बिगाड़ी है। कनाडा में अमेरिकी राजदूत ने कहा है कि निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता से भारत की छवि खराब हुई है। हालांकि, इन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिए गए हैं, पर संभवतः इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हुई है तथा कनाडा के साथ संबंधों में तनाव आया है।

आरोप है कि कथित रिपोर्ट के कारण प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या तथा भारत सरकार के बीच 'संभावित' संबंध के आरोप लगाए। भारत ने ट्रूडो के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए इनको 'मूर्खतापूर्ण' व 'दुर्भावना से प्रेरित' बताया है।

कनाडा में अमेरिकी राजदूत डेविड कोहेन ने 'फाइव आइज़ नेटवर्क' का संदर्भ देते हुए भारत पर आरोप लगाए हैं। फाइव आइज़ खुफिया नेटवर्क में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। यह नेटवर्क वैश्विक खुफिया सूचनाओं का साझा करता है। डेविड कोहेन की टिप्पणी अमेरिकी प्रशासन के अधिकारी द्वारा इस बात की पहली स्वीकारोक्ति है कि 'फाइव आइज़ नेटवर्क' के अंतर्गत कनाडा से उसकी खुफिया सूचनाओं का साझा होता है।

अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकेन ने भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों पर गंभीर चिन्ता जताई है और कहा है कि अमेरिका इस मामले पर कनाडा के साथ निकट समन्वय कर रहा है तथा वह जांच के माध्यम से जवाबदेही तय करना चाहता है। भारत सरकार को ऐसी स्थिति में दुनिया के सामने अपना पक्ष और मजबूती से रखना चाहिए। उसे दुनिया को बताना चाहिए कि भारत ने 2020 में ही निज्जर को आधिकारिक रूप से आतंकी घोषित कर दिया था। वह एक घोषित भगोड़ा था जिसने बेअंत सिंह की हत्या पर खुशी मनाते हुए भारत के खिलाफ खुलेआम सशस्त्र संघर्ष छेड़ने का आह्वान किया था। हमारा देश 'न्यायेत्तर हत्या' के पक्ष में नहीं है और उसने कनाडा सरकार से कई अवसरों पर अपनी धरती से चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने को कहा है, पर इनका कोई नतीजा नहीं निकला। जस्टिन ट्रूडो अपनी गिरती रेटिंग सुधारने के लिए कनाडा में खालिस्तान-समर्थकों के हाथों में खेल रहे हैं जिनका वहां काफी प्रभाव है। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि यह कदम दूरगामी रूप से हानिकारक हो सकता है। इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा है जहां अतिवादियों ने अपनी मदद करने वालों को ही नुकसान पहुंचाया है।

# एकसाथ चुनाव: प्रगति का रास्ता

## बार-बार चुनाव राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव डालते हैं। इसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ता है तथा शासन-प्रशासन में बाधा आती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों व अन्य स्थानीय निकायों के एकसाथ चुनाव कराने पर विचार कर रही है। हालांकि, इस समिति ने अभी विचार-विमर्श शुरू किया है और इसकी पहली बैठक 23 सितंबर, 2023 को हुई, पर अनेक विपक्षी दलों ने इस विचार का घोर विरोध किया है। विपक्ष का विरोध नया नहीं है। उसने 2019 में भी इसका विरोध किया था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस साल 19 जून को आयोजित बैठक में 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई का विचार सामने रखा था। बैठक में आमंत्रित लगभग 50 प्रतिशत राजनीतिक दलों ने इस बैठक का बहिष्कार किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि इसके विरोध का क्या कारण है? विपक्ष का मुख्य आधार है कि यह संघीय राजनीति पर हमला है और इस कारण असंवैधानिक है। पार्टियों का तर्क है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होने पर राज्यों के विशिष्ट मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दों का वर्चस्व हो जाएगा। इसका नतीजा प्रभुत्वशाली राष्ट्रीय पार्टी को लाभ के रूप में सामने आएगा क्योंकि मतदाता विधानसभा के लिए सदस्य चुनते समय वोट देने में अपनी पसंद स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं कर पाएंगे। इस प्रकार लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने वाली पार्टी को राज्यों की जनता का स्थानीय मुद्दों पर विश्वास नहीं प्राप्त होगा, लेकिन वह राज्यों पर भी शासन करेगी। अधिकांश विपक्षी दलों को भय है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा लाभ की स्थिति में है और वह पूरे देश में अपनी सरकारें बनाने में सफल हो जाएगी। इससे संविधान का संघीय चरित्र प्रभावित होगा जिसमें राज्यों के मुद्दे स्थानीय आवश्यकताओं व महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होते हैं।

लेकिन ऐसे तर्क पूर्णतः गलत हैं। इसमें अनुमान लगाया गया है कि एकसाथ संसद व विधानसभाओं के लिए मतदान करने कम समय मतदाता अपनी पसंद प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय पार्टी या प्रकारान्तर से भाजपा के पक्ष में प्रकट करेंगे। लेकिन यह विश्वास कैसे किया जा सकता ह कि एकसाथ लोकसभा और राज्य विधानसभा के लिए वोट देने में मतदाता भ्रमित हो जाएंगे? यह 'शिक्षित' मतदाताओं की 'सूचना-आधारित' मतदान की क्षमता पर गंभीर सवाल उठाता है। मामला ऐसा बिल्कुल नहीं है। मतदाता इतने बुद्धिमान हैं कि वे सही पसंद करते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव तथा कुछ राज्य विधानसभाओं, जैसे आंध्र प्रदेश व ओडिशा के परिणाम यह बात पूरी तरह स्पष्ट करते हैं। ये चुनाव एकसाथ हुए थे। राष्ट्रीय विमर्श के प्रभुत्वशाली ढंग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में होने के बावजूद इन राज्यों के मतदाताओं ने क्षेत्रीय पार्टियों को स्पष्टतः प्रमुखता दी थी। उस समय वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत मिला था। हालांकि, मतदाताओं ने लोकसभा और विधानसभा के लिए एकसाथ मतदान किया था, लेकिन इससे उनको स्थानीय मुद्दों को महत्व देने में कोई बाधा नहीं आई थी। विपक्ष के तर्क एक और दृष्टिकोण से पूरी तरह गलत सिद्ध होते हैं। उपरोक्त उदाहरणों में, राज्य विधानसभाओं में स्पष्ट बहुमत पाने के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस तथा बीजू जनता दल को राज्य से लोकसभा की सीटों में भी बड़ा हिस्सा मिला था। यदि विपक्ष के इस तर्क पर विश्वास कर लिया जाए कि एकसाथ चुनाव होने पर मतदाताओं की पसंद भ्रमित हो सकती है, तो क्या हमारे कहने का यह अर्थ है कि 'राष्ट्रीय मुद्दों पर स्थानीय मुद्दों को वरीयता प्राप्त है'?मुख्य बात यह है कि मतदाता काफी बुद्धिमान हैं और वे लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के लिए मतदान में अंतर कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने के समय मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों से निर्देशित होते हैं, जबकि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के समय उनके दिमाग में स्थानीय मुद्दे होते हैं। मतदाता इसलिए भी भ्रमित नहीं होते हैं कि उनको एकसाथ अलग-अलग बटन दबाने होते हैं। एकसाथ चुनाव कराने में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। भारतीय संविधान के निर्माताओं ने केवल एकसाथ चुनावों की कल्पना की थी। वास्तव में 60 के दशक मध्य तक चीजें पटरी पर चल रही थीं। लेकिन इसके बाद तत्कालीन सत्तारूढ़ अवस्थापना ने 1968-1969 में कुछ विधानसभाओं तथा 1970 में लोकसभा को समय से पहले भंग कर इसमें बाधा डाली। समय बीतने के साथ ही अनेक अन्य विधानसभायें भंग होने से स्थिति और बिगड़ गई। 1952 से 1957 तक पहले चरण में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ होते थे। उस समय सारी चीजें ठीक थीं, फिर आज वही स्थिति फिर बहाल करने से 'संघवाद' पर हमले की कल्पना कैसे की जा सकती है। वर्तमान व्यवस्था में जहां लगभग हर साल किसी न किसी विधानसभा के चुनाव होते हैं, राष्ट्र पर असाधारण सामाजिक व आर्थिक दबाव पड़ता है। चुनाव करवाने में केवल आधिकारिक खर्च ही नहीं होता है, बल्कि कई हजार करोड़ रुपये राजनीतिक पार्टियों को भी खर्च करने होते हैं। महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य में आधिकारिक खर्च 1,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। बार-बार चुनाव के कारण भ्रष्टाचार तथा अन्य अनैतिक व्यवहारों को बढ़ावा मिलता है क्योंकि पार्टियां भारी खर्च से निपटने के लिए पैसा एकत्र करती हैं।

इसके साथ ही 'आदर्श आचार संहिता'-एमसीसी लागू होने के कारण प्रशासन के मुद्दों से ध्यान हटता है। हर बार चुनाव शुरू होने पर सभी बड़े नीतिगत निर्णय लेने पर रोक लग जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब के कारण उनकी लागत बढ़ती है जिससे राजकोष पर असहनीय बहुत भारी बोझ पड़ता है। इसका उदाहरण डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर परियोजना पूरी होने में आया विलंब है। बार-बार चुनाव का एक सर्वाधिक चिन्ताजनक प्रभाव यह है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव जीतने के लिए एक न एक 'खैरात' की घोषणा करनी पड़ती है। देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक में दी गई 'पांच गारंटियां' इसका उदाहरण है। इस साल होने वाले सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने ऐसी ही गारंटियां दी हैं। आम आदमी पार्टी-आप जैसी पार्टियां भी इसी रास्ते पर चल रही हैं। इन खैरातों के कारण राज्यों का खजाना खाली हो सकता है।

बार-बार चुनाव होने के कारण राजनीतिक पार्टियां हर साल चुनावी तरीके से काम करती हैं। इसके कारण केन्द्र सरकार को कठोर सुधार क्रियान्वित करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। यह बात खासकर केन्द्र व राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सही है। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने उर्वरक सब्सिडी में भारी कटौती का वादा किया था, लेकिन उर्वरक सब्सिडी लगातार बहुत तेजी से बढ़ रही है। 2022-23 के दौरान यह 255,000 करोड़ तक पहुंच गई थी। इन विकृतियों को दूर करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए। भारतीय संविधान निर्माताओं की इच्छानुसार 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई बहाल किया जाना चाहिए। इससे केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना किसी विचलन के पांच साल प्रशासन पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। इससे चुनाव खर्च पर हजारों करोड़ रुपये बचाने का मौका मिलेगा, नीतिगत निर्णयों की निरंतरता सुनिश्चित होगी, परियोजनाओं तथा विकास कार्यों का अबाध क्रियान्वयन होगा, चुनाव-उन्मुख लोकरंजक खैरातों में भारी कमी आएगी तथा कठोर सुधार क्रियान्वित करने का अवसर मिलेगा।

यदि सत्तारूढ़ दल निर्धारित कार्यकाल के बीच में विश्वास मत में पराजित हो जाता है तो विपक्षी दलों ने ऐसी स्थितियों में अनिश्चितता की ओर संकेत किया है। लेकिन उनको स्वीकार करना चाहिए कि यह रूटीन के बजाय विरल स्थिति होगी। ऐसी विरल स्थितियों से निपटने के लिए 'बचे' कार्यकाल हेतु चुनाव करवाने अथवा एक नया नेता चुनने पर विचार किया जा सकता है जिसे सदन का विश्वास प्राप्त हो। आवश्यक संविधान संशोधनों से 'एक देश, एक चुनाव'-ओएनओई व्यवस्था लागू करने पर अतिरिक्त ईवीएम व वीवीपैट पर कुछ खर्च हो सकता है। लेकिन यह खर्च असाधारण सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त करने की तुलना में बहुत कम होगा।

# गांवों में नल से जलापूर्ति की परिवर्तनकारी सुविधा

> "नलों से स्वच्छ पेयजल ने बुंदेलखण्ड के निवासियों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।"

**मनीषा शुक्ला**
(लेखिका, सोशल एक्टिविस्ट हैं)



बुंदेलखण्ड परंपरागत रूप से एक सूखा-प्रवण क्षेत्र रहा है जहां अक्सर सूखा पड़ता है, लोगों को साफ पीने का पानी पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी और कुछ मामलों में तो कई किलोमीटर तक यात्रा करनी पड़ती थी। भारत का बुंदेलखण्ड क्षेत्र कई मुद्दों से जूझ रहा है, जिनमें वर्षा पर भारी निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई और जलवायु परिवर्तन और सूखे की संवेदनशीलता शामिल है। तेरह आर्थिक रूप से वंचित और कम विकसित जिलों को शामिल करने वाला यह क्षेत्र, रोजगार और आर्थिक प्रगति दोनों के लिए कृषि पर बहुत अधिक निर्भर करता है। जबकि कृषि क्षेत्र की आर्थिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है, इसे बार-बार सूखे के कारण व्यवधानों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वच्छ पेयजल किसी विलासिता से कम नहीं है।

स्वच्छ पेयजल तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है जो भारत में कई ग्रामीण परिवारों से लंबे समय से गायब है। इस सख्त जरूरत को पहचानते हुए, जल जीवन मिशन योजना एक ही लक्ष्य के साथ शुरू की गई : प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। उत्तर प्रदेश में, जल जीवन मिशन का एक हिस्सा, हर घर जल योजना ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता देखी है, जिससे यहां के निवासियों के जीवन में बुनियादी बदलाव आया है। जल जीवन मिशन ने दशकों से पानी की कमी से जूझ रहे बुन्देलखण्ड और विंध्य क्षेत्र की कायापलट कर दी है। इसने हर घर में शुद्ध पेयजल के सपने को हकीकत में बदल दिया है। मिशन ने इन क्षेत्रों को बड़े पेयजल संकट से बचाया है, हजारों गांवों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया है।

मिशन में पाइपलाइन बिछाना, पानी की टंकियों का निर्माण, जल उपचार संयंत्र स्थापित करना, जल स्रोतों को बढ़ाना और प्रभावशाली गति से नल जल कनेक्शन प्रदान करना शामिल है। इस पहल में सूखा प्रभावित क्षेत्रों, पानी की गुणवत्ता की समस्या वाले गांवों, आकांक्षी जिलों और जापानी एन्सेफलाइटिस और एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियों से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता दी गई है।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में 2024 तक 2,62,29,815 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। हर घर जल योजना के तहत, प्रति ग्रामीण 55 लीटर पानी की दैनिक आपूर्ति का वादा किया गया था। 14 सितंबर, 2023 तक, इस मिशन ने पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें नल के पानी की सुविधा 1,60,20,616 परिवारों तक पहुंच गई है और लगभग 9,61,23,696 लोगों को लाभ हुआ है।

जल जीवन मिशन सिर्फ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के बारे में नहीं है बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने के बारे में भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, प्रत्येक ग्राम पंचायत के तहत 13 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन प्रयासों ने नलसाजी, विद्युत कार्य, मोटर यांत्रिकी, फिटिंग, चिनाई और पंप संचालन सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करके ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाया है। हम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं ताकि वे जागरूक और हितधारक बनें। दस साल बाद ये लोग ही हैं जो इन सुविधाओं का प्रबंधन और संचालन करेंगे उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव कहते हैं।

रोजगार के अवसरों के अलावा, मिशन प्रत्येक गांव की पांच महिलाओं को स्वच्छ पेयजल के लिए जल परीक्षण में प्रशिक्षित करके ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। ये महिलाएं अपने गांवों में पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करती हैं, जो नल, कुएं, हैंडपंप और ट्यूबवेल जैसे स्रोतों में 11 विभिन्न मापदंडों का आकलन करती हैं। आपूर्ति किए गए पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 4,87,955 से अधिक महिलाओं को जल परीक्षण में प्रशिक्षित किया गया है। स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जन स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इससे डायरिया, हैजा, टाइफाइड और मलेरिया जैसी जलजनित बीमारियों का प्रसार कम हो गया है। ग्राम प्रधान हसमुख परिहार कहते हैं, छह महीने पहले जल संयंत्र का संचालन शुरू होने के बाद से हमारे गांव में बीमारियों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

हर घर जल योजना के तहत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक, क्षेत्र में कुल 1,419,730 एफएचटीसी में से 1,280,292 कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। इसका मतलब है कि बुन्देलखण्ड में 7,681,752 ग्रामीणों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है। बुन्देलखण्ड पाइप पेयजल परियोजना जल जीवन मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट पर सात शहरों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट और महोबा में काम चल रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 35 परियोजनाओं के अन्तर्गत कुल 71 योजनाएं संचालित हैं। इन परियोजनाओं में सेवन कुएं, जल उपचार संयंत्र, स्वच्छ जल भंडार और ओवरहेड टैंक शामिल हैं, जिनका उद्देश्य स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति को सुनिश्चित करना है। वास्तव में, हर घर जल योजना जीवन बदल रही है लेकिन पूर्ण कवरेज सुरक्षित होने तक अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। इसके अलावा, पानी की गुणवत्ता और इसकी बारहमासी आपूर्ति के मुद्दों को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हालाँकि यह परियोजना पीने का पानी उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका अभी भी लोगों के मानस पटल पर उतरना बाकी है क्योंकि इसका बहुत सा हिस्सा अभी भी बर्बाद हो रहा है और अक्सर लोग ऐसा करते हैं।

## आप की बात

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### ट्रेनों में भीड़

**पूरा देश** जब दुर्गा पूजा, दशहरा, छठ पूजा और दिवाली के जश्न के लिए तैयारी करता है तब हमारे पूर्वांचल के भाई-बहन अपने घर जाने की भारी उलझन में दिखाई देते हैं। पूर्वांचल की तरफजाने वाली ट्रेनों में बुकिंग कर पाना आसान नहीं है। ऐसा नहीं कि रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई जाती है लेकिन यात्रियों का दबाव इतना अधिक है कि प्रत्येक वर्ष सरकारी तैयारी नाकाफी साबित होती है। भारत सरकार से इस संदर्भ में विनम्र आग्रह है कि पूर्वांचल के गरीब यात्रियों की यात्रा सुगम एवं व्यवस्थित करने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ ही वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन की भी समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। भारत सरकार देश की बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियों से अनुबंध के आधार पर त्योहारों व अन्य भीड़भाड़ के अवसर पर विशेष व्यवस्था लागू करने पर विचार कर सकती है। इससे ट्रेनों में भीड़ थोड़ी कम होगी तथा डग्गामार बसों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीबों को जानवरों की तरह भर कर, उनके पैसे की लूट व जीवन खतरे में डालने से भी बचाया जा सकेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### आवारा कुत्ते

**स्थानीय निकायों** की लापरवाही एवं बदइंतजामी के कारण शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की तादात बढ़ रही है। कुत्तों के काटने के कारण अनेक लोग जख्मी हो जाते हैं। इनके पीछे भागने के कारण बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठ ते हैं एवं दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों के काटने पर लगने वाले इंजेक्शन भी सब जगह उपलब्ध नहीं होते हैं। संक्रमण बढ़ने पर प्रभावित की जान भी जा सकती है। सरकार को देश के सभी प्रायमरी हेल्थ सेंटर पर एंटी रेबीज टीके उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करना चाहिए। कुत्तों की नसबंदी होनी चाहिए। कुत्तों को पकड़ने के संसाधन, वाहन एवं कर्मचारी सभी नगरपालिका तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध होने चाहिए। आवारा कुत्तों से लोगों की सुरक्षा का दायित्व स्थानीय निकायों को निभाना चाहिए। पालतू कुत्ते भी कई बार अपने पालकों की लापरवाही से राह चलते नागरिकों पर हमला कर देते हैं। खुशी की बात है कि संभवतः एक वरिष्ठ वकील साहब को कुत्ते के काटने के कारण अब सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर विचार कर रहा है। उम्मीद है कि उसका फैसला जल्दी आएगा।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### कनाडा की नीति

**कनाडा** भी आजकल भारत-विरोध में पाकिस्तान, चीन, तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधियों का जमावड़ा लगातार हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बिल्कुल नहीं बचे हैं लेकिन उनको कनाडा पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है और उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है। यह हमारे लिए यह बड़ी चिंता की बात है क्योंकि हमने अक्सर कनाडा को अपना सहयोगी देश समझा था। पिछले दिनों कनाडा ने बेतुका आरोप लगाया कि कनाडा निवासी एक खालिस्तान-समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में हमारा कोई हाथ नहीं है, मगर कनाडा ने हमारी बात को स्वीकार नहीं किया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आजकल खालिस्तानियों के भरोसे अपनी सरकार चला रहे हैं और उनके दबाव में भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उनके पिता व पूर्व प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो भी खालिस्तान-समर्थकों का समर्थन करते थे। दुख है कि उनका बेटा भी इसी राह पर चल रहा है। भारत ने राजनयिक रूप से कनाडा को कड़ा जवाब दिया है।

–**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

# छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के तत्वधान में हुई बाइक रैली व धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






25 सितम्बर को छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के तत्वधान में बाइक रैली व धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया। जिसका उद्देश्य दल्लीराजहरा के लौह अयस्क के खदानों में स्थानीय नौजवान बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी के माध्यम से जिलाधीश व मुख्य महाप्रबंधक लौह अयस्क समूह बी. एस. पी. के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। बेरोजगार युवा संघ के अध्यक्ष योगेश यादव के द्वारा सम्बन्धित विषय पर प्रमुखता से अपनी बात रखी गई। वर्तमान समय में बेरोजगारी देश की एक अहम् समस्या है, दल्लीराजहरा भी उससे अछूता नही रहा है, दल्लीराजहरा लौह नगरी देश के पैमाने पर लौह अयस्क के भण्डार के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं विकास में लौह अयस्क की आपूर्तिकर्ता के नाम से जाना जाता है। लौह अयस्क समूह, राजहरा के खदानों से जिस अनुपात में आयरन ओर का दोहन किया जा रहा है, उस अनुपात में स्थानीय नवजवान बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। पिछले 60 वर्षो से यहां की खदानों से लौह अयस्क का उत्खनन किया जा रहा है, तथा अरबो-खरबों रुपये की खनिज रॉयल्टी प्रदेश, जिला एवं वन विभाग को प्राप्त होती रही है। वर्तमान समय में राजहरा खदान समूह से लगभग प्रतिवर्ष 10 अरब रुपये, महामाया खदान से प्रतिवर्ष लगभग 3 अरब रुपये राज्य सरकार, व बालोद जिला एवं वन विभाग को प्राप्त होता है। जिस अनुपात में छत्तीसगढ़ शासन को आय प्राप्त होती है, उस अनुपात में दल्लीराजहरा नगरवासियों एवं यहां पर निवासरत नवजवान बेरोजगारों के लिए कोई रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं है, न ही यहां के स्थानीय रहवासियों को उसका लाभ प्राप्त हो रहा है। जबकि रावघाट परियोजना शुरु होने से पहले क्षेत्र के शिक्षित-नवजवान जो इस परियोजना के आने से रोजगार की आशा की किरण जगी थी. रावघाट परियोजना प्रारम्भ होने से आसपास के अनेकों खदान संचालित हुए जैसे- कच्चे माइस, दुलकी माइंस, चारगाँव माइंस, हाहालद्दी माइंस, मेटाबोदेली माइंस, चेम्बल माइंस, पल्लेमाड़ी माइंस, खुलने से इस क्षेत्र के बेरोजगारों में रोजगार के प्रति आशा की किरण जगी थी। लेकिन क्षेत्रीयतावाद के कारण स्थानीय बेरोजगारों को खदानों में काम प्राप्त करना स्वप्नदृष्टा हो चुकी है, जो स्थानीय बेरोजगारों के लिए कुठाराघात है। चूंकि लौह नगरी दल्लीराजहरा में लौह अयस्क की खदानों में उत्खनन लगातार जारी है, लेकिन यहां स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन नगण्य है। दल्लीराजहरा में शुरुआती दिनों से लेकर 40 वर्षो तक लगभग 20 हजार कर्मचारी कार्य करते थे जो घटकर वर्तमान में श्रमिकों की संख्या 3 हजार में ही सिमट गयी है। जबकि उत्पादन कई गुना बढ़ा है वर्तमान समय में खदानों में हो रहे उत्पादन के अनुपात में कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है, जिसका मूल कारण मशीनीकरण को बढ़ावा देना है इसलिए मानव श्रम का हनन हो रहा है जिससे दल्लीराजहरा के स्थानीय बेरोजगारों में आक्रोश व्याप्त है, और औद्योगिक अशांति का खतरा मंडरा रहा है, इसी परिप्रेक्ष्य में दल्लीराजहरा के स्थानीय नौजवानों–बेरोजगारों द्वारा छत्तीसगढ माइस श्रमिक संघ/ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले 25 सितंबर को सुबह 11.00 बजे से छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ/ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यालय, शहीद भवन केम्प नं.-1 से प्रारंम्भ होकर पुराना बाजार, वीरनारायण सिंह चौक, पेट्रोल पम्प चौक, गुप्ता चौक, फौवारा चौक न्यू बस स्टैण्ड, श्रमवीर चौक होते हुए एस.डी.एम. कार्यालय तक मोटर साइकिल रैली/ धरना प्रदर्शन ज्ञापन सौंपा गया, उसके पश्चात माइंस ऑफिस में बी एस पी प्रबन्धन को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस बाइक रैली व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जनक लाल ठाकुर भूतपूर्व विधायक एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा , सोमनाथ उइके अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, योगेश यादव अध्यक्ष बेरोजगार युवा संघ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एवं रामचरण नेताम , सुरेंद्र साहू ,अमर ठाकुर ,मोहित ,राधे श्याम खरे ,नम्मु यादव , श्रवण यादव ,महेश भारती , इंद्रपाल सहित छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ,छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बेरोजगार साथी एवं छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अन्य साथी गण उपस्थित हुए।

# दाढ़ी अंचल में सट्टे का जोर, सटोरियों के लिए सुरक्षित स्थान बना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम दाढ़ी एवं आसपास के गांवो में सट्टे का जोर बना हुआ है। खुलेआम चौक चौराहे में सटोरिए सट्टा पट्टी लिखने का काम कर रहे हैं। लेकिन पुलिस अब तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं कर पाई। जबकि दाढ़ी अवैध कार्यों के लिए सुरक्षित स्थान बना हुआ है। यही एक समस्या नहीं बल्कि पूरे दाढ़ी गांव के अनेक स्थानों पर खुलेआम महिलाओं के द्वारा गांजे की बिक्री की जा रही है। फिर भी पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण में दाढ़ी में सट्टे का बड़ा कारोबार किया जा रहा है। राजनीतिक संरक्षण पा कर इस कार्य में लगे सटोरिए नेता भूमिगत होकर खाईवाल का काम कर रहे हैं। अवैध कार्य में विशेष तौर पर बेरोजगारों के साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राएं भी सट्टा पट्टी लिखने के कार्य में लगे हुए हैं। इस अवैध कार्य में सैकड़ो लोग अब तक बर्बाद हो चुके है। 1 का 80 कमाने के फेर में लोग बाग अपनी कीमती कमाई गाड़ी कमाई को ओपन और क्लोज में लगाकर बर्बाद हो रहे हैं। दाढ़ी ग्राम के चौक चौराहे के अलावा खाईवाल और सटोरिया सक्रिय होकर पुलिस से बचने के लिए आसपास के गांवो में सट्टेबाजी का खेल मोबाइल के माध्यम से खेल कर रहे है। स्थानीय पुलिस के द्वारा सटोरियों एवम इस कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण यह समस्या बढ़ती ही जा रही है। इस संबंध में ग्राम के युवा नागरिक सुरेंद्र सेन महेंद्र वाजपेई ने कहा है कि सामाजिक बुराई के खिलाफ शासन प्रशासन को बड़ी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि अनेक बर्बाद होने से परिवार को बचाया जा सके। दाढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कठौतिया छिरहा आंचल में भी इसका बड़ा फैलाव बना हुआ है। दाढ़ी थाने एवम बेमेतरा जिले के अंतिम सरहदी क्षेत्र के गांव गांव में इस कारोबार में सटोरिये ज्यादा सक्रिय है। ग्रामीणों के अनुसार दाढ़ी नगर में सट्टा का यह कारोबार पिछले चार-पांच महीना से बे हिसाब चल रहा है। जबकि इसके पूर्व लगातार 10 वर्षों तक सट्टे का अवैध कारोबार पुलिस के सख्त कार्यवाही के बाद से बंद था।

# छात्रों से सीधे संपर्क करने एनएसयूआई कबीरधाम का कॉलेज विजिट अभियान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत मे विधानसभा चुनाव होने है जिसमे सभी दलों ने अपनी ताकत लगानी शुरू कर दी है। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा कबीरधाम जिले के सभी महाविद्यालय के छात्रों से सीधे संपर्क करने 27 सितंबर से अभियान चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा आगामी चुनाव को देखते हुए ब्बात हे स्वाभिमान के हमर पहिली मतदान के' तहद मेरा पहला मतदान कांग्रेस को अभियान चलाया गया है जिसके तहद एनएसयूआई कबीरधाम द्वारा ब्कॉलेज विजिट अभियान' के माध्यम से जिले के सभी महाविद्यालयों के छात्रों के बीच पहुचकर छात्रहित व जनहित में किये कार्यो व सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ से अवगत कराया जाएगा व एनएसयूआई से जुड़ने प्रेरित किया जाएगा। एनएसयूआई अध्यक्ष शितेष ने बताया कि जिले के एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी कॉलेज में छात्रों के बीच पहुचेंगे,कॉलेज में व्याप्त समस्या व छात्रों की सुविधा को लेकर छात्रों से बात किया जाएगा व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ से छात्रों को अवगत कराया जाएगा। कॉलेज के अधिकतर छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे है एनएसयूआई के इस अभियान का सीधा लाभ कांग्रेस पार्टी को आगामी चुनाव में मिलेगा।

# जश्न ए जबां में बतौर अतिथि शामिल हुए तुकाराम चन्द्रवंशी

## कलाकारों का किया सम्मान की आयोजन की सराहना

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित वीर सावरकर भवन में गत दिनो जश्न ए जबां कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने सिरकत की। कवर्धा में पहली बार श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित जश्न ए जबां के आयोजन में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग स्थानो के कलाकारों, कलमकारों को मंच प्रदान किया गया। जिसमें सितार वादन, कत्थक नृत्य, काव्यपाठ समेत छत्तीसगढ़ की नन्ही कलाकार आरु साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा इस गरिमामय मंच में उत्कृष्ठ सेवा कार्यों के लिए डॉ. विनय मिश्रा, जिला पत्रकार संघ, श्रमजीवी पत्रकार संघ के कलमकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए तुकाराम चन्द्रवंशी ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह आयोजन सराहनीय है। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन हमेशा होने चाहिए इन्हीं आयोजनकों के मंच से उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है और वे अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने सार्वजनिक रूप से रखकर आगे बढ़ते हैं। उन्होने कहा कि आज हमारे प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार भी इस दिशा में कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश की कला, संस्कृति, गीत, संगीत और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं बेहद कारगर साबित हो रही है और प्रदेश के कलाकारों व प्रतिभाओं को मान सम्मान मिल रहा है। इस कार्यक्रम मूं मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, प्रवक्ता राजू तिवारी, कलीम खान सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए कलाकर और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र नयाबाजार राजहरा मे एफ एल एन के तहत संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं मॉडल प्रदर्शनी का 26 सितंबर को आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के बाद हुई। संकुल प्राचार्य श्री टी आर रानाडे के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया साथ ही बच्चों द्वारा बनाये गए 'कबाड़ से जुगाड़' मॉडल एवं टीएलएम पर विस्तार से चर्चा किया गया। प्राचार्य द्वारा बच्चों से मॉडल बनाने का कारण, उसकी उपयोगिता से संबंधित प्रश्न पूछे गए। बच्चों में अंजली, पायल,प्रांजल एवं द्रोणेश साहू द्वारा मॉडल के उपयोगिता एवं कैसे कार्य करता है? उसके बारे में बताया गया। संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज़ में संकुल के चार प्राथमिक एवं दो माध्यमिक शालाओं के 8 शिक्षकों ने भाग लिया।शिक्षकों में जयंत्री ठाकुर, रेणुका उइके, साधना मानकर, राजेश्वरी सोनगेर, रेखराज साहू, श्याम कुमार जाटवर, तुमेन्द्र साहू, संकुल समन्वयक राजमल जैन उपस्थित थे। संकुल प्राचार्य टी.आर.रानाडे का विशेष मार्गदर्शन रहा। प्रथम स्थान में चयनित मॉडल को विकासखंड स्तर पर 29 सितंबर को होने वाली कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज़ प्रतियोगिता में ले जाया जाएगा।

# सेवा निवृत 69 शिक्षको का बेरला में हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पूर्व विधायक एवम प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल जी के संयोजन में प्रति वर्षानुसार जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के क्रम में इस वर्ष का भव्य आयोजन बेरला में किया गया। अवधेश चंदेल द्वारा बेमेतरा जिला के सेवनिवृत्त 69 शिक्षकों का सम्मान किया गया।ये सभी शिक्षक इस वर्ष के भीतर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए है। इनके अलावा जिले के पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवम आयोजन पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मुक्तिबोध कार्यक्रम की अध्यक्षता गीत,गजल,एवम वरिष्ठ व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव, विशिष्ट आतिथ्य युगल किशोर तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षाविद, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेन्द्र शर्मा जी एवं पेसनर समाज के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद तिवारी रहे। आयोजन का प्रारम्भ करते हुए संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने शिक्षकों को समाज का निर्माता कहते हुए उनका स्वागत करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी का स्मरण किया,प्रतिवर्ष जिले के शिक्षकों के सम्मान करने को अपना सौभाग्य बताया।कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा द्वारा सम्बोधित करते हुए सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ सम्पादक दिवाकर मुक्तिबोध एवम युगल किशोर तिवारी द्वारा सम्बोधित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ कवि गजलकार एवम व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव द्वारा अपने गीत गजल एवम छतीसगढ़ी फिल्मी गीतों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर दिया अंत मे उन्होंने ट्रेन के भिखारी बाबूलाल के लिए लिखे गए अपनी प्रसिद्ध रचना बने करे राम मोला अंधरा बनाये, कार्यक्रम को गीतमय कर दिया। समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल की शिक्षकों को सम्मान देने के लिए सराहना किया। कार्यक्रम में ग्राम लावतरा कक्षा 8वी के छात्र तामरज धीवर जिन्होंने इस वर्ष गणेश जी की 125 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया उनका सम्मान किया गया।साथ ही डॉ प्रितिबाला ताम्रकर एवम डॉ गायत्री सिन्हा को पीएचडी करने पर सम्मानित किया गया। पूर्व विकासखंड शिक्षाधिकारी बेरला निर्भय लाल रावटे का सेवानिवृत्ति पर सम्मान एवं विदाई प्रदान किया गया।सेवानिवृत्त शिक्षकों में गंगा सागर सिंह ठाकुर, तारकेश्वर देवांगन, कनक लाल देशलहरे, महराजदिन धीवर, केशो राम वर्मा, पंच लाल पारधी, चंद्रभान बंजारे, सन्तराम बंजारे जगत राम वर्मा, बजरंग साहू ,दिलेश्वर पांडे, नेमसिंह मरकाम, लालाराम धृतलहरे, जयप्रकाश वर्मा, नरोत्तम पारकर, सूदन शर्मा सहित 200 सेवनिवित्त शिक्षक, एवं बेमेतरा , बेरला नवागढ़ एवम साजा से शिक्षा विभाग के अधिकारी गण सहित लगभग 200 शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,यशवंत वर्मा, छोटू साहू,प्रह्लाद रजक,ललिता साहू, राहुल टिकरिहा, पुष्पा साहू, भुनेश्वरी वर्मा,पोषण वर्मा,डोमेन्द्र राजपूत, आशीष सोनी,बलराम यादव, संतोष साहू,मानक चतुर्वेदी, दीपेश साहू, विजय सिन्हा सैकड़ो की संख्या में गुरुजन जनप्रतिनिधिगण वरिष्ठ नेता समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सैकड़ो की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 40 प्रकरण में 12,400 रूपये समन शुल्क




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत 24.09.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना खम्हरिया 08 चालान में 08 व्यक्ति, थाना दाढी 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना साजा 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी मारो 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी कंडरका 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 07 चालान में 07 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 02 चालान में 02 व्यक्ति,कुल 40 चालान में 40 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।

# सिंघौरी वार्ड में भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात बेमेतरा नगर पालिका के वार्ड 14 सिंघौरी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सुनी। मोदी ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता ने भारत को विश्व में गौरवान्वित किया। जी-20 के सफल आयोजन से देश का मान सम्मान बड़ा है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा की 'मन की बात' कार्यक्रम सदैव ही हमें समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है हमेशा की तरह प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों से नवीन ऊर्जा प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री ने गणेश चतुर्थी एवम अन्य त्योहारों पर देश वासियों को बधाई देते हुवे कहा की भारत देश त्योहारों का देश है। मन की बात सुनने वालो में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, ललिता साहू,रीना साहू,महेश साहू,संतोष वर्मा, विकास तंबोली, राजकुमार खांडे, नीलू राजपूत, धर्मराज खांडे, देवराम साहू ,तुषार साहू उपस्थित थे।

# मोदी सरकार आम जनता के अनुरूप चलने वाली सरकार : विकास दीवान

## नवागढ़ मंडल में हुआ सुझाव पेटी अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र को लेकर आम लोगों से सुझाव ले रही है। इसके लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। नवागढ़ मंडल में सार्वजनिक स्थलों पर भाजपा द्वारा सुझाव पेटी में विचार लिए जा रहे है। पेटी के साथ सुझाव पत्र भी रखा जा रहा है। जिस पर आम लोग अपने सुझाव लिखकर पेटी में डाल सकते हैं। लोगों से मिले सुझाव के अनुरूप सरकार काम करेगी। उक्त बातें करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने नवागढ़ मण्डल में सुझाव पेटी रखकर इस अभियान का शुभारंभ किया। दीवान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आम जनता के अनुरूप चलने वाली सरकार है। लोक सभा चुनाव के पूर्व लोगों के सुझाव के अनुरूप केंद्र में मोदी सरकार काम कर रही है। इसी प्रकार विधान सभा चुनाव के पूर्व सुझाव पेटी रखने की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ में आने वाली सरकार आम लोगों के सुझाव के अनुरूप कार्य करेगी। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज जीवन के हर वर्ग तक सुझाव संग्रह करने पहुंचें और समाज को यह संदेश दें। संसाधन-सम्पन्न छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आपकी इच्छा और आपके मन की बात के अनुरूप काम करने वाली होगी। एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे भाजपा के घोषणा पत्र की रचना में उत्साहपूर्वक भागीदार बनकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय ने कहा कि महिला, युवा, बुजुर्ग, किसान, व्यापारी, कर्मचारी सबके सुझाव के अनुरूप घोषणा पत्र की रचना करके भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को समृद्ध व खुशहाल प्रदेश बनाने के लिए योजनाएँ व कार्यक्रम तय किए जाएंगे। इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश साहू महामंत्री व मिन्टू बिसेन, राजेंद्र मिश्रा,सुरेश निषाद, टीकम गोस्वामी, गोलू सिन्हा, दुर्जन साहू, सुरेंद्र राजपूत, राजेश चतुर्वेदी,कुलेश्वर सिन्हा, धनीराम निर्मलकर,धनी देवांगन, महेश टण्डन, त्रिलोक साहू, मोहन साहू, कृष्णा ध्रुव, धनुष साहू, दारा मिश्रा, बाबुलाल रजक, राजा खान, वेदप्रकाश वर्मा, राजा, जित्ते, सुनील साहू, फुलचंद साहू, मालिकराम साहू, नरेश वर्मा, दुर्जन साहू, रामकिशुन साहू, केदार साहू, ओम राजपूत, कोदुराम साहू, राजकुमार मिश्रा, काल्विन जोशी, मनीराम साहू, संजू राजपूत, रोहित साहू, बेदराम साहू, तोपसिंग साहू, शोभित साहू, भुनेश्वर वर्मा, रामाधार ध्रुव, बलराम साहू, रेवती साहू, रितेश मिश्रा, रामसागर साहू, मुरारी साहू, संजू साहू,केदार साहू, रामनाथ साहू, मिथलेश सोनकर, मेलाराम यादव, राजेंद्र साहू, युवराज ठाकुर सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

# विधार्थियो द्वारा कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शनी

**बेमेतरा ।** बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से विकासखंड बेमेतरा के संकुल नवागांव करंजिया में कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन संकुल प्रभारी के जहां केजहा निषाद जी एवं संकुल समन्वयक हर्ष श्रीवास्तव जी के मार्गदर्शन में किया गयाद्य इस प्रदर्शनी में प्राथमिक शाला बिटकुली, नवागांव, बीरमपुर मूलमुला तथा करंजिया एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिटकुली नवागांव और मूलमुला ने भाग लियाद्य सभी शालाओं के बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल का विस्तारित व्याख्या किया प्रदर्शनी के निरीक्षण दल में प्राचार्य केजहा निषाद व्याख्याता जीतन लहरे रश्मि सरीन रेशमा निशा सपना राय एवं प्रधान पाठक पूरन लाल साहू, हरीश बंजारे ,फुलेश्वर साहू रहे साथ ही सभी शालाओं के शिक्षक संत कुमार बंजारे, राकेश कुमार ठाकुर पद्मराज सिंह भूवाल अजय भारद्वाज जितेंद्र कुमार पाटिल प्रकाश सोनी सावित्री साहू मन्हारे प्रिया तिवारी राकेश मतावरे विजेता भुवाल तीरथ राम साहू जयनारायण शर्मा उपस्थित रहे इस विज्ञान प्रदर्शनी में मिडिल स्कूल बिटकुली से दीपिका साहू मूलमुला से नीलम प्राथमिक शाला मूलमुला से रीति देवांगन एवं प्राथमिक शाला नवागांव से मयंक साहू का चयन विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर चांपा ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं पूर्व पदाधिकारीयों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई जांजगीर चांपा के तत्वाधान में दिनांक 24 सितंबर 2023 को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा के सभा हाल में सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं संगठन के पूर्व पदाधिकारीयों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि प्रदीप शर्मा प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अध्यक्षता एम डी दीवान विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह विशिष्ट अतिथि हरिराम जायसवाल ए पी सी समग्र शिक्षा जाँजगीर चांपा अशोक कुमार गुप्ता संभागीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ मनोज कुमार तिवारी पूर्व प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जयंती दुबे पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सहित मंचस्थ अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष धन्य कुमार पांडेय के साथ विजय थवाईत ने किया।मंचस्थ अतिथियों ने सम्मान समारोह का शुभारंभ आराध्य देवी देवताओं के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया।आचार्य सहित छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन प्रस्तुत किया।संगठन के पदाधिकारीयों ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्प माला से आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया तत्पश्चात पुनः छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा प्रदीप श्रीवास ने सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित मंचस्थ अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया।स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए जिलाध्यक्ष धन्य कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संगठन के प्रति अपनी महति भूमिका का निर्वहन करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही आजीवन संगठन से जुड़े रहने का आह्वान भी किया। समारोह को हरिराम जायसवाल एम डी दीवान,अशोक गुप्ता,मनोज तिवारी,जयंती दुबे,शंकर लाल साव प्राचार्य एफ एल साहू बिर्रा सहित सेवा निवृत्त प्रोफेसर अश्विनी केशरवानी पद्माकर तिवारी प्राचार्य आर के राठौर प्राचार्य राजेंद्र सिंह नीरा शर्मा परमेश्वर स्वर्णकार तथा अंत में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार शर्मा ने संबोधित किया।मंचस्थ अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं के स्वस्थ सुखद उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सतत अपने ज्ञान का अधिक से अधिक सदुपयोग समाज एवं राष्ट्र के लिए करते हुए संगठन के प्रति लगाव बनाए रखने का विश्वास व्यक्त किया।मंचस्थ अतिथियों के करकमलों से सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं,पूर्व पदाधिकारीयों का शॉल श्रीफल एवं कलम से आत्मीय सम्मान किया गया। संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा शॉल श्रीफल एवं कलम से मंचस्थ अतिथियों का भी आत्मीय अभिनंदन किया गया।सम्मान कार्यक्रम में 70 से अधिक सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं ने आमंत्रण स्वीकार कर उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम का मान बढ़ाया।आभार व्यक्त अभिषेक काल्विन ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के साथियों संतोष कुमार साव बलौदा तोषण तिवारी,विनोद पांडेय नवागढ़ मन्नू लाल कर्ष अकलतरा नारायण प्रसाद साहू,डां उमेश दुबे,उमाशंकर खूंटे, परमेश्वर स्वर्णकार बम्हनीडीह सहित जिला इकाई से राजेंद्र जायसवाल, एस पी सरदार, नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन, अभिषेक कॉल्विन, प्रदीप श्रीवास, नाज़नीन खान, राधा चौहान, मर्सी सक्सेना, नीरा प्रधान, अमिता सावरकर पंचराम तंबोली, कुमार सिंह राज चक्रधर राठौर, लखन कश्यप, लोमस श्रीवास तथा संगठन के कर्मठ जुझारू साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# बैंकों की सुरक्षा परखने पुलिस चला रही विशेष अभियान

- बैंकों का किया जा रहा सुरक्षा आडिट
- घरघोड़ा के एसबीआई व सेंट्रल बैंक तथा खरसिया के पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे थाना प्रभारी
- थाना चक्रधरनगर के स्टाफ एक साथ पहुंचे क्षेत्र के सभी 06 बैंकों पर सायरन बजाकर किये जांच

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर बैंकों के सुरक्षा आडिट का अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जिसमें बैंक में लगे सुरक्षा अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी, सुरक्षागार्ड की जांच, बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, बैंक के ग्राहक को वित्तीय फ्रॉड की जानकारी देना शामिल है। इसी क्रम में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा ने एसबीआई घरघोडा और सेंट्रल बैंक घरघोड़ा तथा थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक खरसिया का बारीकी से निरीक्षण किया गया। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर सुमित बेरिया की उपस्थिति में बैंक का सुरक्षा ऑडिट किया गया उन्होंने बैंक के सुरक्षा गार्ड, पैनिक अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा की तसल्ली पूर्वक जांच किया तथा पाई गई खामियों की टीप दर्ज कर बैंक मैनेजर को शीघ्र व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। वहीं थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा एसबीआई घरघोडा और सेंट्रल बैंक घरघोड़ा के प्रबंधकों को सुरक्षा संबंधी निर्देश देकर बैंक के बाहर अनावश्यक मंडरा रहे युवकों को कड़ी समझाइश देकर बाहर जाने का रास्ता दिखाया गया। इसी कड़ी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर स्टाफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित 6 बैंकों में अकस्मात पहुँचकर सुरक्षा जांच किया गया। पुलिसकर्मी बैंकों के शाखा प्रबंधकों व स्टाफ के साथ सुरक्षा पर चर्चा कर बैंक के अंदर, बाहर और सड़क तक फोकस करने सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने और सीसीटीव्ही फुटेज सहेज कर रखने कहा गया। पुलिसकर्मियों ने बैंक के सायरन और बैंकों में आगजनी से बचाव के उपकरणों का भी जायजा लिया गया।

# जीएससी स्कूल, जैजैपुर के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों ने मनाया रासेयो स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल, जैजैपुर" के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, भारत माता के छायाचित्र पर द्विप प्रज्वलित कर श्रीफल तोड़ के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संचालक जी.एस. चन्द्रा जी ने रासेयो के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यालय के छात्र/ छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में रासेयो से जुड़ने की बात कही। प्राचार्य (हिन्दी माध्यम) विजय कुमार यादव ने आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कुमारी रीमा रानी पलांगे जी ने के आदर्श वाक्य के बारे में जानकारी दिया। उद्बोधन के पश्चात् रासेयो, प्रमाण- पत्र परीक्षा में पात्र स्वयं सेवकों को संचालक जी के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सहा. कार्यक्रम अधिकारी सुदाम बेहेरा, कैलाश दास, मनोहर बेहेरा, राधेश्याम कुर्रे, भारती चन्द्रा एवं रासेयो के स्वयं सेवक शैलेश कुमार चन्द्रा, मुकेश चन्द्रा, कुश कुमार चन्द्रा, संदीप डहरिया, अनिल कुमार चन्द्रा, राहुल यादव, धनलता चन्द्रा, छाया साहू, स्वाति चन्द्रा, देवेंद्र, कमलेश, भावेश, आशीष, दुर्गेश चन्द्रा, कपिल साहू, लक्ष्मी नारायण, विनोद, ईश्वर, काव्यांश, गोवर्धन, विवेकानंद, हर्ष कुमार चौहान, सूरज चन्द्रा, मनीष, राजू, प्रीतम, देवेंद्र चौबे, प्रणव, लक्की कुमार, नागेश्वर, महेश, विवेक चन्द्रा, प्राची चन्द्रा, दीप्ति जायसवाल, आरती, आर्या, अंजली सिदार, निधि, दिव्या, अंजली कुर्रे, चांदनी, तान्या, कंचन, अंजली चन्द्रा, साक्षी चन्द्रा, प्रेमलता, नैना, कामिनी, नंदनी, पूजा, मालवी, मुस्कान, आशा, आदि स्वयं सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मृत व्यक्ति के नाम पर एक लाख पैंतीस हजार आहरण

## मामला सेवा सहकारी समिति सिवनी पंजीयन क्रमांक 272 का

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com



सेवा सहकारी समिति सिवनी पंजीयन क्रमांक 272 में मृत व्यक्ति के नाम पर केसीसी जारी कर रुपए आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है इस पूरे मामले की शिकायत उप पंजीयक जांजगीर में किया गया दोषी संस्था प्रबंधक सहित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस मामले में शिकायत के बाद हड़कंप मचा हुआ है दिलचस्प बात यह है कि मृत व्यक्ति के नाम आखिर 1 लाख 35 हजार का केसीसी जारी कर आहरण करने की बात इतने दिनों तक क्यों छिपाकर रखी गई बहरहाल जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा शिकायत के मुताबिक सागर सिंह पिता धावन सिंह की मृत्यु वर्ष 2022-23 में हो गई है। इसके बाद भी केसीसी वसूली लिस्ट नंबर 26 में मृत व्यक्ति सागर सिंह का नाम दर्ज है। इससे जाहिर होता है कि किसी ने मृत व्यक्ति के नाम 1 लाख 35 हजार रुपए केसीसी लोन निकाला और रुपए हजम करने के बाद उस राशि को जमा नहीं किया गया, जिसके चलते अब भी मृत व्यक्ति सागर सिंह का नाम अब भी बैंक के वसूली लिस्ट में शामिल है। शिकायत में कहा गया है कि केंद्रीय बैंक शाखा चांपा में खाता क्रमांक 606027038255 केसीसी की राशि 1 लाख 35 हजार रुपए डाला गया था। बाद में उस खाते से उक्त राशि भी आहरण हो गई। खास बात यह है कि सागर सिंह की मृत्यु दिनांक 18 सितंबर 2021 है इससे कहीं न कहीं सेवा सहकारी समिति सिवनी चांपा के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। इस पूरे मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# 57 वे रामलीला समारोह की तैयारिया प्रारंभ

- कलाकार रिहर्सल कर अपने पात्र को अलग पहचान देने में जुटे , 17 अक्तूबर से 23 अक्तूबर तक होगा ऐतिहासिक रामलीला का मंचन

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



ऐतिहासिक रामलीला समारोह की तैयारिया युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है। श्री गणेश चतुर्थी के दिन ही रामलीला के मंच, रावण दहन स्थल की पूजा अर्चना की जाती है इसके बाद रामलीला की तैयारिया प्रारंभ कर दी जाती है। रामलीला आयोजन समिति के संरक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि इस डिजिटल युग में भी प्रभु श्री राम जी की लीला को देखने भारी संख्या में श्रद्धालु आते हु ये बहुत बड़ी बात है। हमारे कलाकार बिना पारिश्रमिक लिए पूरे दस दिन ही नही गणेश चतुर्थी से निस्वार्थ जुड़े रहते हु ये श्री राम प्रभु का आशिर्वाद ही है। इस मर्तबा रामलीला 17 अक्तूबर से 24 अक्टूबर का रहेगा। दशहरा के दिवस विशालकाय रावण के पुतले क्या दहन किया जाएगा।

रामलीला की तैयारिया प्रारंभ हो गई है कलाकार रात्रि में रिहर्सल को आ रहे है। वही मां रामेश्वरी मंदिर में नवरात्र का त्योहार पूरे श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा। दीपक पांडेय ने आगे बताया कि रामलीला के मंचन के दौरान शहर की प्रतिभाशाली बच्चियों का नृत्य का कार्यक्रम रखा जायेगा। पूरे मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।

# पालीघाट में धारदार कत्ता से दहशत फैलाने की कोशिश, तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़े

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार हमीरपुर मार्ग पर पालीघाट बंजारी मंदिर के पास धारदार कत्ता से लोगों को भयभीत करके लूटपाट करने के इरादे से मारपीट करने वाले तीन युवकों को तमनार पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर आसन्न विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने की दिशा में थाना प्रभारीगण अपने-अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए उनके गतिविधियों की सूचनाएं देने मुखबिर को सक्रिय कर सूचनाओं पर विधि अनुरूप किया जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर को बंजारी मंदिर पालीघाट आम रोड़ पर युवकों को लोहे का धारदार कत्ता हथियार दिखाकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना प्राप्त हुआ। तत्काल थाना प्रभारी ने पालीघाट क्षेत्र में लाइन आर्डन ड्यूटी पर रवाना हुये थाने के स्टाफको जाकर तस्दीक कर कार्रवाई करने निर्देशित किये। जहां स्टाफद्वारा बंजारी मंदिर पालीघाट रोड़ किनारे घेराबंदी कर सुरक्षापूर्वक तीन युवक अशोक यादव ऊर्फ चिंटु पिता स्व प्यारीलाल यादव उम्र 27 वर्ष सा. मालीडीपा बोईरदादर चक्रधर नगर थाना चक्रधर नगर रायगढ़ , अजय डनसेना पिता धनेश्वर डनसेना उम्र 23 साल सा0 हमीरपुर थाना तमनार जिला रायगढ़, अजय डनसेना पिता धनेश्वर डनसेना उम्र 23 साल सा0 हमीरपुर थाना तमनार जिला रायगढ़ को लोहे के धारदार कत्ता के साथ हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कृत्य पर थाना तमनार में पृथक-पृथक धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

# सामाजिक मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने हुआ धरना- प्रदर्शन

- सौपा गया ज्ञापन, कॉमरेड अनिल शर्मा भी उतरे समर्थन में

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति.
www.dailypioneer.com



अघोषित आदिम जन जाति मोवार/ मौवार समाज को छत्तीसगढ़ सरकार के आदिवासियो की सूची (जो अभी अघोषित आदिम जन जाति है), में शामिल किए जाने की मांग को लेकर सक्ती जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल , मुख्यमंत्री और आदिम जनजाति विभाग के उच्च अधिकारियों के नाम मांग पत्र सौंपा,मांग पत्र सौंपने के पूर्व अघोषित आदिम जनजाति मोवार/ मौवार समाज के पूरे छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में आए लोगो की एक सामाजिक सभा हुई जिसमे प्रदेश अध्यक्ष उदित नारायण मैत्री द्वारा बताया गया की छत्तीसगढ़ राज्य शासन अघोषित आदिम जनजाति मोवार/ मौवार जाति की जाति सर्वे रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजने हेतु अपनी भूमिका सही नही निभा रही है ,जिससे हमारी जाति अपने अधिकारों से लंबे समय से वंचित है,मोवार/ मौवार समाज के (18 गढ़ सचिव) मुनसीर प्रसाद मैत्री ने सभा को संबोधित करते हुए बताया की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अघोषित आदिम जन जाति मोवार/ मौवार समाज को छत्तीसगढ़ राज्य शासन और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भी मानती है की हम अघोषित आदिम जनजाति (आदिवासी ) है जिसमे अनेक प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत कार्य हो चुका है जैसे की को आदिम जनजाति (आदिवासी ) का जाति सर्वे रिपोर्ट बनाई जा चुकी है परंतु छत्तीसगढ़ राज्य शासन प्रक्रिया को पूरी करके हमे जनजाति (आदिवासी ) घोषित कराने में लंबे समय से बाधा उत्पन्न करते आ रही है।

मोवार/ मौवार समाज के( प्रवक्ता) रेशम लाल मैत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया की अपने समाज को जो अघोषित आदिम जनजाति है घोषित कराने हेतु हर तरह के प्रयास हमेशा जारी रखेंगे ।मोवार/ मौवार समाज की (महिला प्रभाग प्रमुख) श्यामा मैत्री द्वारा सभा में उपस्थित महिलाओं का आह्वान किया गया की अघोषित आदिम जनजाति मोवार/मौवार को आदिवासी घोषित कराने में महिलाएं सभी तरह के प्रयास में डट कर सामना करेंगी।

# स्कूली छात्राओं की सरकारी साइकिलों को भी नहीं छोड़ रहे शातिर चोर, पुलिस ने किया साइकिलो के साथ चोरों को गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति.
www.dailypioneer.com



जिला सक्ती (छ.ग.) धारा 457,380,34 भादवि थाना जैजैपुर के अप.क. 181/2023 के तहत सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत स्कूल प्रांगण में रखे 07 नग सायकल चोरी करने वाले 02 आरोपी चंद घण्टो में गिरफ्तार किये गए है,थाना जैजैपुर की त्वरित कार्यवाही हुई है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जितेन्द्र कुमार राज पिता तुलाराम राज उम्र 39 साल साकिन तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा हाल मुकाम आमगांव थाना जैजैपुर जिला सक्ती द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासन के योजना अंतर्गत निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत वितरण हेतु मिल 16 सायकल में वितरण बाद बचे 08 नग सायकल में से 07 नग सायकल को स्कूल शास उच्च माध्य विद्यालय आमगांव के स्कूल प्रांगण के बरामदा से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया जाकर कायमी की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे (भापुस), अति. पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मोहम्मद तस्लीम आरिफको अवगत कराकर अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने की कुशल दिशा निर्देश प्राप्त होने पर चोरी गये गाल मशरूका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर तैनात किया गया। जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम आमगाव निवासी गोपाल गोड एवं प्रवीण खुराना नये नये सायकल रखे हुए है एवं बिकी हेतु ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर हमराह स्टाफके संदेही गोपाल मोड एवं प्रवीण खुराना के घर जाकर दविश दिया जो घर पर उपस्थित मिले जिसे थाना तलब कर घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर धारा 27 साक्ष्य अधि के तहत मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो अपने अपने मेमोरेण्डम कथन में चोरी किये सायकल को घर एवं तालाब में छुपाकर रखना एवं जाकर बरामद करा देना बताये।

## रेल राज्य मंत्री ने पाटिल कहा- अटल जी ने बनाया था छत्तीसगढ़ राज्य

# बाराद्वार की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति.
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के जशपुर से निकाली गई परिवर्तन यात्रा बाराद्वार नगर पहुंची जहां ग्राम पंचायत बस्ती बाराद्वार में भरी बारिश में लगभग चार सौ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया गया स्वागत पश्चात रैली के रूप में यात्रा बाराद्वार नगर पहुंची जहां कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू की अगुवाई में उनका सामुदायिक भवन के पास अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सामुदायिक भवन के पास स्थित सभा स्थल तक सभी अतिथियों को भारत माता की जयघोष के साथ मंच तक ले जाया गया। यहां बता दें कि इस आमसभा की सबसे खास बात यह रही कि भारी बारिश तथा पदयात्रा के देरी होने के बावजूद आमजन और पदाधिकारी कार्यकर्ता सभा स्थल पर डटे रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात पूर्व मंत्री एवं रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अपने अंदाज में भाषण देते हुए सभी से अपील कि शराब,चावल ,रेत, पीएससी, गौबर सहित जगहों पर भूपेश सरकार ने सिर्फ घोटाला ही किया और धान खरीदी के मुद्दे पर बोलते हुएस्न उन्होंने कहा कि 2600 रू जो ये कांग्रेस सरकार दे रही है उसमें से 2200 रू केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार दे रही है और 400 रू को भी ये सरकार किस्तों में कर्ज लेकर दे रही है, उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में हर तरफ विकास हो रहा था आज कल सभी सरपंच अपने पंचायतों में विकास कार्य के लिए भटक रहे हैं,नेता प्रतिपक्ष, जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि इतने बारिश के बाद भी आप सभी की इतनी ज्यादा उपस्थिति ही परिवर्तन की ओर इशारा कर रही है यह उत्साह और आप सभी के जोश को देखकर यह पूरे विश्वास के साथ बोलता हूं की परिवर्तन यात्रा का परिणाम है कि अब तो गांवों में हमारी माताएं भी बोलने लग गई है अब नई सहिबो बदल के रहिबो संबोधन के क्रम में आज इस यात्रा के मुख्य वक्ता केंद्रीय रेल राज्य मंत्री आर एस पाटिल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को अटल बिहारी वाजपेई ने इसलिए बनाया था की यहां का सर्वांगीण विकास हो प्रदेश में भाजपा सरकार की सरकार जब तक रही तब तक अटल जी के सपनों पर काम भी हुआ लेकिन छत्तीसगढ़ वासियों को झूठ बोलकर कांग्रेस की ये जो सरकार चल रही है उसमें सिर्फघोटाला ही हो रहा है इस सरकार की सह प्रदेश के जो युवा मेहनत करके पीएससी की तैयारी करते हैं उसमें भी इन्होंने फर्जी भर्ती कर दी जिसे कोर्ट ने अपना फैसला देकर सरकार की करनी को उजागर कर दिया है केंद्र की मोदी सरकार ने पहले दिन से गरीब, आदिवासियों और पिछड़ों सहित सभी वर्गों का विकास किया है चाहे सभी का बैंक एकाउंट खोलने की बात हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि या कोरोना काल में सभी का टिकाकरण सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास आधारित विकास नरेन्द्र मोदी की सरकार कर रही है,इस आमसभा में सांसद गुहाराम अजगले,गिरधर गुप्ता मोतीलाल साहू, नवीन मार्कण्डेय, जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा,गुरूपाल सिंह भल्ला, राम अवतार अग्रवाल,प्रीतम गबेल,रमेश सिंघानिया, विद्या सिदार, टिकेश्वर गबेल,गगन जयपुरिया, मंडल अध्यक्षगण संतोष राठौर,प्रभाष सिंह, अनूप अग्रवाल,प्रेम पटेल, महामंत्रीगण दीपक ठाकुर, गेंदराम मनहर, अमन डालमिया,गोविंद देवांगन,,नटवर नेताम,रवि गबेल, रामाधीन राठौर,पहलवान महंत,संजय राम चन्द्र,संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव,अंकित अग्रवाल, युवा मोर्चा से अभिषेक शर्मा, जयप्रकाश साहू, गौतम शर्मा, योगेंद्र साहू,गोविंदा साहू, गीता बनाफर, राहुल जायसवाल, अंजनी जिंदल, जयकिशन केडिया, अमित कलानोरिया, गोपाल जोशी, महाबीर राठौर,हेत राम देवांगन, भुवन भास्कर यादव ,के के देवांगन,अन्नपूर्णा राठौर कमलेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

# राजकुमार ने बेस बाल राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला सक्ती का नाम रोशन किया



पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

23 वी राज्य स्तरीय बेस बॉल19 में बालक जो कि 22से 25सितंबर 2023 को बिलासपुर में आयोजित था जिसमे नवीन जिला शक्ति के प्रतिनिधित्व करते हुए शा उम विद्यालय कुटराबोड राजकुमार सिदार, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान अर्जित किया इसकी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार, प्राचार्य जी पी कमलेश, कोच खगेश कुमार भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए शाला के प्राचार्य एवं सभी स्टाप ने बुके से राजकुमार सिदार का स्वागत किया जिससे कि क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# नितीश भारद्वाज ने धर्म परिवर्तन पर जमकर दी दलील

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




स्थानीय गांधी मैदान में संस्कार भारती के द्वारा आयोजित हमारी संस्कृति हमारी पहचान कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे नितीश भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान के लोगों को सनातन धर्म के बारे में समझने एवं बताने की जरूरत है जिसकी शुरुआत मै रामानुजगंज से कर रहा हूं। महाभारत एक टीवी धारावाहिक का नाम है जो बी.आर.चोपड़ा द्वारा निर्मित और उनके पुत्र रवि चोपड़ा के द्वारा निर्देशित किया गया था। दूरदर्शन चैनल पर 45 मिनट के लगभग का यह प्रसारण 2 अक्टूबर 1988 से 24 जून 1990 तक किया गया था। इसी महाभारत सीरियल में नितीश भारद्वाज को भगवान श्री कृष्ण के रूप में भूमिका निभाने की जिम्मेदारी मिली थी इसके बाद से नितीश भारद्वाज काफी पॉप्युलर हो गए जिनकी ख्याति हिंदू धर्म स्वलंबियों सहित अन्य धर्म के लोगों में इनकी एक विशेष पहचान बन चुकी है। इन्होंने स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार भारती का मै राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हूं और अपने देश में और सनातन धर्म के बारे में लोगों को समझने एवं बताने की जिम्मेदारी हमें सौंपी गई है जिसकी शुरुआत मै रामानुजगंज से करने जा रहा हूं। उन्होंने धर्म परिवर्तन के मामले में अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पशुओं की पक्षियों की,प्राणियों की,वन संपदा की,प्रकृति की सबका एक धर्म है उनमे से किसी का धर्म परिवर्तन करके दिखाएं उसके बाद मनुष्यों का धर्म परिवर्तन करने की बात करें। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश की तारीफ करते हुए कहा कि भगवान श्री राम के ननिहाल में आकर मैं काफी प्रसन्न हूं अभी बनारस से मैं जब रामानुजगंज आ रहा था तो रास्ते में घनघोर जंगल बड़े-बड़े बृक्ष देखने को मिला जिसका फोटो मैंने अपने परिवार संग शेयर किया तो उनका कहना था कि मैं भी उस जगह को देखने के लिए जरूर चलूंगा। इन हरे भरे वादियों की जितनी तारीफकी जाए वह कम ही होगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति क्या है हमारे सनातन शब्द का अर्थ क्या है इसे कितने लोग जानते हैं यह संस्कृति के दो शब्दों की संधि है जिसे यह सब लोगों को समझाना पड़ेगा लोगों को सनातन धर्म के बारे में समझाने और जागरूकता लाने की जरूरत है। क्योंकि समाज में जो वर्ग अचेत है उनकी चेतना को जागृत करना अति आवश्यक है इस परंपरा को निर्वहन करने के लिए मैं एक दूत रूप में काम कर रहा हूं और आगे भी कराता रहूंगा ।

# गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



हैदराबाद में आयोजित 37 वें वार्षिक चैप्टर कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को ÷बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड÷ प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी को तेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया।

एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा, क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर जिले को 5 करोड़ 53 लाख से अधिक विकास कार्यो की सौगात दी



पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर जिले को 10 विभिन्न कार्य हेतु 5 करोड़ 53 लाख 19 हजार रूपए की लागत से विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होने अपने निवास कार्यालय रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उक्त कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें जल जीवन मिशन अर्न्तगत हर घर जल प्रमाणन के तहत भैरमगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत रानी बोदली को 98.53 लाख, ग्राम पंचायत तालनार को 98.9 लाख, भोपालपटनम ब्लाक के ग्राम पंचायत भद्रकाली 35.31 लाख, चंदूर को 49.89 लाख, गोटाईगुड़ा को 24.77 लाख, ग्राम पंचायत वाडला को 20.92 लाख, विकास खंड बीजापुर के मिड़ते को 72.82 लाख, संतोषपुर को 22.68 लाख एवं उसूर ब्लाक के चिंताकोंटा को 71.83 लाख एवं नुकनपाल को 57.54 लाख रूपए शामिल है। इस अवसर पर जिला कार्यालय के एनआइसी कक्ष से क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डीसी नारनोरे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी जुड़कर लोकार्पण/ भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सिद्धिविनायक समिति ने किया भंडारे का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित सिद्धि विनायक समिति के अमित जायसवाल प्रिंस जायसवाल विसु जायसवाल भोलू जायसवाल छोटू जायसवाल रमन रजत अमरेश मिंज माखन गुप्ता के द्वारा राधेश्याम मिनी टाउन हॉल में गणेश प्रतिमा स्थापित कर विद्यवत प्रतिदिन पूजा पाठ करने उपरांत प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। समिति के द्वारा इसी कड़ी में भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल पार्षद अशोक जायसवाल विजय रावत एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूपवंती जायसवाल सहित अन्य लोगों के द्वारा संध्या के समय आरती उपरांत अयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

# राज्य सरकार नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने सामाजिक समरसता के साथ कर रही है काम:विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत कौशलपुर मोहरेंगा में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैलचीत्र में माल्यार्पण कर शा. हाई स्कूल में प्रयोगशाला लोकार्पण 07 लाख रुपए सहित कबीर सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख,सतनाम सामुदायिक भवन 6.50 लाख,सिन्हा समाज सामुदायिक भवन 03 लाख, कृष्ण मंदिर जीर्णोधार 02 लाख,शाला भवन जीर्णोधार 04 लाख, हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष 7.62 लाख रूपए के विकास कार्यों की नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गो की विकास एवं उन्नती के कार्य कर रही है, राज्य सरकार हमारे पुरखों के बताएं आदर्शों पर चलकर कार्य कर रही है, राज्य सरकार सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम रह रही है, नीचले तबको के साथ सभी वर्गों का विकास होगा तो प्रदेश और देश का विकास होगा 2018 के विधानसभा चुनाव आप सभी के आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी प्रचण्ड बहुमत के साथ जीत अर्जित कर सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपथ लेते अपने मंत्री मंडल' के बैठक कर हमारे भूंइया के भगवान' किसानों के हित में फैसला लिया भूपेश की सरकार ने किसानों का अल्पकालीन कृषि लोन माफकिया, साथ ही 2500 रूपए की समर्थन मूल्य में धान खरीदने का फैसला लिया,जब किसान ऋण मुक्त, चिन्ता मुक्त होकर समृद्ध होंगे, तब गांव और प्रदेश भी समृद्ध होगा,इसी का परिणाम है कि देश में मंदी की स्थिति के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, यहां के किसान, व्यापारी खुशहाल है,ग्राम मोहरेंगा में लगातार विकास कार्य प्रगति पर है, चाहे स्वास्थ्य की बात,चाहे शिक्षा की बात हो चाहे रोड़,नाली, पुल निर्माण कार्य की बात हो,गांव में विकास की बात हो लगातार मोहरेगा विकास कार्य प्रगति पर है।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की जिसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटी, डेट और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है। फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। नया फंड ऑफर गुरुवार, 28 सितंबर, 2023 को निवेश के लिए खुलेगा और गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे बंधनम्यूचुअल.कॉम पर किया जा सकता है। रिटायरमेंट को लेकर योजना बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य क्यों है के बारे में उपयोगी जानकारी देते हुए विशाल कपूर सीईओ, बंधन एएमसी लिमिटेड ने कहा कि आम लोगों की औसत आयु में लगातार बढ़ोतरी, जीवन यापन की बढ़ती लागत और बढ़ती हेल्थकेयर मुद्रास्फीति निवेशकों की बचत को कम कर सकती है, जिससे रिटायरमेंट की योजना बनाना प्रासंगिक हो जाता है। उनका कहना है कि आम तौर पर रिटायरमेंट योजना बनाने के लिए रूढ़िवादी दृष्टिकोण वाले निवेशक मुद्रास्फीति को मात देने के लिए संघर्ष करते हैं और अपने खर्चों को पूरा करने के लिए धन की कमी का सामना करते हैं। हालांकि रिटायरमेंट के बाद समान जीवन स्तर बनाए रखना जरूरी है, लेकिन तैयारियों की कमी एक बड़ी रिटायरमेंट फंड बनाने की यात्रा को पटरी से उतार सकती है।

# भारतीय ग्राहक इस त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी करने और ज्यादा खर्च करने के लिए बेहद उत्साहित और आशावादी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के मुताबिक, पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है; 78प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 68 प्रतिशत उपभोक्ताओं के लिए Amazon.in उनका पसंदीदा और सबसे सुविधाजनक ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य है और लगभग आधे लोगों ने Amazon.in को त्योहारी खरीदारी के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन ब्रांड माना है, 75 प्रतिशत उपभोक्ताओं को Amazon.in पर उत्पादों और ब्रांडों का सबसे विशाल संग्रह मिलता है। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुए, अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि पूरे भारत में उपभोक्ता Amazon.in को सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य मानते हैं। एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




नया रायपुर में स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान देने के साथ, विश्वविद्यालय लगातार एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार देश के शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों में स्थान पर रहा है। 25 सितंबर, 2023 को, कलिंगा विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय ने डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी (प्रिंसिपल), फार्मेसी संकाय के मार्गदर्शन में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना अंगदान महादान विषय पर परिसर के भीतर निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन अरबिंदो नेत्रालय,रायपुर के सहयोग से किया गया था। डॉ. निकलेश दलाल (डीएनबी नेत्र रोग विशेषज्ञ) और डॉ. प्रज्ञा चंद्रवंशी (डीएनबी नेत्र रोग विशेषज्ञ) नेत्र जांच शिविर के संसाधन व्यक्ति थे। नेत्र परीक्षण शिविर में कलिंगा विश्वविद्यालय के लगभग 242 छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और आसपास के गांवों के निवासियों ने भी नेत्र शिविर से लाभ उठाया। नेत्र परीक्षण शिविर के साथ-साथ अंगदान महादान विषय के तहत स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण में रसायनज्ञों (केमिस्टों) की भूमिका और अंगदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पलौद गांव में एक रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार मिश्रा, सुदीप मंडल, डॉ. सेमोंटी नंदी, प्रांजुल श्रीवास्तव, रजनी यादव, सौरभ शर्मा, सुजयस्वर्णकार और शारंग बाली ने किया। कार्यक्रम का समापन फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। हम इस नेत्र-जांच शिविर के आयोजन में इस सहयोग के लिए अरबिंदो नेत्रालय को धन्यवाद देते हैं।

# मैट्स विश्वविद्यालय न किया जी-20 पर सिम्पोजियम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा G-20 पर सिम्पोजियम का आयोजन मैट्स विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय प्रबंधन संस्थान के प्रोफेसर डॉ संजीव पराशर थे उन्होंने सत्र में महाभारत से उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर व्याख्यान दिया एवम भारत के त्न-20 में योगदान के बारे में भी प्रत्यक्ष रूप से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ के पी यादव ने त्न-20 में भारत के अतुलनीय योगदान तथा भारत की अध्यक्षता उसकी चुनौतियों अथवा उसके निदान के बारे में अवगत कराया मैट्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव गोकुलानंद पांडा ने भारत में त्न-20 समिट आयोजन पर विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग प्रमुख डॉ उमेश गुप्ता ने की उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सिम्पोजियम के उद्देश्य को समझाया सत्र में विभाग के बीकॉम एमकॉम बीबीए एमबीए के छात्रों द्वारा जी-20 के विविध आयामों पर प्रेजेंटेशन हुआ तथा कार्यक्रम का समापन प्रश्न सत्र तथा फोटो सेशन के साथ हुआकार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया उपकुलपति डॉ दीपिका ढांड महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की तथा भविष्य में भी इस तरह के ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने हुए विभाग को प्रोत्साहित किया।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा के विद्यार्थियों द्वारा किया गया शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



21सितंबर को सेंट जेवियर्स के कक्षा छठवीं से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सी.एस.पी.टी.सी.एल. (ट्रांसमिशन यार्ड) कोटा, ले जाया गया जहां सभी विद्यार्थियों ने बिजली के उत्पादन तथा वितरण की बारीकियो को समझा। बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए बिजली विभाग के अधिकारी लतेलराम डहरिया (टी ए, ग्रेड 2) जी ने बच्चों के उत्सुक सवालों का उत्तर दिया तथा तकनीकी पहलुओं को समझाया। विद्यार्थियों ने ट्रांसफार्मर, कैपेसिटर, ट्रांसमिशन लाइन, सर्किट ब्रेकर आदि उपकरणों के बारे में समझा तत्पश्चात बच्चों ने कंट्रोल रूम का भ्रमण किया जहां के अधिकारियों ने उन्हें बिजली के नियंत्रण तथा सुरक्षा उपकरणों से अवगत कराया। यह देखकर सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित हुए। शैक्षणिक भ्रमण में उपस्थित सभी शिक्षकों ने भी अधिकारियों से कई सवाल पूछे तथा विद्यार्थियों को निकट भविष्य में बिजली विभाग में नौकरियों के अवसर से भी अवगत कराया। यह शैक्षणिक भ्रमण सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। भ्रमण के अंत में सभी विद्यार्थियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया तथा विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों ने अपने अनुभवों को विद्यालय की हेड मास्टर मधु मालिनी जॉन मैडम से साझा किया जिस पर उन्होंने कहा कि आगे भी हम इसी तरह के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों में व्यवहारिक ज्ञान का

# जयपुर रग्स ने रग उत्सव, 2023 का इनॉग्रेशन किया कलात्मकता, शिल्प कौशल और शिक्षा का उत्सव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है। जयपुर रग्स कस्टमर को धुरी, हैंड टफ्टेड, हैंडलूम और हैंड नॉटेड और मनचाहा कलेक्शन पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट के साथ शानदार क्रॉफ्टमैनशिप की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित कर रहे है। ये पहली बार है कि जयपुर रग्स का बहुप्रशंसित चुनिंदा मनचाहा कलेक्शन विशेष रियायती कीमतों पर उपलब्ध होगा। जो ग्राहकों को उत्कृष्ट कारीगरी के काम को अपने घर ले जाने का मौका देता है। जयपुर रग्स ग्रामीण कुशल बुनकरों के साथ बातचीत करके एक अनूठे मौके में शामिल होने के लिए कस्टमरों को आमंत्रित कर रहा है। विभिन्न जयपुर रग्स स्टोर्स पर, आप रग बनाने की कला में सीख सकते हैं और यहां तक कि ग्रामीण कारीगरों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में टफ्टिंग में भी अपना हाथ आजमा सकते हैं। कस्टमरों को विभिन्न प्रकार की रग कैटेगरी पर 10 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है।


**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक/ /बी- 121/2022 2023
रायपुर, दिनांक 11/09/2023

ग्राम मोवा, प.ह.नं.109/45
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय के. दीक्षित संपादक एनपीजी न्यूज द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45, तहसील व जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 871 रकबा 7500 वर्गफुट भूमि को एनपीजी न्यूज को ऑफिस के लिए भूमि आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 29/09/2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Surendra Kumar Rathore S/o Chandrika Prasad Rathore R/o Ward no-11, M.No-231, Maa Kali Darbar, Naila-Janjgir, Janjgir, Chhattisgarh-495668 have changed my name and I shall hereafter be known as SWAMI SURENDRANATH

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)**
**( जल जीवन मिशन )**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना // (निविदा आमंत्रण सूचना)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य-पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्व.यां.विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ **मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तो के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा।** जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | कॉल | कार्य की अनुमानित (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 596/20.09.2023 | 147967 | GHUMRA & KAIKA | 2nd call | 42.60 | 31950/- |
| 2 | 597/20.09.2023 | 147954 | KORJED & DHANGOL | 2nd call | 31.04 | 23280/- |
| 3 | 598/20.09.2023 | 147961 | TAKILOUD | 7th call | 50.11 | 37583/- |
| 4 | 599/20.09.2023 | 147964 | BANGOLI | 5th call | 19.12 | 14340/- |
| 5 | 600/20.09.2023 | 147966 | PARKELI | 6th call | 14.85 | 11138/- |
| 6 | 601/20.09.2023 | 148156 | REKHAPALLI | 2nd call | 33.88 | 25410/- |
| 7 | 602/20.09.2023 | 148157 | ITAMPAR | 4th call | 17.79 | 13343/- |
| 8 | 603/20.09.2023 | 148158 | DURDHA | 4th call | 28.27 | 21203/- |
| 9 | 604/20.09.2023 | 148160 | BELANENDERA | 4th call | 16.33 | 12248/- |
| 10 | 605/20.09.2023 | 148161 | BELNAR | 5th call | 51.66 | 38745/- |
| 11 | 606/20.09.2023 | 148162 | KAURGATTA | 6th call | 30.97 | 23228/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) क्रमांक 01 से 05 तक दिनांक 20.10.2023 क्रमांक 06 से 11 दिनांक 30.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid Start date) क्रमांक 01 से 05 तक 22.09.2023 एवं क्रमांक 06 से 11 तक 25.09.2023 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर

G-05689/5


# ताड़कासुर वध, महाभारत सहित रुद्रावतार होगा विशेष आकर्षण
# कल शहर में निकलेंगी तीन दर्जन से अधिक झांकियां

- विसर्जन झांकियों को कलाकार दे रहे अंतिम रूप
- शिव , महाकाल पर आधारित विषयों पर झांकियां ज्यादा
- श्रीराम-कृष्ण व पाताल भैरवी की भी दिखेगी झलक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूरे देश में गणेश विसर्जन झांकियों के लिए प्रसिद्ध संस्कारधानी में झांकियों की तैयारियां तक़रीबन पूरी हो चुकी हैं । संस्कारधानी के सबसे बड़े त्यौहारों में शामिल गणेश पर्व पर निकलने वाली विसर्जन झांकियों को लेकर अब तैयारी अंतिम दौर पर पहुंच गई है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष शहर में अधिक झांकियां निकाली जाएंगी। गौरतलब है की पिछले वर्ष तक़रीबन बाइस झांकियां शहर में निकली थीं लेकिन इस दफे तीन दर्जन से अधिक झांकियां निकलने वाली हैं जिसे लेकर आम जनता में खासा उत्साह है। इस बार झांकियों को लेकर लगी समितियों में शिव आधारित विषयों की अधिक रूचि दिखाई दे रही है। हर दूसरी झांकी में भगवान शिव से जुड़े विषय पर आधारित झांकी बनाई जा रही है। साथ ही साथ ताड़कासुर वध , महाभारत की झलक एवं रुद्रावतार भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे । गौरतलब है की है कि राजनांदगांव में विसर्जन झांकी की परंपरा लगभग 80 साल पुरानी है, तब से लेकर अब तक हर साल गणेश विसर्जन झांकियों के साथ होती है। झांकी निकालने वाली कई समितियां शुरूआती दौर से अब तक परंपरा निभा रही है। यही कारण है कि शहर के भीतर स्थित गणेश समितियों के साथ ही हर कोने से झांकियों को लेकर तैयारी की जा रही हैं। विसर्जन झांकियों को लेकर ही राजनांदगांव पूरे देश में प्रख्यात रहा है, लेकिन अब साल दर साल शहर में विसर्जन झांकी स्वयं तैयार करने वाली समितियों में कमी आई है। आलम यह है कि 60 फीसदी समितियां दुर्ग-भिलाई, रायपुर और अन्य शहरों से बनी हुई झांकी किराए पर लाने लगी है। ऐसे में शहर की इस पुरानी परंपरा पर भी काफी असर पड़ा है। विसर्जन झांकी के निर्माण से षहर में हजारों लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलता है। मूर्ति तैयार करने वाले से लेकर मूर्ति सजाने, आर्च तैयार करना और उसे कलर करना, लाईटिंग करना सहित अन्य कामों के लिए समितियां लोकल लोगों पर ही निर्भर रहती है। करीबन दो से तीन हजार लोग इस काम में जुटें रहते हैं।



## इस बार झांकियां हुई मंहगी लागत में आई बढ़ोत्तरी

समय के साथ प्रति झांकी के निर्माण में होने वाला खर्च भी बढ़ा है। इस बार शहर में निकाले जाने व करीबन 40 झांकियों के लिए इसके लिए समितियां दो से ढाई करोड़ रुपए खर्च कर रही है। पहले एक झांकी का निर्माण 2 से ढाई लाख रुपए में होता था, लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण अब दो जीप वाली एक झांकी को तैयार करने में तकरीबन 4 से 5 लाख रुपए तक का खर्च आ रहा है। बावजूद इसके विसर्जन झांकी की संख्या दस साल में दोगुनी हो गई है।


## ईद का जुलुस दोपहर एक बजे तक, उसके बाद से विसर्जन




पुलिस व् जिला प्रशासन द्वारा ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नवी) एवं गणेश विसर्जन/झांकी त्यौहार को आपसी भाई चारे व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में ली गई। बैठक में निर्णय लिया गया है की दिनांक 27.की रात्रि से शहर के मार्गो में लगे गेट/लाईटिंग-झालर निकलवा दिए जाएंगे और दिनांक 28 को प्रातः से दोपहर 01.00 बजे तक शहर में ईद का जुलुस निकाला जाएगा उसके बाद लोग विसर्जन के लिए जा सकेंगे एवं रात्रि 7.00 बजे के बाद गणेश झांकी शहर के विभिन्न चौक चौराहो से होते हुए में निर्धारित मार्ग से निकाला जायेगा।

## रूट चार्ट जारी , इन मार्गों से निकलेंगी झांकियां

गणेश विसर्जन/झांकी का रुट चार्ट तय कर दिया गया है । 28 सितंबर रात्रि को झांकी निकलेगी जो मुख्य निर्धारित मार्ग गुरुद्वारा चौक से प्रारंभ होकर फवारा चौक, मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक से कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग होते हुए तिरंगा चौक पहुंचेगी उसके बाद गंज चौक होते हुए शहर से बाहर निकलेगी कुछ झांकियां शहर के अंदर से प्रारंभ होगी वह सब भी भारत माता चौक में अन्य झांकियां के साथ मिलकर कामठी लाइन होते हुए आगे उसी निर्धारित मार्ग पर चलते हुए गंज चौक जाएगी । झांकी के समय स्टेट स्कूल ग्राउंड, दिग्विजय क्लब, टांकापारा, म्युनिसिपल स्कूल, पुराना अस्पताल, सांईस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल में यातायात पुलिस द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



## हुड़दंग करने वालों पर रहेगी नजर, हर समिति को बनाने होंगे अपने वालिंटियर

विसर्जन झांकी को लेकर प्रशासन ने भी अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है । इसको लेकर बैठक ली गई। जिसमें सभी विषयों पर चर्चा कर शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन की रणनीति तैयार की गई है। बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु डीजे साउंड सिस्टम, गणेश समिति के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रतिनिधियों से झांकी के दिन, झांकी प्रारंभ स्थल, रूट, शहर से बाहर निकलने-विसर्जन के संबंध में यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा डीजे संचालकों से ध्वनि का निर्धारण के संबंध मे विस्तार से चर्चा की गई।

# रीपा में रंगोली व पोस्टर बनाकर स्वीप की शपथ

## अमलीडीह गौठान में सौ फीसदी वोट का संकल्प



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिलेभर में जारी मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के अमलीडीह गौठान में संचालित रीपा में रोजगाररत महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय महिलाओं द्वारा 100 प्रतिशत वोटिंग करने व अपने गाँव में मतदाता को जागरूक करने की शपथ ली। सर्वप्रथम स्वीप के अन्तर्गत महिलाओं में रीपा में रंगोली व पोस्टर बनाकर जागरूक किया। महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा भी लगाया। स्वीप कार्यक्रम में एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, सीईओ जनपद पंचायत नवीन कुमार, एबीईओ रश्मि ठाकुर, दीपक, टिकेश्वरी, महिला समूह की पीआरपी, एसी सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ प्रतिमा का अनावरण



पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में पार्षद भिझेश यादव के सौजन्य से समाज सुधारक एवं शिक्षाविद स्वामी आत्मानंद की प्रतिमा का अनावरण जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कराया गया। जानकारी अनुसार पूरे प्रदेश में जितने भी आत्मानंद स्कूल संचालित है उसमे गंडई विद्यालय पहला विद्यालय है जहाँ प्रतिमा का अनावरण हुआ है। कार्यक्रम को लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, भिगेश यादव एवं एसडीएम रेणुका रात्रे ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में वार्ड क्रमाक 01 में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसमे साहू समाज के लिए 6 लाख 76 हजार, पटेल समाज के लिए 5 लाख 89 हजार, सर्व मांगलिक भवन महार समाज के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख 34 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# पुष्पेंद्र गोंडवाना यूथ क्लब के ब्लॉकाध्यक्ष नियुक्त



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय राजनांदगांव के आडोटोरियम में गोंडवाना यूथ क्लब के जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला गोंडवाना समाज के सामाजिक पदाधिकारियों के अलावा राजनांदगाँव दिग्गज कांग्रेसनेता कुलबीर छाबड़ा सहित शहर व जिला के जनप्रतिनिधिगण तथा समाजसेवीजन भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छत्राओं का सम्मान भी किया गया। उक्त बैठक में गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मंडावी ने पुष्पेंद्र नेताम को गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। पुष्पेंद्र के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेंद्र बोरकर, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन, राकेश साहू, रितेश राजपूत सहित गोंडवाना समाज के युवाओं ने बधाई दी है।

## पति की बेवफाई से क्षुब्ध नवविवाहिता ने दी जान इंदिरा आवास का मामला

**रायगढ़।** अपनी जान से अजीज जिस प्रेमी के लिये प्रेमिका ने घर द्ववार छोड़कर प्रेमी का हाथ थामा उसी प्रेमी की बेवफाई ने नवविवाहिता को इतना क्षुबध कर दिया कि उसने आहत मन से मौत को गले लगा लिया। प्रेमी की बेरूखी में मौत को गले लगा लेने का यह मामला किरोड़ीमल नगर पंचायत का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतरा रोड़ थाना अंतर्गत किरोड़ीमल नगर चिराईपानी इंदिरा आवास में निवासरत सरोज प्रधान 19 वर्ष का अपने ही पड़ोसी ओमिका यदुवंशी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था इसी क्रम में तीन माह पूर्व सरोज और ओमिका ने कोर्ट में शादी कर ली थी। शादी के बाद सरोज अपने ससुराल में रह रही थी।

# जातिगत समीकरणों के हिसाब से डोंगरगांव से बेहतर प्रत्याशी हो सकते हैं भरत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के 21 प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जिले के डोंगरगांव सीट में भी दावेदारों की होड़ मची हुई है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार जातिगत समीकरण और सोशल इंजीनियरिंग के एक नये फार्मूले पर अपने 2003 और 2008 की तरह फ्तह की आशा में तमाम सम्भावनाऐं तलाश रही है। इसके लिए भाजपा अपने कोर वोटरों और पुराने संघी मानसिकता के कार्यकर्ताओं का मन टटोलने में लगी हुई है। चूंकि इस सीट पर लगातार साहू समाज से कांग्रेस के दलेश्वर साहू निर्वाचित हुए हैं इसलिए इस बार भाजपा यहां साहू समाज के कोर मतदाताओं के अलावा लोधी समाज के बड़े वर्ग को साधने की कोशिश में लोधी समाज से उम्मीदवार उतारने की मंशा में है। भाजपा का यह प्रयोग सफल साबित हो भी सकता है क्यूंकि डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में लोधी समाज निर्णायक वोट साबित हो सकते हैं। लोधी समाज से चर्चित चेहरे के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा को जाना जाता है। संगठन में विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक कार्य करने के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में अपनी खास पकड़ रखकर सामाजिक सरोकारों में सक्रियता भरत वर्मा के लिए इस बार खास हो सकता है। चूंकि विधानसभा क्षेत्र के आखिरी छोर खैरा, टेका, हरदी से लेकर रामटोला तक लोधी मतदाताओं का एक बड़ा क्षेत्र डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में आता है और पूरे विधानसभा में लोधी मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग निवासरत है । खैरागढ़ में सामान्य वर्ग के उम्मीदवार की घोषणा के बाद लोधी वर्ग को प्रतिनिधित्व देने अब डोंगरगांव पर सबकी नजरें लगी हुई है। बीते 2018 के विधानसभा चुनाव की परिस्थितियां कुछ अलग रहीं जब राज्य सरकार के खिलाफएंटी इनकम्बेंसी के माहौल को छोड़ दें तब पूर्व के परिणाम में भी भाजपा प्रत्याशी निकटतम कांग्रेस उम्मीदवार से बमुश्किल हजार मतों से पराजित हुए अर्थात भाजपा के सुरक्षित वोटबैंक और कोर मतदाताओं के अलावा विशेषकर लोधी समाज के मतदाताओं को लेकर ध्रुवीकरण के प्रयोग में भरत वर्मा इस सीट से मुकम्मल प्रत्याशी साबित हो सकते हैं। चूंकि डोंगरगांव सीट में साहू मतदाताओं के बाद लोधी समाज की बड़ी आबादी है और इस वर्ग से फिलहाल भरत वर्मा की मजबूत दावेदारी की खबर है। समाज की ओर से प्रभावशाली चेहरे के साथ ही स्थानीय होने के चलते प्रत्याशी बनाने में पार्टी को लाभ दिख रहा है।

# 10 से अधिक समितियां निकालेगी विसर्जन झांकी, परमिशन लेने वालों को ही मिलेगी एंट्री

## दोगुने उत्साह के साथ 29 सितंबर की रात झांकी शहर में निकलेगी

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

गणेश विसर्जन की रात्रि पर शहर में चलित झांकी निकलेगी। कोरोनाकाल के चलते लगातार दो वर्षों तक पाबंदी रही और तीसरे साल में उत्साह फीका रहा। लेकिन इस वर्ष दोगुने उत्साह के साथ 29 सितंबर की रात झांकी शहर में निकलेगी। झांकी निकालनें को लेकर समितियों की बैठक प्रशासन के साथ हो चुकी है। समिति के सदस्यों को झांकी रूट व व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारी देते हुए निर्देशित किया गया है। शहर में विसर्जन की रात 10 से अधिक झांकियां निकलेगी। इसके लिए समितियों ने तैयारी शुरु कर दी है। परंतु प्रशासन ने साफ किया है कि एसडीएम दफ्तर से परमिशन अवश्य ले। अचानक रात में झांकी निकालने वाली समिति को एंट्री नहीं मिलेगी। इसलिए झांकी निकालने से एक दिन पहले परमिशन लेना अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रत्येक झांकी में 10-10 वालंटियर नियुक्त करने के आदेश भी समितियों को है। विद्युत लाइन को ध्यान में रखते हुए ही झांकी तैयार करने कहा गया है। इधर शहर की कई सड़कें खराब हालत में है। यानी झांकी हिचकोलें खातें हुए निकलेगी। अभी तक मार्गों की मरम्मत नहीं हुई है।



### निर्धारित साउंड में ही बजेगा डीजे, दिए निर्देश-गणेश विसर्जन व झांकी

समितियों से पुलिस ने चर्चा कर कहा है कि डीजे बजाने के लिए परमिशन लेना अनिवार्य है। झांकी समितियों के 10 सदस्यों के नाम पुलिस थाना में जमा कराने कहा। डीजे भी शहर के रूट के हिसाब से बांधनें कहा गया है। क्योंकि बड़े सेटअप रूट में फंस जातें है और पीछे की झांकी इससे प्रभावित होती है। सभी विसर्जन झांकी जयस्तंभ चौक से एंट्री करेगी। इसके बाद टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, भंडारी चाल होते हुए गोल बाजार से महावीर तालाब पहुंचेगी। जहां पर मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन में स्टार क्लब, थाना चौक, भगत सिंह चौक, गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति, गणेश उत्सव समिति कंडरापारा, गणेश उत्सव समिति कश्मीरी पारा, व्यापारी संघ, जेल रोड, मोहिनी बाबा, कालका पारा व कुछ अन्य समितियों द्वारा झांकियां निकाली जाएगी।

### वाहनों व जनरेटर की जांच पहले कर ही एंट्री करें

समितियों को प्रशासन ने निर्देश दिया है कि झांकी रूट में झांकी की एंट्री कराने से पहले वाहनों व जनरेटर की जांच बार-बार कर ले। रूट में खराबी आने पर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखे। ताकि पीछे की झांकियों को बाधा न पहुंचे। इसके अलावा झांकी में वालंटियर तथा अपने सदस्यों को ड्रेस कोड में रखे। ताकि व्यवस्था बनानें में सहयोग मिलें। वाद-विवाद से बचनें के लिए प्रत्येक समिति इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान रखेंगे। इसके अलावा अन्य गतिविधियों को लेकर समिति पहलें एक बार पूर्वाभ्यास करेंगे।

### अपराधिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

पिछली झांकियों से सबक लेते हुए पुलिस ने इस बार निगरानी व आदतन बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। अपराधिक गतिविधियों में संलग्न लोगों पर नजर रखने पुलिस सादी वर्दी में भी तैनात रहेगी। किसी भी तरह का हुड़दंग होने पर सीधे थाने ले जाया जाएगा। झांकी से पूर्व अवैध शराब बेचने वालों व चाकूबाजो के खिलाफ नकेल कसा जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में हुड़दंग करनें वालें लोगों पर विशेष रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई भी शुरु हो गई है।




# प्रदेश की पहली विधानसभा में विकास का दौर जारी, विधायक कमरो ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन




पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

प्रदेश की पहली विधानसभा का दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत में विकास कादौर निरंतर जारी है। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने मंगलवार को शासन की योजनाओं के तहत विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्राम पंचायतों में 16 करोड़ 73 लाख 38 हजार रूपए की एक बड़ी राशि से होने वाले बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। विभिन्न विकास कार्यों के साथ एनएच 43 से 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 4.02 किलोमीटर निर्माण कार्य का विधायक कमरो द्वारा भूमि पूजन किए जाने से सडक़ जैसी बुनियादी सुविधा को तरस रहे बटालियन में पदस्थ अफसर और जवानों के साथ उनके परिवार में खुशी देखी गई। विधायक कमरो ने जिन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया उनमें ग्राम पंचायत भल्लौर में बिहीडांड पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण 10 लाख एवं मिठाई लाल के घर के पास पुलिया निर्माण 5 लाख, हस्तिनापुर में पंचायत भवन के सामने इंटरलॉकिंग कार्य 7 लाख, कोड़ाकूपारा में शेड निर्माण डेढ़ लाख, चैनपुर में नाका के पास शेड निर्माण 5 लाख, एके नर्सिंग कॉलेज मार्ग में 300 मीटर सीसी रोड 7 लाख 80 हजार, एनएच से बटालियन मार्ग में डामरीकरण कार्य 4 करोड़ 64 लाख, बटालियन से चिमटीमार सडक़ निर्माण 5 करोड़ 1 लाख, स्वास्थ्य आवासीय कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, लालपुर बसोरपारा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख 20 हजार, चौघड़ा में सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख 20 हजार, चनवारीडांड में सेन समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, मलाईभट्ठा में सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, मुक्तिधाम में शेड निर्माण डेढ़ लाख, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार सिद्धबाबा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने फर्शीकरण एवं प्लेटफॉर्म निर्माण 19 लाख 97 हजार, सलवा के खेरिया डबरा में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, पेण्ड्री में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, घुटरा में सीसी रोड निर्माण 5 लाख 20 हजार, आरसीसी पुलिया निर्माण 18 लाख 14 हजार, सोनहरी में ग्राम नगवा से सोनहरी पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य 5 लाख, बाला में पुलिया निर्माण कार्य 5 लाख, गरूडड़ोल के ग्राम बालशिव में बियाझोरखी नाला सीसी रोड निर्माण 5 लाख, मुसरा में पुलिया निर्माण 7 लाख, बाही में सीसी रोड निर्माण कार्य डेढ़ लाख एवं ग्राम पंचायत महाई में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, रतौरा धर्मपुर मार्ग निर्माण 5 करोड़ 40 लाख एवं सिंचाई नाली निर्माण कार्य 12 लाख 97 हजार कुल 16 करोड़ 73 लाख 38 हजार रूपए के निर्माण कार्य शामिल हैं। इस दौरान जनपद सदस्य कृष्णा सिंह, कमली बाई, कविता दीवान, सुभागिनी राय एवं रम्मी बाई तथा सरपंच ज्योति सिंह, सोनमती, उजित नारायण, महेंद्र सिंह, गौरी, संतोष गोंड़, मीरा बाई, नारायण, सुशीला गोंड़, अनीता चेरवा, सुनीता, शिवप्रसाद सिंह, बलदेव सिंह, राजाराम व अगसिया गोंड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जनसंपर्क कर विधायक ने दी योजनाओं की जानकारी विकास कार्यों के भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# डेड़ साल से आंगनबाड़ी केंद्र बंद, ग्रामीणों का आरोप सिर्फ झंडा फहराने आते हैं कार्यकर्ता और सहायिका

- सेक्टर सुपरवाईजर ने कहा, वजन त्यौहार के वक्त जाते हैं, ग्रामीण अंजान

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मानदेय में बढ़ोतरी होने के बाद भी आंगनबाड़ी केद्रों की हालत खराब होती जा रही है।

बच्चों को खाना खिलाने के 12 बजे छुट्टी दे दी जाती है और दोबारा नहीं बुलाया जाता है। ऐसा रोजाना चलता है। मनोरा विकास खंड के आस्ता क्षेत्र के ग्राम पंचायत गीधा के जुजकोना का आंगनबाड़ी केंद्र सालों से बंद पड़ा है। बच्चे को लेकर ग्रामीण खासे चिंतित हैं।



**जशपुर में रहती है कार्यकर्ता-** ग्रामीण विश्वनाथ, असर्थ, विष्णु राम, नेम राम, प्रभु राम, दिलीप राम ने बताया कि डेड़ साल से आंगनबाड़ी केंद्र बंद पड़ा है ना तो कार्यकर्ता तारा और न तो सहायिका रेणुका भगत केंद्र आते हैं। कई बार इस संबंध में विभाग को जानकारी दी गई है, लेकिन अब तक कोई पहल नही हुआ है। ग्रामीणों ने भी बताया कि कार्यकर्ता और सहायिका दोनों जशपुर में रहते हैं। 15 अगस्त और 26 जनवरी को सिर्फ झंडा फहराने आते हैं।

**पति की तबीयत खराब-**कार्यकर्ता से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि घर में पति की तबियत खराब होने से और निजी स्वास्थ कारणों से नहीं जा पा रही है। सेक्टर सुपरवाइजर जे. केरकेट्टा से बात करने पर उन्होंने बताया कि वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केंद्र जाते है। और ग्रामीणों का कहना है कि कोई न तो सुपरवाइजर न तो कार्यकर्ता न तो सहायिका केंद्र आते हैं।

## बिजली कर्मियों को एक सप्ताह बाद मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा फेडरेशन 1 के प्रतिनिधि मंडल को प्रबंधन ने किया आश्वस्त

**कोरबा।** बिजली कर्मियों के लिए आगामी 1 अक्टूबर से कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू हो जाएगी साथ ही केंद्र के अनुरूप सभी श्रेणी के कर्मचारियों को अब देय वाहन भत्ते पर महंगाई भत्ते का भी लाभ मिलेगा। द्विपक्षीय बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-एक के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया। विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा प्रबंधन को बिजली कर्मियों की विभिन्न लंबित मांग को लेकर पत्र सौंपा था। इसमें कई मांग पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल भी शुरू कर दी है। शेष मांग को पूरा करने प्रि या शुरू कर दी गई है। फेडरेशन के महामंत्री आर.सी. चेट्टी ने बताया कि प्रबंधन के साथ हुई बैठक में कर्मचारी हित में अनेक निर्णय लिए गए।

# पतंजलि की जिला स्तरीय बैठक संपन्न





पायनियर संवाददाता ➤ चिरमिरी
www.dailypioneer.com

महिला पतंजलि के तत्वाधान में आगामी 2 अक्टूबर को पतंजलि योगपीठ की मुख्य केन्द्रीय प्रभारी विदुषी आचार्या साध्वी देवप्रिया के रायपुर छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर महिला पतंजलि की राज्य सोशल मीडिया प्रभारी गीतांजलि पटनायक की उपस्थिति में बड़ा बाजार चिरमिरी के ऋषि कश्यप भवन में एक विशेष बैठक दोपहर 1 बजे आहूत की गयी। जिसमे उन्होंने जिले से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर आने की अपील की है। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के युवा सन्यासी स्वामी नरेन्द्रदेव जिले के प्रथम प्रवास पर आने पर युवा भारत के राज्य सोशल मीडिया प्रभारी संजय गिरि, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामसहोदर, गायत्री परिवार के अमर सिंह, पुष्पा रॉय, जगन्नाथ सविता,बजरंग दल के अभय जायसवाल,लायंस क्लब की मुनमुन जैन, दुर्गा वाहिनी की हेमलता, ओम योग समिति व पतंजलि परिवार की प्रवीण सिंह, बिनती अग्रवाल, संजय सेन सहित अन्य ने स्वामीजी सहित गीतांजलि दीदी का फूल मालाओं व् गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामीजी नें योग व सनातन पर अपने आशीर्वचन दिए।क्षेत्र में अच्छे योग सेवा के लिए स्वामी नरेन्द्रदेव व गीतांजलि दीदी नें योग सेवक संजय गिरि का फूल- माला से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला पतंजलि की सुनीता सोनी, सिमरन अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, सविता,शोभा चौहान, हेमलता, श्रुति, सुनीता शर्मा, आभा गुप्ता, पुष्पा रॉय, तुलसा दाहिया, मीना गुप्ता, अर्चना, विष्णुप्रिया, सतीश शर्मा,समर सिंह, कमला लहरे, निशा केशरवानी, प्रियंका खटीक, महेंद्र गुप्ता विनायक अग्रवाल, भोगीलाल, रामबाबू अग्रवाल, अरुण अग्रवाल लवकेश केसरवानी, अशोक केसरवानी, दिलीप गुप्ता, सुरेश पोखरियाल, अरुण वर्मा सहित सैकड़ों बहन- भाइयों ने हिस्सा लेकर रायपुर चलने की सहमति दी है। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रभारी युवा भारत सोशल मीडिया संजय गिरि नें किया।

# पोरतेंगा डीपाटोली से जुरतेला तक जाने वाली सड़क गायब, कीचड़ में चलकर मरीज पहुंचे हैं अस्पताल

## आश्वासन के बाद भी नहीं बन सकी सड़क, 4 ग्राम पंचायत के 9 ग्राम अधिक प्रभावित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सड़क की बदहाली से समूचे प्रदेश की जनता त्रस्त है। प्रदेश की पिछली सरकारों ने भी इस समस्या के समाधान पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। वर्तमान की सरकार भी पूरी तरह से समस्या को सुलझाने में विफल रही है। जशपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पोरतेंग डीपाटोली से जुरतेला ग्राम तक जाने वाली एक मात्र महत्वपूर्ण सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि बीमार पड़ने पर मरीजों को वे लोदाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते हैं। कीचड़ वाली सड़क से गुजरना भारी परेशानी में डालता है। गाड़ियां फंस जाती है। जैसे-तैसे मेहनत मशक्कत कर गाड़ी निकाला जाता है और कीचड़ पार करने के लिए मरीज को भी कभी-कभी पैदल पार होना पड़ता है।

### जनप्रतिनिधि भी भूले जिम्मेदारी

उक्त मार्ग के खराब होने से प्रभावित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि सड़क की हालत बेहद ही दयनीय है। जनप्रतिनिधि चुनाव के वक्त घोषणा करते हैं पर धरातल में काम कराने में ध्यान नहीं देते हैं। अस्पताल, बाजार, स्कूल कहीं भी जाने के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से उक्त मार्ग को फिलहाल चलने योग्य मरम्मत की गुहार लगाई है।

### ये गांव है प्रभावित

पोरतेंगा, डीपाटोली, हरिनलेटा, जोकारी, अम्बापानी, मांदरटांगा, ढोलडूबा, जुरतेला, बड़ा बनई, पिलखी आदि गांव के ग्रामीण सड़क की बदहाली से परेशान हैं। सभी ने सड़क की मरम्मत की गुहार कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल से लगाई है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ जनकपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी के द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद तथा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना तथा उसके उद्देश्यों और उसके महत्व के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया, उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 मे 24 सितंबर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य है, युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना का संचार करना तथा राष्ट्र निर्माण के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रुप में स्वयं को तैयार करना। समाज में व्याप्त छुआछूत, अन्धविश्वास,नशा का उन्मूलन, मतदाता जागरूकता, विधिक साक्षरता, यातायात सुरक्षा जागरूकता के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एस पी त्रिपाठी के द्वारा समाज सेवा के व्यवहारिक पक्षो के बारे में व्याख्यान दिया गया उनके द्वारा स्वयंसेवकों को जल संरक्षण और मृदा संवर्धन तथा जैविक खेती से सम्बंधित नवाचार में सहभागी बनने का संकल्प लेने तथा अपने जीवन को समाज के उपयोगी कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# लोनर हाथी पहुंचा ग्राम तनेरा वन अमला जुटा निगरानी में



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल में उत्पात मचाकर वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों के नाक में दम कर देने वाला खतरनाक लोनर हाथी पसान रेंज के जल्के सर्किल अंतर्गत ग्राम तनेरा पहुंच गया। दंतैल के यहां पहुंचने से ग्रामीणों में हडक़ंप मच गयी हैं। लोनर हाथी के क्षेत्र में आते ही वन विभाग की टीम भी सतर्क हो उसकी निगरानी में जुट गयी हैं। इस कार्य में हाथी मित्र दल के सदस्यों का भी सहयोग लिया जा रहा है। पसान रेंज में मौजूद 41 हाथियों के झुंड ने फिर उत्पात मचाते हुए सेमरहा सर्किल के ग्राम हरदेवा व बर्रा में कई ग्रामीणों की फसल रौंद दी है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के इस उत्पात से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वन अमला नुकसानी के सर्वे में जुटा हुआ है लेकिन हाथियों द्वारा बार-बार क्षेत्र में आने तथा फसल को नुकसान पहुंचाने के कारण आंकलन करने में दिक्कतें आ रही है क्योंकि हाथियों का झुंड क्षेत्र में उसी खेत को फिर रौंद दे रहा है, जहां पहले भी आकर फसल को नुकसान किया था।

इधर कोरबा वनमंडल के कोरकोमा, बताती क्षेत्र में सक्रिय 9 हाथियों का दल आगे बढकर् केराकछार पहुंच गया। हाथियों के दल ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों की फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिया है।

# मंत्री जयसिंह अग्रवाल के उपस्थिति व विकास सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



दर्री ब्लॉक के विभिन्न पार्टियों के 100 से ज्यादा साथियों ने राजस्व मंत्री व कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल के उपस्थिति में व विकास सिंह (सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी) एवं रमेश दास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश किए। इन युवा साथियों को कांग्रेस प्रवेश कराने में रमेशदास महंत, विवेक श्रीवास (महासचिव युवा कांग्रेस) व कमलेश गर्ग का विशेष सहयोग रहा। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किए गए विकास कार्यों से प्रभावित होकर दर्री क्षेत्र के भयसिंह कंवर (अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा) व प्रमोद कंवर (जिला महासचिव जनता कांग्रेस जोगी) ने अपने 60 साथियों ससीकांत, कृष्णा,बृजपाल, सूर्या आदिल, सीरीज,संदीप, शिवम, सुरेश पाल, विमलेश, अमित, विजय आदिल, विजय यादव,राजू, गजपाल, शेखर, महेंद्र, दुबराज,शत्रुघ्न, शुभम, अरविंद,अनुज, हेमंत, यशवंत, सूर्या, संजू, लव यादव, राहुल, श्रीकांत, चित्रपाल, रामचंद्र, करण,तेजपाल, बृजपाल, भूपेंद्र, मोहन दास, विशाल, रितेश, अनिकेत, सौरभ, अरुण, सुसील, नितेश कवर, कांता प्रसाद, निलेश कुमार महंत,अनिल दास, प्रवीण कवर, राजेश दास,विकास दास, आशीष दास, प्रशांत दास, सुकृत दास ने कांग्रेस प्रवेश किया। वार्ड क्रमांक 45 से दीप साहू व संत कुमार (भाजपा) अपने साथियों मनीष भारिया, मो. इफान, चंद्रप्रकाश, आदित्य साहू, शिवशंकर, आशुतोष यादव के साथ कांग्रेस प्रवेश किया।

## चिर्रा एवं कुदमुरा में खुलेंगे नवीन धान उपार्जन केंद्र

**कोरबा।** शासन द्वारा ग्रामीणों-कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफविपणन वर्षों के लिए निम्नानुसार स्थान में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की अनुमति प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत कोरबा जिले के अनुसूचित क्षेत्र ग्राम चिर्रा में एवं ग्राम कुदमुरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र संचालित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने हेतु विभिन्न आवश्यक कार्यवाही किया जाना है। जिन स्थानों पर मंडल/उपमंडी प्रांगण उपलब्ध है उनका उपयोग धान खरीदी हेतु किया जाए। धान खरीदी हेतु ऐसे स्थान चयन किया जाए, जहां पर्याप्त समतल एवं ऊंची भूमि उपलब्ध हो। नीची अथवा गड्ढे वाले भूमि का चयन न किया जाए। उपार्जन केन्द्रों के लिए डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य स्टॉक की व्यवस्था समितियों द्वारा की जायेगी। नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु कम्प्युटर सेट्स दो प्रिंटर, यू.पी.एस. 2 केव्हीए जनरेटर की व्यवस्था विपण संघ द्वारा की जाए।

# हर घर कांग्रेस अभियान पहुंचा वार्ड क्र. 18 एवं 05 में, प्रदेश सरकार की योजनाओं से सशक्त हो रही महिलाएंः सपना चौहान

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



हर घर कांग्रेस-घर घर कांग्रेस अभियान के पांचवे दिन जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस का दल नगर पालिक निगम के वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा एवं वार्ड क्र. 05 पुरानी बस्ती पहुंचा। हर घर कांग्रेस अभियान दल का नेतृत्व कर रही सपना चौहान ने बताया कि मोहल्ले-मोहल्ले जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर दी जा रही हैं। इस अभियान में वार्ड की महिलाएं भी कांग्रेस के समर्थन में दल के साथ शामिल हो रही हैं और कारवां बढ़ता ही जा रहा है। अभियान दल द्वारा कोरबा विधानसभा क्षेत्र में विधायक जयसिंह अग्रवाल द्वारा कराये गये उल्लेखनीय कार्य एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का आलेखमय पम्पलेट का भी वितरण किया जा रहा हैं। ज्ञातव्य हो कि कांग्रेस का हरघर कांग्रेस अभियान का यह पांचवां दिन था और दिनो-दिन इस अभियान को बेतहर प्रतिसाद मिल रहा है और हर मोहल्ले में इस अभियान को गति दी जा रही है। वार्ड क्र. 18 में हर घर कांग्रेस अभियान मे प्रमुख रूप से कुसुम द्विवेदी, सीमा उपाध्याय, सुनीता तिग्गा, मनीषा अग्रवाल, पूनम झा, नेमवती ठाकुर, फुलेश्वरी, शशि सिदार, सविता साहू, रोहणी डडसेना, त्रिवेणी मिरी सहित अन्य कांग्रेस नेत्रियां एवं वार्ड के कई सक्रिय समाज सेविकाएं एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## परिवर्तनी एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर के तत्वावधान में निशान यात्रा निकाली गई

**मनेन्द्रगढ़।** परिवर्तनी एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर के तत्वावधान में निशान यात्रा निकाली गई, जो नगर के सभी प्रमुख मार्गो से होते हुये श्री श्याम मंदिर पहुंची. उल्लेखनीय है कि बीते 3मई को रेल्वे परिक्षेत्र में भव्य श्री श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये. इस भव्य मंदिर में खाटू श्याम के साथ ही साथ श्री रानी दादी सती एवं श्री सालासर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की गई है. श्री श्याम मंदिर के प्रारम्भ होने से लेकर अब तक लगातार मंदिर पर क्षेत्र में विविध धार्मिक कार्य मों का आयोजन किया जाता रहा है. इसी कड़ी में भाद्र पद शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर निशान यात्रा निकाली गई.इसमें श्रद्धालु हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के जयकारा लगा रहे थे। बता दें कि इस अवसर पर मंदिर में श्री श्याम के दीवानों का ताता लगा रहा.



## गेवरारोड-रायपुर सहित 21 ट्रेनों को पुन: किया गया रद्द

**कोरबा।** रेलवे ने मेंटेनेंस और डेवलपमेंट के लिये पुनः 21 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ये गाड़ियां 26 सितंबर से 9 अक्टूबर तक नहीं चलेंगी, जिससे आम यात्रियों को खासी परेशानी होगी। एसईसीआर जोन के साथ ही दूसरे रेलवे जोन में डेवलपमेंट का काम चल रहा है। इसके तहत तीसरी और चौथी लाइन को जोड़ा जा रहा है। मेंटेनेंस के चलते लगातार ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। रेलवे की ओर से बताया गया हैं कि अलग-अलग सेक्शनों में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने और सुरक्षा संबंधी रखरखाव के लिए ट्रेन यातायात प्रभावित रहेगा। अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के तहत बापट्ला रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने का काम किया जाएगा। यह काम 26 सितंबर से 10 अक्टूबर होगा। जिसके कारण रेलवे ने कुछ गाड़ियों को कैंसिल कर दिया है। वहीं कई गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मनेंद्रगढ़ वासियों को दी एक और बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



नगर क्षेत्र में कई वर्षों से नजूल पट्टे के संबंध में जनता की मांग नहीं पूरी हो रही थी। कुछ माह पूर्व इस मामले को चेंबर के पदाधिकारियों द्वारा मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल के समक्ष रखा गया जिस पर डॉक्टर विनय जायसवाल ने भरोसा जताते हुए कहा कि मैं आप लोगों की बात उच्च नेतृत्व में रखूंगा और हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा यह मांग जरूर पूरी की जाएगी। जिस पर समय-समय पर विधायक डॉ विनय जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ पत्राचार कर बार-बार क्षेत्र में पट्टे की मांग की जा रही थी जिस सभी उक्त नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया और पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई । विधायक विनय जायसवाल द्वारा लगातार चेंबर के साथ इस मामले को आगे बढ़ने का कार्य किया गया, इन सबके सहयोग से मनेंद्रगढ के पट्टा धारियों की माँग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पूरी की और आज छत्तीसगढ़ कैबिनेट की बैठक इसे पास कर दिया गया है। जल्द ही इस संदर्भ में आदेश आप सबके समक्ष आ जाएगा, इस सौगात के लिए चेम्बर ने मुख्यमंत्री सहित सभी नेताओं का आभार प्रगट किया है।विधायक डॉ विनय जायसवाल ने कहा कि यह कार्य बीजेपी की सरकार में कभी संभव नहीं होता हमने इसके लिएभरपूर प्रयास किया है और जिसका परिणाम आज क्षेत्र की जनता के सामने है और आगे भी कांग्रेस की सरकार में क्षेत्र के हित के मुद्दों पर सकारात्मक फैसले होंगे. उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी, साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, जयसिंह अग्रवाल राजस्व मंत्री का आभार जताया।

# ठेठवार समाज के युवाओं ने जताया भूपेश पर भरोसा : सुशील सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड, 43 के गोवर्धन चौक में सुशील सन्नी अग्रवाल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल यादव, ठेठवार समाज के युवाओं के साथ भेंट मुलाकात करने पहुंचे। अग्रवाल का युवाओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किये। अग्रवाल ने युवा सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार सदैव युवाओं के विकास के लिए कार्य कर रही है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य ऐसा राज्य है जहां सबसे कम बेरोजगारी दर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कर्मकार कल्याण मंडल में युवाओं के लिए प्राथमिक शिक्षा से लेकर ऊंच शिक्षा तक की पढ़ाई के लिए योजनाएं बनाई गई है। मेरा सभी युवा साथियों से निवेदन है की इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल बनाएं, और छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाए।

इस अवसर पर समीर अख्तर, देवेंद्र यादव, मन्नू यादव, उत्तम साहू, नीलकंठ जगत, वीरेन्द्र देवांगन, कमलेश नथवानी, बंशी कन्नौजे, यादव समाज के निखिल यदु, ललित यदु, आकाश यादव सहित भारी संख्या में समाज के युवा साथी मौजूद रहे।





# खर्च बचा, समय बचा मितान योजना ने कीर्तिमान रचा

# 1,40,000

## सरकारी कागज़ात पहुंचे घर

14 नगर निगमों, 44 नगर पालिकाओं और 2 नगर पंचायतों में संचालित है योजना

टोल फ्री नंबर 14545 पर करें कॉल



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार

DPRChhattisgarh

Samvad-38713/1

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403